भोपाल, बुधवार 21 जनवरी 2026 ■ माघ मास शुक्ल पक्ष-06 ■ वर्ष : 12, अंक : 292 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 23 न्यून. 11 haribhoomi.com



प्रधानमंत्री मोदी नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को मिठाई खिलाते हुए


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नितिन नबीन को भेंट की महाकाल की मूर्ति

**नबीन ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला, पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी और कहा**

# मैं कार्यकर्ता हूं और नितिन नबीन मेरे 'बॉस'

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दी
- मप्र के मंत्रियों और नेताओं ने नितिन नबीन को पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



नरेंद्र मोदी

मंगलवार को नितिन नबीन ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में सभी को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रक्रिया से चलती है। उन्होंने कहा कि आज से नितिन नबीन ही हमारे अध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे यहां ▸▸ शेष पेज 6 पर

**नए नेताओं के लिए भाजपा एक मंच है। हमारे अध्यक्ष सबसे युवा हैं और ऊर्जा से भरे हुए हैं**



### राजनाथ सिंह अमित शाह और नड्डा की भी तारीफ

इस दौरान पीएम ने मंच पर बैठे राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा के अध्यक्ष कार्यकाल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह के दौर में ही भाजपा पूर्ण बहुमत से केंद्र में आई। फिर अमित शाह के अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा दूसरी बार केंद्र में पूर्ण बहुमत से आई। फिर जेपी नड्डा की लीडरशिप में भाजपा संसद से पंचायत तक मजबूत हुई।

**नबीन ने 20 मिनट के भाषण में कहा**

## ये पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है.. हमें अपने हिस्से का 'त्याग' करना होगा

नितिन नबीन ने कहा कि हमने कार्यकर्ता के तौर पर पीएम मोदी को देशसेवा के काम करते हुए देखा। आपको देख कर ही सीखा है कि जो व्यक्ति खुद को लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला बना सकता है,वही बड़ा शख्स बनता है। आपने कहा था कि हम जो विकास का काम करते हैं। लोग हमसे उम्मीद करते हैं। हमसे जुड़ते हैं। भाजपा के कार्यकर्ता कुछ नारों को जनसंघ के समय से गढ़ते थे- राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है, एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने वह समय देखा, जब अयोध्या में राम मंदिर ▸▸ शेष पेज 6 पर


MSN माता श्री नेत्रालय
1984 से निरंतर सेवा...
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### प्रजापति के बेटे ने पिता के बयान पर जताई आपत्ति



**भोपाल।** पूर्व विधायक आरडी प्रजापति के विवादित बयान को उनके बेटे भाजपा से पूर्व विधायक राजेश प्रजापति ने औचित्यहीन बताया है। उन्होंने इस बयान को समाज व्यवस्था बिगाड़ने वाली राजनीति बताया है।

### कान्हा नेशनल पार्क में फिर मृत मिला तेंदुआ



**मंडला।** जिले के कान्हा टाइगर रिजर्व में एक माह के भीतर तेंदुए की दूसरी मौत दर्ज की गई है। सोमवार रात किसली रेंज के मोचीदादर क्षेत्र में गश्त कर रहे वनकर्मियों को एक तेंदुए का शव मिला।

### मथुरा में 70 करोड़ की चांदी ले उड़े व्यापारी



**मथुरा।** मथुरा सराफा बाजार में अभी तक 2300 किलो चांदी जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 70 करोड़ रुपए है, गायब होने की जानकारी मिली है। उधर, पुलिस भी गायब व्यापारियों की तलाश में जुट गई है।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देर रात स्विटजरलैंड के दावोस पहुंचे**

**दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम: मप्र में कृषि और शिक्षा में जेमिनी एआई के उपयोग पर हुआ संवाद**

# गूगल करेगा मप्र में आईटी, आईटीईएस और डेटा सेंटर में निवेश, दिखाई रुचि

*सीएम डॉ. यादव आज दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पर्यटन क्षेत्र में निवेश पर केंद्रित सत्र को संबोधित करेंगे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गूगल के एशिया पैसिफिक क्षेत्र के प्रेसिडेंट संजय गुप्ता के साथ दावोस में मंगलवार को मप्र के अधिकारियों ने बैठक कर राज्य में आईटी, आईटीईएस सेक्टर और मौजूदा प्रस्तावित डेटा सेंटर परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। गुप्ता ने मप्र में आईटी, आईटीईएस और डेटा सेंटर में निवेश की रूचि दिखाई। बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला सहित अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देर रात स्विटजरलैंड के दावोस पहुंच गए। वे 21 जनवरी को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पर्यटन क्षेत्र में निवेश पर केंद्रित सत्र को संबोधित करेंगे। राज्य सरकार ने पर्यटन नीति-2025 एवं फिल्म पर्यटन नीति-2025 के माध्यम से निवेश प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और सतत पर्यटन विकास को नई दिशा दी है। फिल्म पर्यटन नीति-2025 के तहत मप्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ▸▸ शेष पेज 6 पर

**गूगल के एशिया पैसिफिक प्रेसिडेंट गुप्ता से हुई चर्चा**



एशिया पैसिफिक के अध्यक्ष संजय गुप्ता से चर्चा करते हुए मप्र के मंत्री व प्रतिनिधिमंडल

**सिंथेटिक मीथेन और लो-कार्बन ईंधन अवसरों पर हुआ मंथन**

### विकास भी, विरासत भी का दूरदर्शी दृष्टिकोण

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मोदी के विकास भी, विरासत भी के दूरदर्शी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर मप्र ने पर्यटन को समावेशी और सतत विकास के सशक्त माध्यम के रूप में विकसित किया है। ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 05 व 11 भी

### हरित ऊर्जा आधारित नीति की योजना बताई गई

गूगल की ओर से राज्य में जेमिनी एआई के माध्यम से कृषि एवं शिक्षा क्षेत्रों में नवाचार और डिजिटल समाधान लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार साझा किए गए। बैठक में राज्य शासन की ओर से आईटी एवं डेटा सेंटर परियोजनाओं के लिए पर्याप्त एवं सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरित ऊर्जा आधारित नीति तैयार करने की योजना से अवगत कराया ▸▸ शेष पेज 6 पर

### कार्बन ईंधन के क्षेत्र में संभावित अवसरों पर गहन चर्चा

उधर, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस यात्रा के दूसरे दिन अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने टीईएस-एच2 के ओरिजिनेशन एवं बिज़नेस डेवलपमेंट प्रमुख फिलिपो कोमेल्ली के साथ सिंथेटिक मीथेन और लो-कार्बन ईंधनों के क्षेत्र में संभावित अवसरों पर गहन चर्चा हुई। टीईएस-एच2 विश्व के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक मीथेन उत्पादकों में से एक है, जिसके वाणिज्यिक ▸▸ शेष पेज 6 पर

### मप्र के कम कार्बन विकास उद्देश्यों के अनुरूप परियोजनाओं को बताया

अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार की रणनीतिक प्रासंगिकता को उजागर करते हुए बताया कि राज्य से होकर गुजरने वाली हजीरा-विजयपुर-जगदीशपुर (एचवीजे) गैस पाइपलाइन और गन्ना जैसी कृषि-आधारित उद्योगों से उपलब्ध बायोजेनिक सीओटू स्रोत, कम कार्बन तीव्रता वाले ईंधन विकास के लिए महत्वपूर्ण आधार ▸▸ शेष पेज 6 पर

**आगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

## 33 लाख की एमडी ड्रग्स जब्त आरोपी फैजान पठान गिरफ्तार

**एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा



फैजान पठान पुलिस की गिरफ्त में

आगर मालवा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने 33 लाख रुपए मूल्य की 330 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि नुरानी नगर सुसनेर निवासी फैजान पठान आगर-सुसनेर रोड पर स्थित मां दुर्गा माताजी मंदिर, आमला के पास से ▸▸ शेष पेज 6 पर

**ड्रग कांड का फरार मास्टरमाइंड**

### भाजपा नेता राहुल आंजना अरेस्ट

रविवार को आगर मालवा जिले में बहुचर्चित केटामाइन ड्रग तस्करी मामले के मुख्य आरोपी और भाजपा नेता राहुल आंजना को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया ▸▸ शेष पेज 6 पर

**छिंदवाड़ा मिठाई कांड में बड़ा खुलासा**

## मिठाई में जानबूझकर मिलाई गई थी चूहा मारने की दवा

**यानी, मारना ही था मकसद, 3 की हुई थी मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिले के जुन्नारदेव में सामने आए मिठाई कांड में बड़ा खुलासा हुआ है। खाद्य विभाग की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि लावारिस थैले में रखी मिठाई में अत्यधिक मात्रा में आर्सेनिक (चूहा मार दवा) मिला हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार आर्सेनिक की मात्रा सामान्य स्तर से करीब ढाई सौ गुना अधिक पाई गई, जिससे मिठाई पूरी तरह जहरीली ▸▸ शेष पेज 6 पर

**रायसेन जिला अस्पताल में हंगामा**

## नर्सों ने पुलिस चौकी पर जड़ दिया 'ताला'

**प्रधान आरक्षक पर लगाए अभद्रता के आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर स्थित पुलिस चौकी पर नर्सों ने ताला जड़ दिया। नर्सों के समर्थन में डॉक्टर भी काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन में शामिल हुए और आरोपी प्रधान आरक्षक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की।



चौकी पर ताला लगाती हुई नर्से

यह विवाद तीन दिन पहले शनिवार रात का है। रात के समय कुछ मरीजों के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात एक नर्स और प्रधान आरक्षक कृष्ण पाल के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। नर्सों का आरोप है कि बहस के दौरान प्रधान ▸▸ शेष पेज 6 पर

**अश्लील वीडियो कांड में संलिप्तता**

## कर्नाटक के डीजीपी रामचंद्र राव को केंद्र ने किया सस्पेंड

**राव ने कहा- ये वीडियो पूरी तरह से फेक**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



के रामचंद्र राव



वायरल फोटो

कर्नाटक के डीजीपी के रामचंद्र राव पर सख्त एक्शन लेते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। उनके कई अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें वो महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे थे। रामचंद्र ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना है कि उन्हें फंसाया जा रहा है। ये पूरी तरह से मनगढ़ंत है और ये वीडियो पूरी तरह से फेक है। वीडियो कांड के बाद रामचंद्र ▸▸ शेष पेज 6 पर

## भोजशाला पर सुप्रीम कोर्ट में बड़ी सुनवाई




### करीब 8000 से अधिक पुलिस बल की होगी तैनाती

रैपिड एक्शन फोर्स, सीआरपीएफ सहित विभिन्न कंपनियां के लगभग 8000 से अधिक पुलिस बल बाहर से बुलवाया गया है जो जिले भर में तैनात किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से भोजशाला परिसर के भीतर और बाहर बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी ▸▸ शेष पेज 6 पर

### बसंत पंचमी व जुमे की नमाज का टकराव हिंदू पक्ष ने मांगी पूरे दिन पूजा की इजाजत

*धार। धार स्थित भोजशाला विवाद पर हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बसंत पंचमी पूजा को लेकर सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट बसंत पंचमी से एक दिन पहले गुरुवार को सुनवाई करेगा। 23 जनवरी को बसंत पंचमी और शुक्रवार दोनों ही है। लिहाजा याचिका में उस दिन मुस्लिमों की* ▸▸ शेष पेज 6 पर

**राजगढ़ में युवक के साथ बर्बरता**

## रस्सी से बांधा, सिर से खून बहता रहा, पर कैंची से काटते रहे बाल

**पुलिस ने पीड़ित की मां को लगवाए चक्कर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो, जिसमें एक युवक के साथ बर्बरता की जा रही है। युवक को बांधकर रखा। इस दौरान उसकी दाढ़ी खींची, कैंची से बाल भी काटे।

शनिवार को हुई इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में युवक के सिर से खून बहता दिखाई दे रहा है। मामला तब सामने आया जब पीड़ित युवक की मां रविवार को इसकी शिकायत करने



वीडियो में हंसता दिखा आरोपी

एसपी ऑफिस पहुंची। यहां से उसे राजगढ़ थाने जाने की बात कही गई। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला ब्यावरा का बताकर वहीं भेज दिया। जबकि ब्यावरा पुलिस ने भी शिकायत नहीं सुनी। महिला ने दावा किया है कि वीडियो में दिख रहा बर्बरता का शिकार युवक उसका बेटा है। महिला ने कहा कि शुक्रवार को काम पर जाने की बात कहकर बेटा घर से निकला था। इसके बाद से वह नहीं लौटा। किसी परिचित ने यह वीडियो दिखाया, जिससे उसे घटना की जानकारी मिली। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा- मप्र में अब भाजपा का नहीं, गुंडा राज चल रहा है।

**आवारा कुत्तों का मामला : सुप्रीम कोर्ट मानव सुरक्षा, एबीसी नियमों के क्रियान्वयन और जानवरों के अधिकारों के बीच संतुलन बनाने पर कर रहा विचार**

**वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा एक ऐसा सिस्टम हो जहां लोग उन लावारिस कुत्तों की रिपोर्ट कर सकें जिनका स्टरलाइजेशन नहीं हुआ**

## सुप्रीम कोर्ट - हम कुत्तों से सर्टिफिकेट लेकर चलने को क्यों नहीं कह सकते ?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को लावारिस कुत्तों के मामले पर सुनवाई हुई। इस दौरान एक याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि उनके इलाके में बहुत सारे लावारिस कुत्ते हैं, जो पूरी रात एक-दूसरे का पीछा करते रहते हैं, भौंकते हैं, जिससे उन्हें नींद नहीं आती और उनके बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते। याचिकाकर्ता ने इस मामले में अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन उनका कहना कि वे केवल वैक्सीनेशन और स्टरलाइजेशन कर सकते हैं। एनएचआरसी को भी भी पत्र लिखा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स (एबीसी नियम) केवल एक खास दायरे में काम करते हैं। कुत्तों को स्टरलाइजेशन या वैक्सीनेशन के बाद फिर से छोड़ दिया जाता है। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कहा कि दुनियाभर में यह ▸▸ शेष पेज 6 पर



### कोर्ट रूम में क्या हुआ?

▸▸ **प्रशांत भूषण :** कोर्ट की कुछ टिप्पणियां गलत संदेश दे सकती हैं। इसी कोर्ट ने कहा था कि कुत्तों के काटने के लिए फीडर्स को जिम्मेदार ठहराया जाए, जो शायद व्यंग्य था

▸▸ **जस्टिस विक्रम नाथ:** यह व्यंग्य में नहीं कहा गया था, बल्कि बहुत गंभीरता से कहा गया था

### पूर्व केंद्रीय मंत्री के पॉडकास्ट को माना आपत्तिजनक

इसके अलावा एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा इस मामले पर किए गए पॉडकास्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने पूर्व मंत्री की तरफ से पेश हुए वकील राजू रामचंद्रन से कहा कि थोड़ी देर पहले आप कोर्ट से टिप्पणियों को लेकर सावधान रहने की बात कर रहे थे। क्या आपको पता है कि आपके क्लाइंट किस तरह की बातें ▸▸ शेष पेज 6 पर

## शादी-विवाह के लिए अच्छे मुहूर्त निकलवाने पंडितों के पास लग रही भीड़

# खरमास खत्म होने के साथ ही शुभ काम हुए शुरू, 14 दिन बाद गूंजेगीं शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

14 जनवरी को भगवान भास्कर ने मकर राशि में प्रवेश कर लिया है। मकर संक्रांति पर्व के साथ ही खरमास की समाप्ति होने के साथ शुभ काम शुरू हो गए, लेकिन अभी विवाह मुहुर्त नहीं होने से शादियां 14 दिन बाद हो सकेंगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि मकर संक्रांति के साथ ही खरमास समाप्त हो गया है और इसके बाद शुभ कार्यों की शुरुआत मानी जाती है। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही उत्तरायण काल आरंभ होता है, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना गया है। इसी कारण मकर संक्रांति के बाद विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य मांगलिक संस्कारों के लिए रास्ता साफ हो जाता है। इस साल अभी विवाह के लिए शुभ मुहूर्त नहीं होने से विवाह के लिए कुछ दिनों का इंतजार करना होगा। गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य मांगलिक संस्कार शुरू हो गए। लोग शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त निकलवाने व लग्न लिखवा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि शुक्र ग्रह भी दो फरवरी से उदय हो रहा है। शुक्र ग्रह के उदय होने के साथ फिर से शहनाइयां सुनाई देने लगेंगी। विवाह के मुहूर्त चार फरवरी से शुरू हो जाएंगे हैं। ऐसे में इसे लेकर बाजार में भी रोनक बढ़ने लगी है। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि विवाह

### साल 2026 में यह रहेंगे विवाह शुभ मुहूर्त

जनवरी -कोई मुहूर्त नहीं
फरवरी -4, 5, 10, 13,20, 21,
मार्च - 9, 10, 11, 12,
अप्रैल - 20, 21, 26,
मई - 5, 6, 7, 8
जून -19, 20, 23, 26, 27, 28
जुलाई - 6,7,
नवंबर - 21, 24, 25, 26

## जयकारों के साथ दर्शन करने पहुंचे मंदिरों में भक्त

# गुप्त नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई आराधना, मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुप्त नवरात्रि के दूसरे दिन मंगलवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। राजधानी के विभिन्न देवी मंदिरों में भक्ति और श्रद्धा की गूंज सुनाई दी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। श्रद्धालु माता के जयकारों के साथ दर्शन पहुंच रहे थे। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं.



मां कालका का विशेष श्रृंगार।

रामजीवन दुबे ने बताया कि नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। उनका स्वरूप तप और संयम का प्रतीक है। विधि विधान से उनकी पूजा करने पर भक्तों को साधना, आत्मबल और इच्छाओं से मुक्ति मिलती है। उनकी व्रत कथा कठिन तप की मिसाल है। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की कथा का पाठ करना भी शुभ माना जाता है। 'ब्रह्म' का अर्थ तपस्या है और 'चारिणी' का अर्थ आचरण करने वाली।

### गुप्त नवरात्रि मां कालका का हुआ फूलों से विशेष श्रृंगार

बरखेड़ी स्थित जय मां कालका दरबार में गुप्त नवरात्रि के दूसरे दिन मां कालका का विशेष श्रृंगार किया गया, मंदिर को कई प्रकार के फूलों से सजाया गया। सेविका मोहिनी मालवीय ने बताया कि दरबार मे अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई है। सेवको द्वारा विशेष धर्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे है।

## खबर संक्षेप





### स्वास्थ्य महासंघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**भोपाल।** समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ का नव वर्ष मिलन समारोह एवं महासंघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन मुख्य अतिथि विधायक भगवान दास सबनानी द्वारा जेपी अस्पताल संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा, सिविल सर्जन डॉ संजय जैन, आरएमओ डॉ प्रमेंद्र शर्मा, पूर्व सिविल सर्जन डॉ आईके चुघ, महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव, महेंद्र शर्मा, प्रमोद तिवारी, राहुल श्रीवास्तव, गौरी शंकर मालवीय समेत समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कर्मचारी तथा महासंघ के समस्त संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बिना वीजा भारत में रहने का अधिकार नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अफगानी युवक की याचिका निरस्त कर दी। याचिका में वीजा नियमों के उल्लंघन और अवैध ठहराव के आरोप में भारत सरकार द्वारा जारी लीव इंडिया नोटिस को चुनौती दी गई थी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने साफ किया कि याचिकाकर्ता को बिना वीजा भारत में रहने का अधिकार नहीं है। दरअसल, अफगानी युवक सैयद राशिद 2019 में वीजा पर भारत आया था और भोपाल के एक निजी विश्वविद्यालय से एमए की पढ़ाई कर रहा था। कोरोना काल और महामारी के कारण उसे वीजा विस्तार मिला और 2022 में उसने कोर्स पूरा भी कर लिया। इसके साथ ही सैयद राशिद ने छात्र वीजा रहते हुए विश्वविद्यालय में नौकरी भी शुरू कर दी, जबकि उसका रोजगार वीजा कभी स्वीकृत नहीं हुआ था। सरकार ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अफगानी युवक का वीजा 24 मार्च 2024 तक बढ़ाया। लेकिन उसके बाद भी याचिकाकर्ता भारत में बना रहा। भोपाल के डिप्टी कमिश्नर ने आठ जनवरी, 2025 को आवेदक को लीव इंडिया नोटिस भेजकर एफआइआर दर्ज कराई। जिसे चुनौती देते हुए उक्त याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि यूएनएचसीआर (संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग) से शरणार्थी का दर्जा मिलना

## गौरीशंकर परिसर की विवेकानंद बस्ती में सकल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

# पंच परिवर्तन, हिंदुत्व, सनातन धर्म तथा आरएसएस की बताई गौरवशाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौरीशंकर परिसर की विवेकानंद बस्ती में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से धर्म, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक एकता का सशक्त संदेश दिया गया। सकल हिंदू सम्मेलन के शुभारंभ में गणेश पूजन, गो माता पूजन किया गया। मुख्य वक्ताओं ने आयोजन की भावना, पंच परिवर्तन, हिंदुत्व, सनातन धर्म तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक पांडे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समाज में सकारात्मक भूमिका पर प्रेरणादायक संदेश दिया।

स्वामी अनिल आनंद महाराज ने हिंदू चेतना पर विचार व्यक्त किए। सिख सेवादार हरदीप सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के त्याग, समर्पण एवं समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। आचार्य अभिषेक महाराज ने हिंदू एक हो, सशक्त हो का उद्घोष किया। कामाक्षी भार्गव ने पंच परिवर्तन विषय पर महिलाओं की भूमिका पर संदेश दिया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में मुकेश मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में लगभग 4500 लोगों की सहभागिता रही।

**खास बातें**

- सामूहिक रूप से वंदे मातरम का किया गया गायन
- गणेश पूजन, गो माता पूजन किया



अतिथियों का स्वागत करते पदाधिकारी।



हिन्दू सम्मेलन में पधारे अतिथिगण।

### बच्चों ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत गीतों की दीं प्रस्तुतियां, सुमधुर भजनों ने बांधा समां

सकल हिंदू सम्मेलन में संस्कार विद्या पीठ के बच्चों ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में बच्चों की नाट्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें बच्चों ने महापुरुषों के वेशभूषा में प्रस्तुतियां दी। ऑपरेशन सिन्दूर की प्रस्तुति ने विशेष रूप से मन मोहा। नाट्य प्रस्तुति के लिए सांस्कार भारती स्कूल की सीमा तिवारी का विशेष सहयोग रहा। आयोजन में मानस मंडल की टीम ने सुमधुर भजनों से समां बांध दिया एवं भोजन भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



प्रस्तुति देती बालिका।

### सकल हिंदू सम्मेलन के आयोजन में यह रहे सक्रिय



सेना के शौर्य की प्रस्तुति देती बालिकाएं।

आयोजन में विशेष रूप से शांतनु शर्मा, बंटी साहू एवं गौरीशंकर मानस मंडल टीम, अनिल सोनी एवं गौरीशंकर योग ध्यान सामाजिक कल्याण टीम, संतोष मिश्रा एवं प्राचीन माता मंदिर टीम, विद्याकांत पांडे, देवेंद्र सराठे, अनीता वर्मा, इंदर सिंह राजपूत, अवनींद्र द्विवेदी, डॉ. रामप्रताप, अजय सिंह, ब्रज भूषण रावत, अमय राठौर, आंजनेय राजपूत, कीर्ति राजपूत, राम निरंजन चतुर्वेदी, शिवहरि मालवीय, प्रमोद अहिरवार, अभिषेक श्रीवास, सुरेश तिवारी, देवेश ढेवा, डॉ. बृजेन्द्र गुप्ता सहित कॉलोनीवासी, पार्षद एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही।

## प्रति प्रकरण पांच-पांच हजार मांगने का आरोप

# नायब तहसीलदार के रीडर ने गुमा दीं नामांतरण की करीब 53 फाइलें

### रीडर को दिया नाजिर का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर तहसील में वृत्त-2 के नायब तहसीलदार अतुल शर्मा के रीडर देवेंद्र मेवाड़ा पर 53 अविवादित नामांतरण की फाइलें गुम करने और प्रति प्रकरण पांच-पांच हजार रुपए मांगने का गंभीर आरोप लगाया गया है। मामले की शिकायत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से की गई है। इधर हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच कराई जा रही है।

रीडर के पहले भी शिकायत की गई थीं, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। रीडर को हुजूर तहसील के नाजिर का प्रभार भी दे रखा है। शिकायत में जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस उमाकांत मिश्रा सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार के रीडर मेवाड़ा द्वारा लोगों को परेशान किया जाता है। मेवाड़ा द्वारा नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य कामों के लिए यहां आने वाले लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। रीडर के द्वारा यहां रखी फाइलों को गायब कर दिया जाता है। कुछ दिन बाद अचानक से प्रकरण को निरस्त कर दिया जाता है। मेवाड़ा द्वारा कहा जाता है कि साहब पांच हजार रुपए प्रति फाइल के हिसाब से राशि लिए बिना काम नहीं करते हैं। लोकसेवा गारंटी के आवेदनों को भी टाइम लिमिट में नहीं निपटाया जाता है।

### इन प्रकरणों की गुम हुई फाइल

शिकायत में कहा गया है कि शिवम प्रजापति इमलिया, पवन चौरसिया, अंकित कुमार पिपलिया जाहीरपीर, राधा तिवारी चौपड़ा कलां, राज लोधी इमलिया, इंद्रपाल सेवनिया ओंकारा, नीतू सिंह गढ़मुर्रा, सहौद्रा शर्मा पिपलिया बाजखां, आशुतोष श्रेश्रिय, पूनम द्विवेदी, सुनील तिवारी, प्रवीण सिंह, रघुवीर सिंह नायक मुगालिया कोट सहित 53 लंबित अविवादित नामांतरण की फाइलें गुम होना बताई जा रही हैं।

# सूर्य मंदिर कोलार में श्रद्धालुओं ने किया अखंड रामायण का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूर्य मंदिर कोलार रोड क्षेत्र में विगत 2 वर्ष से मंगलवार एवं शनिवार हनुमान चालीसा एवं अखंड रामायण पाठ का संगीतमय सस्वर पाट अनवरत जारी। इसी के तहत मंगलवार को रामायण का अखंड पाठ आयोजित किया गया।

# बच्चों ने लोक नृत्य के साथ ज्ञानपरक नाटकों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी





उद्बोधन देते मंत्री सारंग।



सांस्कृतिक कार्यक्रम का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विवेकानंद पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव के मौके पर छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने मां सरस्वती पूजा अर्चना कर धूमधाम से मनाया। इस मौके पर बच्चों ने लोक संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य के साथ ही ज्ञानपरक नाटकों की शानदार प्रस्तुति दी। विशेष रूप से तीन साल के छोटे बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ ही बेहतर संस्कार दिए जाने की आवश्यकता है। सचिव वीके वर्मा, संचालक विनीत कुमार वर्मा ने कहा कि बच्चों अलग-अलग तरह के कलाओं को सीखता है, तो बच्चों में पूर्ण विकास होती है।

## आयुष काउंसलिंग का चौथा राउंड आज से

# 10 पर्सेंटाइल कट ऑफ कम कर भरी जा सकती हैं सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के 63 में से 29 आयुष कॉलेजों में कुल एक हजार 43 सीटें खाली है, जिनमें आयुर्वेद बीएएमएस की 390 तथा होम्योपैथी बीएचएमएस की 653 सीटें हैं। 39 आयुर्वेद कॉलेजों में से 15 तथा होम्योपैथी के 14 कॉलेजों में सीटें खाली है। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने आयुष मंत्रालय, एनसीआईएसएम से आयुष यूजी नीट 2025 में भी 10 पर्सेंटाइल कम करने की मांग की है। डॉ पाण्डेय का कहना है कि मप्र में रिक्त एक हजार 43 सीटें यूजी सीटें भरी जा सकें। फिलहाल आयुष यूजी में अनरिजर्व्ड के लिये 50 पर्सेंटाइल व एससी, एसटी, ओबीसी के लिये 40 पर्सेंटाइल अनिवार्य है तभी आयुष कॉलेजों में प्रवेश ले सकेंगे। डॉ पाण्डेय ने बताया कि एक तरफ प्रदेश के सभी यूनानी कॉलेजों में सीटें फुल भरी जा चुकी है। प्रदेश के 63 आयुष कॉलेजों में से शासकीय समेत 24 आयुर्वेद तथा 6 होम्योपैथी कॉलेजों की पूरी सीटें भर चुकी हैं। प्रदेश में 63 आयुष कॉलेजों में लगभग साढ़े चार हजार यूजी सीटें हैं। प्रदेश में आयुष यूजी काउंसलिंग के मुख्य व स्ट्रेवेकेंसी समेत 6 राउंड हो चुके हैं परंतु पूरी सीटें नहीं भरी। अब स्ट्रेवेकेंसी के चौथे राउण्ड में बुधवार 21 जनवरी को अभ्यर्थियों द्वारा कॉलेज में रिपोर्टिंग व इनकी मेरिट सूची जारी होगी।

## वरिष्ठों का सम्मान कर मनाया नववर्ष मिलन समारोह

# चित्रगुप्त समाज के लोगों ने सजाई गीत-गजलों की यादगार महफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सुल्तानिया इन्फेंट्री के क्लब 21 में रविवार को चित्रगुप्त समाज भोपाल ने नववर्ष मिलन समारोह मनाया। इस दौरान अजय श्रीवास्तव एवं मणि प्रधान की गजलों की महफिल सजी, जिसका देर शाम शाम तक समाजजनों ने आनंद उठाया। वहीं, इससे पहले कार्यक्रम में मप्र गान के रचयिता, चित्रगुप्त समाज भोपाल के संरक्षक महेश श्रीवास्तव, नगर निगम के प्रथम कमिश्नर देवीशरण, पूर्व विधायक शैलेन्द्र प्रधान, समाज सेविका डॉ रीना कानूनगो, डॉ राजेश कानूनगो एवं बीके श्रीवास्तव का सम्मान उद्योगपति मयंक श्रीवास्तव कानपुर, जनरल श्याम श्रीवास्तव अध्यक्ष, सुधा जौहरी उपाध्यक्ष, राजेश नारायण श्रीवास्तव, जीएम जौहरी ने संपूर्ण समाज की ओर से किया। खराब स्वास्थ्य की वजह से देवीशरण इस कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। इसलिए उनका सम्मान उनके पुत्र ने ग्रहण किया। इस अवसर पर समाज के उद्योगपति संजय सक्सेना, अशोक जौहरी, कृष्णकांत सक्सेना सहित अनेकों कायस्थ जन मौजूद रहे।




सम्मानित करते समाजजन।

# सीएम डॉ. यादव व विस अध्यक्ष तोमर ने वरिष्ठ पत्रकार पंड्या के निधन पर किया दुख व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ पत्रकार आलोक पंड्या का सोमवार की रात नई दिल्ली में ह्दयगति रूक जाने से निधन हो गया। आधी रात को हार्ट अटैक की जानकारी पर अस्पताल ले जाया गया, किंतु उन्हें बचाया नहीं जा सका। भोपाल में मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पत्रकार, शुभचिंतक, परिवारजन मौजूद थे। इस दौरान शोक सभा आयोजित कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



स्व. आलोक पंड्या।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल निवासी वरिष्ठ पत्रकार आलोक पंड्या के निधन पर दुख व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने गहरा शोक जताते हुए दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव व विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि स्व. पंड्या ने विभिन्न समाचार पत्रों और टीवी चैनल्स में संवाददाता से लेकर संपादक के रूप में किए गए कार्य के माध्यम से अलग पहचान बनाई। उन्होंने स्व. आलोक पंड्या की आत्मा की शांति और उनके परिजन एवं मित्रजन को यह दुख सहन करने की सामर्थ्य देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## राजधानी में ऑर्गेनाइज्ड प्रॉपर्टी फार्मूले अपनाकर हो रहा मंथन

# शॉपिंग मॉल व स्ट्रीट शॉपिंग कॉलोनियों के आसपास प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ाने की तैयारी

### ट्रांसपोर्ट की सेवा शुरू, यहां भी रेट बढ़ाने का प्रस्ताव

### पांच से अधिक हायर रेट में रजिस्ट्री होने पर बढ़ेंगे दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में जमीनों के रेट बढ़ाने के लिए इस बार पंजीयन अफसरों ने ऑर्गेनाइज्ड प्रॉपर्टी फार्मूले को अपनाया है। ऐसे क्षेत्र जहां पर यहां शॉपिंग मॉल, स्ट्रीट शॉपिंग, क्लब, मैरिज गार्डन, हॉस्पिटेलिटी, कॉलोनी और ऑफिस स्पेस काफी हैं। उन स्थानों पर रेट बढ़ाने की तैयारी कर ली है।

इसमें जिन स्थानों पर वर्तमान कलेक्टर गाइडलाइन से दस से ज्यादा रजिस्ट्री अधिक दरों पर हुईं हैं उन स्थानों पर 5 से 10 फीसदी रेट बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। शहर में ज्यादा लोन लेकर अच्छी लोकेशन पर घर खरीदने का



फाइल फोटो।

चलन बढ़ गया है। इसी को ऑर्गेनाइज्ड प्रॉपर्टी मानकर रेट बढ़ाने की तैयारी है। इन लोकेशनों में नर्मदापुरम रोड की कॉलोनी, कोलार रोड की कुछ कॉलोनी, बावड़ियाकलां, नया क्षेत्र सलैया भी विकसित हो रहा है। यहां ट्रांसपोर्ट की सेवा भी शुरू हो गई है। इस कारण यहां भी रेट बढ़ाने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। इधर मिसरोद से आगे मंडीदीप से पहले जिले की सीमा तक रोड से सटकर पूरा एरिया कमर्शियल हो गया है। जाटखेड़ी में भी कुछ स्थानों पर अच्छी रजिस्ट्री हुईं हैं। एम्स की तरफ मुख्य सड़क और उसके आगे अमरावत खुर्द तक जमीनों के रेट पर असर पड़ रहा है।

### फार्मूले में ऐसे बनाए गए आधार

भोपाल टू में नर्मदापुरम रोड, बाविड़याकलां, सलैया, कोलार रोड, चूना भट्टी में जहां रेट बढ़ाने की तैयारी है, वहां ऑर्गेनाइज्ड फॉर्मूले को आधार बनाया है। इन लोकेशनों पर 40 प्रतिशत स्वतंत्र आवास, 40 प्रतिशत अपार्टमेंट्स, 20 प्रतिशत रेसीडेंशियल और कर्मशियल प्लॉट्स हैं। ऐसी ही लोकेशन अवधपुरी, अयोध्या बायपास से लेकर नीलबड़, रातीबड़ और फंदा की कई लोकेशनों पर नया प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। नीलबड़, रातीबड़ में काम तेजी पर है, जबकि लांबाखेड़ा में भी नया क्षेत्र बनकर तैयार हो गया है।

### पंजीयन विभाग ने इस तरह बांटा शहर

भोपाल-1, पुराना शहर, कमला पार्क से लेकर के एयरपोर्ट रोड, भौंरी, करोंद का पूरा क्षेत्र।
भोपाल-2, नर्मदापुरम रोड, कोलार, बाविड़याकला से लेकर अरेरा कॉलोनी, न्यू मार्केट, साकेत नगर, अवधपुरी, एमपी नगर, नीलबड़, रातीबड़, लांबाखेड़ा आदि। भोपाल-3 गोविंदपुरा, अशोका गार्डन, अयोध्या बायपास, भानपुर व आस-पास का क्षेत्र।

# केसरिया राजपूत लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन ने वृद्धाश्रम में खाद्य सामग्री का वितरण किया



एसोसिएशन की सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केसरिया राजपूत लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन संस्था की ओर से मंगलवार को अपना घर वृद्धाश्रम मे खाद्य सामग्री व दैनिक उपयोग की सामग्री तथा फल वितरित किए गए। इस मौके पर लक्ष्मी सिंह, सुमन सिंह, प्रियंका, विनीता सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी।

## यह साझेदारी सेमी कंडक्टर स्किलिंग और अनुसंधान में पाठ्यक्रमों का विकास करेगी

# संयुक्त शोध-नवाचार के लिए निटर और कॉटन विवि के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान और कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी ने सेमीकंडक्टर स्किलिंग और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू पर एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी और कॉटन विवि के कुलपति प्रो. रमेश चंद्र देका द्वारा औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए। यह साझेदारी विशेष रूप से सेमीकंडक्टर स्किलिंग और अनुसंधान के क्षेत्र में सेमीकंडक्टर तकनीकों में विशेष पाठ्यक्रमों का विकास करेगी, जिनमें वीएलएसआई डिजाइन, सेमीकंडक्टर निर्माण, पैकेजिंग, टेस्टिंग और संबंधित क्षेत्र शामिल हैं।



निटर में एमओयू पर किए हस्ताक्षर।

# घाटे में मेट्रो... हर माह खर्च 2.5 करोड़ से ज्यादा और आमदनी 5 लाख भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मेट्रो का संचालन जिस जोर-शोर के साथ शुरू हुआ, वैसे परिणाम मेट्रो प्रशासन को नहीं मिले। फिलहाल घाटे के बीच मेट्रो चल रही है। इसके संचालन पर हर माह 2.5 करोड रुपए खर्च हो रहे हैं जबकि आमदनी पर नजर डालें तो यह आंकडा 5 लाख के आसपास ही पहुंच रहा है। मेट्रो को पहले दिन 7 हजार से ज्यादा यात्री मिले, उसके बाद संख्या घटती चली गई और अब यह आंकडा 400 के आसपास सिमट गया है। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि जब तक सभी छोरों तक कनेक्टिविटी नहीं होगी, तब तक राजस्व में वृद्धि नहीं होगी। हालांकि मेट्रो प्रशासन अतिरिक्त आय जुटाने के लिए भी कुछ कदम उठाने जा रहा है।

## यात्रियों के टिकट से आमदनी लगातार घटी तो 9 कर्मचारियों को हटाया

### अभी केवल 2 प्रतिशत यात्री ही मेट्रो को मिले


यात्रियों के इंतजार में खड़ी मेट्रो ट्रेन।

*21 दिसंबर-से सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से एम्स मेट्रो स्टेशन तक रोजाना 17 फेरों के साथ मेट्रो का संचालन शुरू हुआ था, लेकिन जब यात्री नहीं मिले तो 5 जनवरी से फेरे घटाकर 13 कर दिए गए। अब भी मेट्रो को यात्री नहीं मिल रहे, केवल लोग इसका आनंद लेने ही पहुंच रहे हैं। रविवार को लोग इसमें यात्रा करने पहुंचते हैं वो भी अप-डाउन का एक साथ टिकट लेकर। कई ऐसे हैं तो जो सुभाष नगर से एमपी नगर तक ही इसका आनंद उठा रहे हैं। मेट्रो प्रशासन की मानें तो अभी केवल 2 फीसदी यात्री ही मेट्रो को मिले हैं।*

### अतिरिक्त आय बढ़ाने की तैयारी

राजस्व जुटाने के लिए मेट्रो प्रबंधन ने मेट्रो स्टेशनों पर विज्ञापन के लिए जगह किराए पर देने के लिए टेंडर जारी किए हैं। इसके अलावा सुभाष नगर से एम्स अस्पताल तक मेट्रो के पिलर पर भी विज्ञापन से आय की तैयारी चल रही है।

### एमपी मेट्रो में कर्मचारियों की छंटनी शुरू

एमपी मेट्रो में अब कर्मचारियों की छंटनी शुरू हो गई है। अब तक 9 कर्मचारियों को हटाया गया है। छह कर्मचारियों को उनके मूल विभाग भेजा गया है। जबकि तीन कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की गई हैं। ऐसी आशंका भी जताई जा रही है जल्द ही एक दर्जन से ज्यादा कर्मचारी हटाए जा सकते हैं।

## सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक शहर के सभी 85 वार्डों में हुई जल सुनवाई

# फीकी रही दूसरी जल सुनवाई, वार्डों में पानी के सैंपल लेकर पहुंचे इक्का-दुक्का ही लोग

निगम कर्मचारी ज्यादा एक्टिव, जोन और वार्ड के कर्मचारी अपने-अपने घरों से बोतल में पानी लाकर करवा रहे जांच

विभागीय इंजीनियर अपने-अपने जोन में सैंपलिंग को लेकर करते रहे मॉनिटरिंग

निगम के अपर आयुक्त ब्लू मून कॉलोनी निरीक्षण करने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों और राजधानी में तीन से ज्यादा जगहों पर पानी की जांच में ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि होने के बाद शुरू हुई जल सुनवाई अब फीकी पड रही है।

मंगलवार को सभी 85 वार्डों में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे वार्डों में पानी संबंधी समस्याएं सुनने और पानी के सैंपल की जांच के लिए टीम तो बैठी, लेकिन इक्का-दुक्का लोग ही पहुंचे। अधिकांश वार्डों में आम लोगों की तुलना में निगम के ही कर्मचारी अपने-अपने घरों से बोतल में पानी लेकर जांच करवाने पहुंचे।

पुराने शहर के वार्ड-42 में पानी का सैंपल व पानी से संबंधित शिकायतें लेकर एक भी व्यक्ति नहीं पहुंचा। जबकि वार्ड-34 में निगम के कर्मचारी ही अपने-अपने घर से पानी की जांच करवाने पहुंचे। वार्ड-23 में एक व्यक्ति पानी की जांच करवाने के लिए पहुंचे। उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज करवाई कि वे जानना चाहते हैं कि उनके घर में जो पानी पहुंच रहा है वो पीने योग्य है भी या नहीं। वार्ड में मौजूद जांच दल ने उनके पानी का जांच की तो वह पीने योग्य पाया गया। इसके अलावा वार्ड-8 में भी कोई शिकायत नहीं मिली।



जल सुनवाई में सैंपल का इंतजार करते अधिकारी।

### जोन-5 में 3 और 4 में एक भी सैंपलिंग नहीं

नगर निगम के जोन 5 में 3 लोग पानी की जांच करवाने पहुंचे, जबकि जोन-4 में एक भी सैंपल लेकर कोई नहीं पहुंचा। इन जोन के तहत आने वाले वार्डों में जांच के लिए टीम बैठी रही। जोन के जल कार्य विभाग में सहायक यंत्री अजय सिंह सोलंकी ने बताया कि जल सुनवाई के दौरान उनके प्रभार वाले दोनों जोन में पानी से संबंधित कोई भी शिकायत नहीं मिली। जो सैंपल मिले उनकी जांच में पीने योग्य पानी पाया गया।

### ब्लू मून कॉलोनी में नए सिरे से बिछेगी पाइप लाइन और सीवेज लाइनें


एक रहवासी अपने घर का पानी एक बोतल में लेकर जांच कराने पहुंचा।

अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा पुराने शहर के यूनियन कार्बाइड स्थित ब्लू मून कॉलोनी पानी की शिकायतें मिलने पर निरीक्षण करने पहुंचे। उन्हें मौके पर लोगों ने समस्याएं बताईं जिनका मौके पर ही निराकरण किया और पाइप लाइन और सीवेज लाइनें नए सिरे से नेटवर्क तैयार करवाने की बात कही। उन्होंने बताया कि जहां से भी पानी से संबंधित शिकायतें मिल रही हैं उनका तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है।

### आठ वार्डों में 20 सैंपल की हुई जांच

नगर निगम के जोन-18 और 19 में आने वाले 8 वार्डों में 20 सैंपल जांच के लिए लोग करवाने पहुंचे। जोन के सहायक यंत्री अंकित रघुवंशी ने बताया कि दोनों जोन में पानी से संबंधित कोई भी शिकायत दर्ज नहीं हुई, केवल अपनी संतुष्टि के लिए पानी की जांच करवाने पहुंचे, जिसकी मौके पर जांच की गई और पानी पीने योग्य पाया गया।

### अमले ने 39 टंकियों की सफाई कराई

शहर में पानी की गुणवत्ता की जांच, लीकेज सुधार एवं शिकायतों के निराकरण को लेकर चल रही मुहिम के तहत मंगलवार को निगम के अमले ने 223 स्थानों से पानी के सैंपल लिए। अमले ने 53 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे और 139 स्थानों पर सीवेज चेम्बरों की सफाई कराई गई। इसके अलावा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 39 उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई भी कराई गई है।

## *शहर के 174 ओवरहैड टैंकों की एप से होगी ट्रैकिंग, 250 ट्यूबवेल होंगे बंद*

इंदौर में दूषित पानी हुई लोगों की मौतों के बाद राजधानी में वाटर डिस्ट्रीब्यूशन और सीवेज नेटवर्क को मजबूत करने की तैयारी शुरू हो गई है। यह सिस्टम अब पूरी तरह से आनलाइन पोर्टल पर नजर आएगा। शहर के 174 ओवरहैड टैंकों की ट्रेकिंग ऐप से हो सकेगी। भू-जल के दूषित होने की पुष्टि होने के बाद निगम ने 250 टयूबेवल बंद करने की तैयारी करने के साथ ही अवैध कनेक्शनों की पहचान करने के लिए सर्वे का काम शुरू हो गया है। नगर निगम द्वारा वाटर सप्लाई और सीवर लाइन का पूरा रूट-मैप एक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके माध्यम से पूरे नेटवर्क की डिजिटल निगरानी हो सकेगी। नगरीय प्रशासन विभाग ने इसके लिए अमृत रेखा पोर्टल और मोबाइल ऐप तैयार किया है। यह सिस्टम पूरे प्रदेश में लागू होगा। वेब पोर्टल पर अधिकारियों के लिए पूरा नेटवर्क डेटा मौजूद रहेगा। मोबाइल ऐप के जरिए फील्ड इंजीनियरों द्वारा ग्राउंड वेरिफिकेशन कर रिपेयरिंग कराई जाएगी। नगर निगम के अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया कि शहर के आवेरहैड टैंकों की ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से होगी। पोर्टल पर पूरा डाटा मौजूद रहेगा। टैंकों की सफाई करवाने का काम पूरा हो चुका है। शहरभर के टयूबवेल को बंद करने की तैयारी है। इनके माध्यम से जहां भी पानी सप्लाई हो रही है उस क्षेत्र को निगम के नेटवर्क से जोडा जाएगा।

### पाइपलाइन और सीवेज लाइनें अलग-अलग होंगी

निगम के अधिकारियों के अनुसार शहर में जहां भी सीवेज और पानी की लाइनें एक साथ हैं उन्हें अलग-अलग किया जाएगा। नियमानुसार दूरी बनाई जाएगी। इसके लिए नया नेटवर्क तैयार होगा। इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों की घटना के बाद निगम अब तक 5200 से ज्यादा पानी के नमूनों की जांच कर चुका है। 1972 नमूने स्लम एरिया से लिए गए हैं। 59 स्थलों पर 733 से ज्यादा लीकेज को सुधारे गए हैं। 1986 सीवेज चैंबरों की अब क सफाई की जा चुकी है।

### 85 वार्डों में जल सुनवाई में 73 सैंपल लिए गए

शहर में मंगलवार को 85 वार्डों में हुई जल सुनवाई में 73 सैंपल लिए गए। जांच में सभी नमूने मानक स्तर की गुणवत्ता के पाए गए। सुनवाई के दौरान नमूनों का निगम अमले द्वारा सामान्य मानकों रंग, स्वाद, गंध, पीएच, कुल क्षारीयता, क्लोराईड, कुल कठोरता, कैल्शियम कठोरता, मैग्निशियम कठोरता, टीडीएस, टरबीडिटी के साथ ही रेसिडुअल क्लोरीन, कोलीफार्म, ई-कोलाई आदि मानकों के आधार पर जल परीक्षण किया गया।


पानी का सैंपल लेते कर्मचारी।




### नौगांव में 500 मीटर रही सबसे कम विजिबिलिटी

## *प्रदेशभर में मौसम साफ, पारे में मामूली गिरावट के साथ दृश्यता में नजर आई बढ़ोतरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में मंगलवार को बादलों का असर कम रहा। हवाओं में बदलाव से रात के पारे में कुछ कमी आने के साथ ही कोहरे का असर भी कम हुआ है। इससे अधिकांश जिलों में विजिबिलिटी भी 2000 मीटर तक रही है। उत्तरी मप्र के कुछ हिस्सों में सुबह के समय हल्के कोहरे के असर रहा। नौगांव में सबसे कम दृश्यता 500 मीटर रही। प्रदेशभर में मौसम साफ होने के साथ हवाएं उत्तर पूर्वी होने से दिन के साथ न्यूनतम पारे में एक से 2 डिग्री तक घट-बढ़ रही। सबसे अधिक गिरावट नर्मदापुरम, पचमढ़ी में 2.6 डिग्री तक रही है। भोपाल में दिन का पारा आधा और रात का एक डिग्री गिरकर क्रमशः 24.4 और 9.8 डिग्री रहा है। यह नॉर्मल के करीब है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पंजाब पर सक्रिय डब्ल्यूडी कमजोर होने और उत्तरी उत्तर प्रदेश पर एक सकुर्लेशन से हवाएं उत्तर पूर्वी हुई हैं। इससे तापमान में बदलाव हो रहा है। नया डब्ल्यूडी बुधवार रात सक्रिय होगा। यह पहले से अधिक स्ट्रांग होने से इसका असर कुछ दिन बाद मप्र में दिखेगा। इससे सर्दी में भी बढ़त होगी।

### आज सक्रिय होगा नया पश्चिमी विक्षोभ

अब तक जो पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पंजाब में सक्रिय था, वह अब कमजोर पड़ गया है। यह सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों पर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी सक्रिय है। इससे साथ ही बुधवार को एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय होगा। यह अधिक तीव्र होने से अगले तीन से चार दिन में प्रदेश में मौसम बदल सकता है।

### कुछ जगह रहेगा हल्का कोहरा

बुधवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में कुछ जगह हल्का कोहरा रहेगा। मंगलवार को प्रदेशभर में रात का औसत तापमान अभी सामान्य से अधिक है। औसत पारे में डेढ़ डिग्री तक घट-बढ़ के साथ न्यूनत तापमान 11 डिग्री तक रहा है, जबकि सबसे अधिक रात का पारा नर्मदापुरम में 15.4 डिग्री रहा है। सबसे गर्म दिन खरगौन में दिन का पारा 28.8 डिग्री रहा है।

## *2005 के बाद नियुक्त सहा. प्राध्यापकों को ओपीएस का दिया जाए लाभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि वर्ष 2005 के बाद नियुक्त सहायक प्राध्यापकों को ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) का लाभ प्रदान करें। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने 90 दिन के भीतर कार्रवाई करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि भर्ती वर्ष 2003 की थी। नियुक्ति आदेश एक जनवरी 2005 को जारी किया गया होगा, लेकिन याचिकाकर्ता पुरानी पेंशन योजना के हकदार होंगे। जबलपुर निवासी डॉ अभय सिंह उइके, डॉ मोना मरकाम सहित अन्य की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2003 में भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। याचिकाकर्ताओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अहर्ता हासिल की, लेकिन उन्हें एक जनवरी 2005 के बाद नियुक्ति आदेश जारी किए गए। दलील दी गई कि चूंकि चयन प्रक्रिया का विज्ञापन 2003 में जारी हुआ है, इसलिए आवेदक का पेंशन प्रकरण उसी वर्ष में प्रचलित नियम के अधीन आता है।

# पुराने शहर के बाजारों में मुनादी, आज हटेंगे अतिक्रमण

## जुमेराती, घोडा नक्कास सहित अन्य बाजारों में स्वेच्छा से कब्जे हटाने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में अतिक्रमण को लेकर निगम प्रशासन ने सख्ती करना शुरू कर दी है। पुराने शहर के बाजारों में बीते दो दिन से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने को लेकर मुनादी करवाई जा रही है। मंगलवार को जुमेराती, घोड़ा नक्कास, इतवारा, बुधवारा, चौक बाजार आदि क्षेत्रों में निगम के वाहनों से एनाउसमेंट किया गया। बुधवार को निगम का अतिक्रमण विरोधी अमला उक्त क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। इसमें 80 से ज्यादा कर्मचारी और 15 से ज्यादा छोटे-बड़े वाहन दो चरणों में कार्रवाई को अंजाम देंगे।

सोमवार और मंगलवार को निगम द्वारा मुनादी करवाने के दौरान कई दुकानदारों से अपना सामान हटाना शुरू किया तो कुछ ने दुकानों के बाहर रो बोर्ड आदि स्वेच्छा से हटा लिए, जबकि रोड किनारे जमे अस्थाई अतिक्रमणकारी जमे रहे। सबसे अधिक समस्या बुधवारा चौराहे से गिन्नौरी और बुधवारा चौराहे से इतवारा रोड पर होती है। यहां रोड किनारे खडे ठेले, चार पहिया और दुपहिया वाहनों के कारण लोगों की आवाजाही मुश्किलभरी रहती है। उक्त पूरे रोड पर 150 से ज्यादा चार पहिया वाहन नियमित खड़े ही रहते हैं।

### 3 पक्के निर्माण ढहाए, 20 ट्रक सामान जब्त कर भानपुर भेजा

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने मंगलवार को शहर के एक दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान 3 पक्के निर्माण जेसीबी से ढहाए गए और करीब 20 ट्रक सामान जप्त कर भानपुर स्टोर भेजा गया। निगम अमले ने जिला प्रशासन की कार्रवाई में सहयोग करते हुए पत्रकार भवन वृद्ध आश्रम के पीछे क्षेत्र से तीन पक्के निर्माण तोड़े व पांच झुग्गियों का सामान हटवाया।

# कृषि मंडीः एक फरवरी से निगम नहीं उठाएगा कचरा

## मंडी समिति ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार का नहीं किया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की करोंद स्थित पंडित लक्ष्मी नारायण शर्मा कृषि उपज मंडी परसिर से निगम 1 फरवरी से कचरा उठाना बंद कर देगा। दरअसल निगम के जोन-17 का स्वास्थ्य अमला मंडी परिसर से रोजाना कई टन कचरा जेसीबी व डंपर के माध्यम से उठाकर निष्पादन स्थलों तक पहुंचाता है, लेकिन बीते पांच-छह साल से मंडी समिति द्वारा निगम को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसे लेकर निगम की ओर से मंडी समिति को नोटिस जारी कर दिया है। निगम की ओर से कहा गया है कि मंडी से कचरा उठाने पर निगम के लाखों रुपए खर्च होते हैं।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने कृषि उपज मंडी समिति के सचिव को पत्र लिखकर अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार का भुगतान करने को कहा है। इसमें चेतावनी भी दी गई है कि यदि भुगतान नहीं किया गया तो 1 फरवरी 2026 से निगम द्वारा परसिर से कचरा नहीं उठाया जाएगा। मंडी समिति द्वारा मंडी परिसर में स्थित दुकानों, भूखंड मालिकों एवं मंडी परिसर में लगने वाले बाजार से तहबाजारी शुल्क लिया जाता है। उपभोक्ता प्रभार जमा करने के लिए नगर निगम द्वारा कई बार पूर्व में सूचना दी गई, लेकिन समिति द्वारा कोई शुल्क जमा नहीं किया गया।

### कई बार दिए नोटिस

जोन-17 के एएचओ राम रतन लोहिया ने बताया कि मंडी समिति को बकाया भुगतान के लिए कई बार नोटिस दिए, लेकिन राशि जमा नहीं करवाई गई। इसलिए निगम आयुक्त के निर्देश पर नोटिस दिया है। अगर भुगतान नहीं किया गया तो 1 फरवरी से निगम द्वारा मंडी परिसर से कचरा उठवाना बंद कर दिया जाएगा।

## फिजूलखर्ची पर निगम सख्त...प्रशासनिक वाहनों पर नकेल

# वाहनों को 60 से 130 लीटर तक कम मिलेगा ईंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने प्रशासनिक कामों में लगे वाहनों को हर माह मिलने वाले डीजल-पेट्रोल की पूर्व में निर्धारित मात्रा में भारी कटौती कर दी है। जिन वाहनों को हर माह 250 से 100 लीटर डीजल-पेट्रोल मिलता था उन्हें अब 120 से 80 लीटर ही डीजल-पेट्रोल मिलेगा। निगम आयुक्त ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। यही नहीं लॉग बुक का परीक्षण करने, सत्यापन करने और इंडेंट बुक का आडिट करने के भी निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक कामों में लगे बोलेरो, सूमो, जीप और पिकअप के लिए पूर्व में डीजल-पेट्रोल हर माह 250 लीटर मिलता था। यह मात्रा घटाकर अब 120 लीटर कर दी गई है। इसी तरह इंडिगो को हर माह 180 लीटर, नैनो को 100 लीटर डीजल-पेट्रोल मिलता था अब इन वाहनों को हर माह 120 व 80 लीटर ही मिलेगा।

बोलेरो, जीप, पिकअप को पहले मिलता था हर माह 250 लीटर

इंडेंट जारी करने वाले अधिकारी प्रभारी लॉगबुक का करेंगे परीक्षण

### व्यक्तिगत कामों में हो रहा था निगम के वाहनों का उपयोग




नगर निगम के मैदानी अमले में शामिल वाहन जैसे अतिक्रमण, स्वास्थ्य, जल कार्य विभाग और जोन के वाहनों का उपयोग निजी कामों में भी हो रहा था। इस तरह की शिकायतें निगम प्रशासन को लगातार मिल रही थीं। इसे देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने डीजल-पेट्रोल की मात्रा को कम किया है।

### अब होगी लॉग-बुक की जांच, सत्यापन

डंपर, प्लेसर, जेसीबी, पोकलेन, रोबोट, ट्रेक्टर, टैंकर व अन्य कामों में लगे वाहनों को इंडेंट जारी करने वाले अधिकारी-प्रभारी लॉग-बुक का अब न सिर्फ परीक्षण करेंगे बल्कि उसका सत्यापन भी करेंगे। निगम द्वारा जारी आदेश में साफतौर पर कहा गया है कि निर्धारित मात्रा से अधिक डीजल सक्षम स्वीकृति के बाद उपलब्ध करवाया जाएगा। संबंधित अधिकारी और प्रभारियों को पुरानी इंडेंट बुक का आडिट करवाकर उसे जमा करना होगा। इसके बाद ही उन्हें नई इंडेंट बुक जारी की जाएगी।

## बायोप्सी से मिलेगा छुटकारा, जल्द इलाज से बचेगी जान

# डॉ. दीपा की रिसर्च में दावाः खून की जांच से शुरुआत में पकड़ में आ जाएगा फैटी लिवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोगों में पेट की चर्बी, बढ़ा वजन, शुगर, बीपी और जंक फूड की वजह से फैटी लिवर तेजी से बढ़ रहा है। यह बीमारी शुरुआत में शांत रहती है। लेकिन धीरे-धीरे लिवर में सूजन, सिरोसिस और कैंसर तक पहुंच सकती है। अब एम्स भोपाल के एक शोध ने इस परेशानी का हल ढूंढा है। यह शोध डॉ. दीपा रोशनी द्वारा डॉ. सुखेस मुखर्जी के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें बताया गया कि आने वाले समय में फैटी लिवर जांच के लिए खून आधारित बायोमार्कर ही सबसे ज्यादा कारगर साबित हो सकते हैं।



### चुपचाप बढ़ती बीमारी

अब तक डॉक्टर फैटी लिवर पकड़ने के लिए अल्ट्रासाउंड, लिवर एंजाइम टेस्ट, बायोप्सी कराते थे। लेकिनं दिक्कत यह कि अल्ट्रासाउंड पर शुरूआती फैट नहीं दिखता, एंजाइम रिपोर्ट अक्सर नॉर्मल आती है। बायोप्सी सटीक है, लेकिन दर्दनाक और महंगी होती है। इसी से मरीज अंतिम स्टेज में डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, तब इलाज मुश्किल हो जाता है।

### शोध ने दिखाया नया रास्ता

एम्स भोपाल के बायोकैमिस्ट्री विभाग की रिसर्च में तीन ऐसे बायोमार्कर पहचान लिए गए हैं जो खून की जांच से ही फैटी लिवर की गंभीरता बता सकते हैं। ये बायोमार्कर एड्रोपिन, आइरिसिन और साइटोकेराटिन-18 हैं। शोध में पाया गया कि जैसे-जैसे फैटी लिवर बढ़ा, एड्रोपिन और आइरिसिन कम होते गए। जबकि साइटोकेराटिन-18 बढ़ता गया। इस बदलाव का सीधा संबंध बॉडी वेट, लिवर एंजाइम और लिपिड प्रोफाइल से भी मिला। यानी खून की जांच से ही पता चल गया कि लिवर कितना थका हुआ है और कितनी सूजन है।

# भोपाल-रामगंजमंडी रेल लाइन परियोजना 25 साल बाद भी अधूरी, यात्रियों को अभी एक साल और करना होगा इंतजार

रेल लाइन का काम पूरा होने पर ट्रेनों की संख्या के साथ 120 से 130 की स्पीड से दौड़ सकेंगी ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल-रामगंजमंडी बड़ी रेल लाइन परियोजना 25 साल बाद भी पूरी नहीं हो सकी। परियोजना की कछुआ चाल से अब लागत 5 गुना से अधिक बढ़ चुकी है। सूत्रों के अनुसार अभी इस लाइन का काम पूरा होने में करीब एक साल का समय और लग सकता है। एक तरफ जहां कोटा मंडल का काम 76% पूरा हो चुका, लेकिन भोपाल मंडल में काम धीमा चल रहा है। अभी ट्रेन वाया नागदा-उज्जैन होकर चलती है, तो आठ से अधिक घंटे लगते हैं। जबकि रामगंजमंडी-भोपाल बड़ी रेल लाइन से होकर तेज स्पीड से ट्रेन चलेंगी तो 6 घंटे में पहुंच जाएंगी। इस लाइन के काम पूरा होने से जहां ट्रेनों की संख्या बढ़ सकेंगी, तो वहीं यात्रियों का लगभग दो घंटे का समय बचेगा।


फाइल फोटो

### काम में देरी की यह रही वजह

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेल लाइन बिछाने के लिए भूमि अधिग्रहण काम में देरी होने से परियोजना लेट हो गई। शुरू में काम की गति धीमी थी, लेकिन अब काम तेज गति से किया जा रहा है। यह काम जल्द से जल्द पूरा हो सके, इसके लिए पमरे जोन जीएम लगातार मॉनिटिरिंग कर रही है।

### 424.60 करोड़ से लागत बढ़कर 3050 करोड़ हुई

इस परियोजना का पूरा काम रेलवे का सर्वे निर्माण विभाग देख रहा है। जब योजना स्वीकृत हुई थी तब इसकी लागत 424.60 करोड़ रुपए थी। फिर लागत 2615 हो गई। अब पूरी परियोजना पर 3050 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यानी परियोजना स्वीकृत होने के समय से पांच गुना से अधिक लागत बढ़ चुकी। इसका कारण लोहा व सीमेंट की दर लगातार बढ़ना है। साथ ही भूमि अधिग्रहण में भी अधिक राशि दिया जाना शामिल है।

### संत हिरदाराम से भोपाल और झरखेड़ा का काम पूरा

संत हिरदाराम नगर से भोपाल तक 10 किमी में ट्रेन संचालित हो रही है। संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन से कुरावर के बीच काम तेजी से किया जा रहा है। वहीं, झरखेड़ा तक काम पूरा हो गया है। संत हिरदाराम से श्यामपुर, कुरावर तक काम हो रहा है। इसके अलावा कुरावर से ब्यावरा, राजगढ़ के बीच काम चल रहा है, जल्द ही काम पूरा हो जाएगा।

### सरकारी जमीन होगी ट्रांसफर

भोपाल-रामगंज मंडी रेल लाइन पर जल्द ट्रेन दौड़ेगी, जिसके लिए रेलवे को जमीन देने का प्रस्ताव भेजा गया है। मीरपुर वीरान में 0.3010 और झिरनिया में 0.8710 हेक्टेयर जमीन ट्रांसफर की जाएगी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जमीन आवंटित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है, जहां से मंजूरी मिलने के बाद जमीन रेलवे को ट्रांसफर कर दी जाएगी।

### परियोजना की ये हैं विशेषताएं

- भोपाल-रामगंज मंडी रेलवे लाइन की कुल लंबाई: 276 किमी
- कुल अनुमानित लागत: 3,035 करोड़ रु.।
- इसमें से 111 किमी रेलखंड भोपाल रेल मंडल क्षेत्र में आता है।
- यह लाइन भोपाल, सीहोर, राजगढ़ (मध्यप्रदेश) और झालावाड़, कोटा (राजस्थान) जिलों से होकर गुजरेगी।
- केलकेरा मंदिर, कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट सहित अन्य क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से कनेक्टिविटी मिलेगी।
- नया मार्ग ब्यावरा-झालावाड़ मार्ग की तुलना में 42 किमी छोटा होगा, जिससे ईंधन और समय दोनों की बचत होगी।

## खबर संक्षेप



### जीव सेवा संस्थान ने गरीबों को बांटे कंबल

**संतनगर।** जीव सेवा संस्थान' द्वारा कड़ाके की सर्दी में स्लम क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। गत कई वर्षों से जीव सेवा संस्थान द्वारा शीतकाल में कंबल वितरण की सेवा की जाती रही है। इस वर्ष भोपाल क्षेत्र के संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन, सिविल हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन भोपाल, रेन बसेरा, संत हिरदाराम नगर, कंस्ट्रक्शन साइट्स, ओवरब्रिज व बस स्टैंड आदि क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

### औबेदुल्लागंज में ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग



**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने से वरिष्ठ अनिल बाम्बा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों भारी परेशानी हो रही है। औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर राजकोट एक्सप्रेस, नर्मदा एक्सप्रेस का स्टॉपेज एवं मेमो ट्रेन चलाने की मांग कई सालों से की जा रही है। बाम्बा ने कहा भोपाल और नर्मदापुरम से लंबी दूरी की बसों में औबेदुल्लागंज की सवारी नहीं बैठाते। औबेदुल्लागंज चौराहे से रेलवे स्टेशन रोड पूरा खुदा हुआ पड़ा है इसे ठीक करने की मांग अनिल बाम्बा ने की है।

### खाद के लिए किसान नहीं ले पा रहे टोकन, परेशान

**औबेदुल्लागंज।** किसान नेता हरजीत सिंह मंगू, मौनी नागर ने बताया कि किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। प्रशासन ने टोकन सिस्टम चालू कर ऑनलाइन पर व्यवस्थाएं की है, मगर व्यवस्था फेल होती दिख रही है। 15 से 20 मिनट के लिए पोर्टल चालू होता है, उसके बाद फिर बंद हो जाता है, जिससे किसान खाद का टोकन नहीं ले पा रहे। पहले वे खसरा खतौनी और पटवारी के चक्कर काटना पड़ रहा था, अब जिसके पास अलग-अलग हल्का में जमीन है, उसका ऑनलाइन से पंजीयन नहीं हो पा रहा है। किसान हलके के पटवारी से मिलने जाते हैं तो पटवारी नहीं मिलते वे कहते हैं कि मैं कार्यालय में नहीं हूं, दूसरी जगह हूं। जिसके कारण किसानों की समस्या का समाधान नहीं होता।

### नकली पुलिस बन लूटपाट करने वाले बदमाश धराए

**भोपाल।** राजधानी में फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर आरोपियों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लूटपाट की वारदात की। हबीबगंज पुलिस ने मेघना अपार्टमेंट के एक फ्लैट में लूटपाट करने वाले छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 11 जनवरी की है। आरोपी ने पुलिसकर्मी बनकर एक फ्लैट में दबिश दी थी। इसके बाद आरोपियों ने नारकोटिक्स के अधिकारी का हवाला देते हुए युवक को बंधक बनाकर लुटपाट की। पकड़े गए आरोपी कॉलेज के छात्र बताए गए हैं। पुलिस ने लूटपाट और मामले के मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा कायम कर लिया है। पुलिस ने अल्ताफ और अरशद नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी कई मामले में फरार चल रहे थे। आरोपियों से वसूला गया पैसा और अंगूठी, मोबाइल अभी तक नहीं मिले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह पुलिस कर्मी बनकर गए हुए थे। उन्होंने अपराध करने के साथ-साथ अपहरण की घटना को भी अंजाम दिया है। वहीं पुलिस ने जाकिर को भी दबोचा है। उसके ऊपर पहले भी कई मामले दर्ज हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0594 | | |
| दिन: | 670 | 39 | 135 |
| रात: | 127 | 02 | 237 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 467 | 74 | 699 |
| रात: | 356 | 42 | 336 |

---

धक्का लगने से नाराज था युवक, हत्या का मामला दर्ज

# युवक ने कॉलेज छात्र पर किया चाकू से जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के कर रही प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी के कमला नगर में रहने वाले एक कॉलेज छात्र पर मोहल्ले के युवक ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल छात्र को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों के बीच धक्का लगने की बात को लेकर विवाद हो गया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नेहरू नगर में रहने वाला मुकुल शर्मा (22) कॉलेज में पढ़ता है। सोमवार की रात करीब दस बजे वह सामान लेने के लिए दुकान पर जा रहा था। नेहरू नगर स्थित तलरेजा मेडिकल स्टोर के पास सामने से आ रहे यश सैनी नामक युवक से उसका हाथ टच हो गया। इस यश उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। मुकुल ने जब गाली देने से मना किया तो यश ने चाकू निकालकर उसके सिर और पैरों पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल हुए मुकुल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में घायल के मामा दीपक की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी शबरी नगर का रहने वाला बताया गया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### कोर्ट में चल रहे केस वापस लेने का बनाया दबाव, साथियों के साथ किया हमला

खजूरी सड़क इलाके में एक बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार अभिषेक मीना (25) चौकसे नगर में रहता है। पूर्व में वह ईदगाह मल्टी में रहता था। इस दौरान मोहल्ले में रहने वाले राहुल से विवाद हुआ था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। राहुल काफी समय से केस वापस लेने के लिए अभिषेक पर दबाव बना रहा था, लेकिन अभिषेक केस वापस लने के लिए तैयार नहीं था।

**जन्मदिन के दिन हुआ विवाद**

रविवार रात अभिषेक ने लालघाटी में दोस्त का जन्मदिन मनाया। रात को खाना खाने के लिए खजूरी सड़क स्थित ढाबे पर पहुंचा था। देर रात करीब ढाई बजे राहुल अपने साथियों को लेकर पहुंचा और अभिषेक पर चाकुओं से हमला कर दिया।

### अकाउंटेंट की बिगड़ी तबीयत हार्ट अटैक से हुई मौत

खरगोन जिले के बिस्टान में संचालित जिला सहकारी केंद्रिय बैंक शाखा में पदस्थ सहायक लेखापाल 62 वर्षीय अनिसुद्दीन जिलानी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बैंक मैनेजर सहित परिजन ने आरोप लगाया है कि ऋण स्वीकृति को लेकर ग्राहकों से हुई बहस के बाद जिलानी की तबीयत बिगड़ी और अटैक से उनकी जान चली गई। बहस करने वालों में कुछ लोग भाजपा के नेता है। जिला जिला अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार शहर के ऋषिका नगर निवासी जिलानी को दोपहर करीब 3.30 बजे जिला अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौजूद बैंक मैनेजर श्यामलाल सोलंकी ने बताया दोपहर करीब 2.30 बजे बैंक के तीन ग्राहक मुझसे मिलने आए थे। सोलंकी ने बताया वह एक माह से अवकाश पर थे, इस कारण ऋण स्वीकृति में देरी हुई थी, लेकिन वे जिलानी को जिम्मेदार ठहरा रहे थे। जबकि मैंने 16 जनवरी को ड्यूटी ज्वाइन करने के बाद फाइल स्वीकृत कर दी है। ऋण स्वीकृति को लेकर जिलानी को मेरे चैंबर में बुलवाया और ऋण फाइल स्वीकृति में देरी होने पर माफी मंगवाई। यह घटनाक्रम बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुआ है। इसके कुछ देर बाद जिलानी को घबराहट हुई और वह बेहोश हो गए थे।

## पांचवां निकाह करने वाली महिला को 2 साल की सजा

**भोपाल।** पूर्व पतियों से तलाक लिए बिना अधिवक्ता के साथ पांचवां निकाह कर उसे एवं उसके बड़े भाई के साथ गाली-गलौच और मारपीट कर उनके मकान को अपने नाम करवाने के लिए धमकियां देने वाली महिला हसीना को न्ययिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मेघा अग्रवाल ने दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियुक्त हसीना ने 27 मई 2022 को अपने पूर्व पति साबिर, सलमान खान, मतलूब हसन एवं शमशेर खां के जीवित रहते हुए उनसे तलाक लिए बगैर स्वयं को तलाकशुदा व पीड़िता बताकर परिवादी तबरेज उल्ला से पुनः निकाह किया था। निकाह के कुछ समय के बाद ही हसीना परिवादी तथा उसके बड़े भाई के साथ गाली गलौच और मारपीट कर उनके मकान को अपने नाम करवाने के लिये धमकाने लगी थी।

## महावीर कॉलोनी के सड़कों व खाली प्लॉटों में भरा सीवेज का गंदा पानी

दुर्गंध और मच्छरों से रहवासी हो रहे बीमार


महावीर कॉलोनी की सड़क पर भरा सीवेज का पानी और खाली प्लॉट में फैली गंदगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर की महावीर कॉलोनी में फैली गंदगी से वार्डवासी परेशान हैं। कॉलोनी की गलियों और खाली प्लॉटों में सिवेज का पानी भरा होने से रहवासियों को भारी परेशानी हो रही है। नालियों की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में फेल रही दुर्गंध और मच्छरों से लोग बीमार हो रहे हैं।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कई बार नगर परिषद को शिकायत करने के बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जब नालियां जाम होने से गंदा पानी घरों के सामने भर जाता है। वार्डवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि महावीर कॉलोनी में नालियों की समुचित व्यवस्था की जाए और कचरा प्रबंधन को दुरुस्त किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## नाबालिग चोर से बाइक और सवारी ऑटो जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



टीटी नगर थाना पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़कर उसके कब्जे से एक बाइक और एक ऑटो बरामद किया है। बरामद वाहनों की कुल कीमत करीब 1.5 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस टीम चोरी गई बाइक की तलाश में निकली। इस दौरान बेतवा अपार्टमेंट के पास 45 बंगलों के क्षेत्र में एक संदिग्ध लड़का बाइक के साथ खड़ा मिला, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे टीम ने पकड़ लिया।

---

फ्यूचर चैंपियंस खेल दिवस का आयोजन

## डांस ड्रिल में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी की शाखा विद्यासागर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए फ्यूचर चैंपियंस खेल दिवस का आयोजन मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में हर्षोल्लास के साथ किया गया। संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी, मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एएन मनिकंडन एवं नवनिध हासोमल लखानी स्कूल की कोऑर्डिनेटर रीटा आहूजा भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में सिद्ध भाऊ ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी बच्चों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इससे बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना का विकास होता है।


संगीत की मधुर धुन पर प्रस्तुति देते छोटे-छोटे बच्चे।

### बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानने का अवसर मिला

मिष्ठी वासवानी ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में मार्च पास्ट के उपरांत विविध रोमांचकारी खेल सम्पन्न हुए। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई डांस ड्रिल कार्यक्रम का सबसे मनमोहक एवं प्रमुख आकर्षण रही। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने संगीत की मधुर धुन पर तालमेल के साथ कदम मिलाते हुए अपनी प्रस्तुति दी। डांस ड्रिल के माध्यम से बच्चों ने शारीरिक फुर्ती और संतुलन के साथ टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ओशिमा जैन और रिंकी जनयानी ने किया।

सिंधु नव जागरण समिति के पदाधिकारियों की घोषणा

## नरेश अध्यक्ष और घनश्याम बने समिति के महासचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर




संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति के दो वर्षीय पदाधिकारियों की घोषणा समिति संरक्षक माधु चांदवानी व आसनदास वाधवानी ने की। समिति के संविधानुसार पदाधिकारियों का कार्यकाल दो वर्ष का रहता है। इनकी घोषणा संरक्षक द्वारा की जाती है।

संरक्षक माधु चांदवानी व आसनदास वाधवानी ने बताया कि अध्यक्ष नरेश चोटरानी, महासचिव घनश्याम लालवानी, मुख्य सलाहाकार राम पारदासानी, सलाहाकार रमेश हिमथानी, उपाध्यक्ष महेश खटवानी, मुरली गुरबानी, हरीश वलेचा, कोषाध्यक्ष हीरो आडवानी, सचिव दिलीप दीनानी, सहसचिव अनिल टेकचंदानी, सामाजिक सचिव मनोहर सतानी, सहकोषाध्यक्ष कमलेश छुगानी, आडिटर कन्हैया नागदेव, प्रवक्ता महेश दादलानी को बनाया गया है। समिति संरक्षक माधु चांदवानी व आसनदास वाधवानी ने बताया कि पदाधिकारियों का कार्यकाल 2 वर्ष का रहेगा। समिति द्वारा धार्मिक क्षेत्र में सेवा कार्य करती है। समिति द्वारा सिंधी समाज का पावन पर्व चेतीचांद विगत 36 वर्षों से धूमधाम से मनाती आ रही है। इस वर्ष भी 22 मार्च को समिति द्वारा भव्य सांस्कृतिक संध्या व सिंधी मेले का आयोजन किया जाएगा।

## खेड़ापति माता मंदिर का तालाब गंदगी से पटा, मिल रहा सीवेज का गंदा पानी

औबेदुल्लागंज नगर परिषद के जिम्मेदार नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के सबसे प्राचीन मंदिर खेड़ापति माता मंदिर के तालाब का पानी प्रदूषित और बदबूदार होने के करण इसका पानी उपयोग करने लाएक नहीं बचा है। तालाब में सीवेज का गंदा पानी मिलने से इसकी पवित्रता खत्म हो गई। पार्षद सरोज रामेश्वर नागर ने नगर परिषद औबेदुल्लागंज में तालाब की सफाई एवं सीवेज का गंदा पानी तालाब में आकर मिलने की कई बार शिकायत की है, लेकिन नगर परिषद के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण वे तालाब दिनों दिन प्रदूषित होता जा रहा है।

खेड़ापति माता मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. माखन सिंह नागर, उपाध्यक्ष रामेश्वर नागर, सचिव जेपी मिश्रा, कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी आदि ने बताया कि खेड़ापति माता मंदिर परिसर में विशाल धार्मिक आयोजन कार्य की तैयारिया जोरों पर चल रही, मगर तालाब की सफाई और गंदा पानी मिलने से रोकने के लिए नगर परिषद ने कोई कार्य नहीं किया है। नगर परिषद सीएमओ किरण रंहगडाले ने बताया कि तालाब की साफ-सफाई एवं गंदा पानी ना मिले इसके लिए हम व्यवस्था कर रहे हैं।


तालाब में मिलता गंढा पानी।

## औबेदुल्लागंज में आवारा मवेशियों से नगरवासी परेशान, हो रहे हादसे

बाजार में भी मवेशियों के कारण ग्राहकों परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज


सड़क पर बैठे मवेशी।

नगर में आवारा मवेशियों की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। शहर की मुख्य सड़कों, बाजारों और कॉलोनियों में घूम रहे मवेशियों के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सुबह और शाम को मवेशियों के कारण यातायात बाधित हो रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार दोपहिया वाहन चालक मवेशियों की वजह से दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो चुके हैं। बाजार क्षेत्र में दुकानों के सामने मवेशियों के जमावड़े से ग्राहकों को भी दिक्कत होती है। नगरवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि आवारा मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजने की ठोस व्यवस्था की जाए और पशुपालकों पर भी सख्त कार्रवाई हो।

पीड़ित ने कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में दर्ज कराई शिकायत

## हेल्थ इंश्योरेंस के लिए खाता खोला... पांच करोड़ रुपए के लेनदेन पर आयकर विभाग ने दिया नोटिस

जनसुनवाई में 140 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईसीआईसीआई बैंक के कर्मचारी ने हेल्थ इंश्योरेंस के नाम पर दस्तावेज लेकर खाता खोलकर उस खाते से पांच करोड़ रुपए का लेनदेन कर दिया। आयकर विभाग ने जब द्वारका नगर कोच फेक्ट्री निवासी कैलाश नारायण शर्मा को नोटिस दिया, तो उसे इस बात का पता चला। पीड़ित ने एमपी नगर थाने में एफआईआर तो दर्ज कर ली, लेकिन आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

पीड़ित ने मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में कार्रवाई की गुहार लगाई है। जनसुनवाई में 140 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। शर्मा ने बताया कि आदित्य सिंह तोमर आईसीआईसीआई बैंक में काम करते थे, जिन्होंने 2021 में मुझसे हेल्थ इंश्योरेंस करवाने के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज लिए थे, जिनका उपयोग कर मेरे नाम से खाता खोल लिया और 25 फरवरी 2021 से 15 मार्च 2024 तक करीब चार से पांच करोड़ रुपए का लेनदेन किया। जब आयकर विभाग ने नोटिस दिए तो फर्जीवाड़े का पता चला। बैंक द्वारा मुझे 10 हजार रुपए का लालच दिया जा रहा है, जिससे मैं लेनदेन से मना कर दूं।



कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में पीड़ितों की समस्याएं सुनते हुए।

### रजत पद विजेता ने मांगी जोर्जिया जाने की मदद

राजस्थान के गंगानगर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता एहतराम हुसैन ने जोर्जिया तिबलीसी में आयोजित होने वाली पैरा जूडा वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में जाने के लिए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से 2 लाख 64 हजार 570 रुपए की मदद मांगी है।

### गैस अस्पताल के डॉक्टर ने आंख कर दी खराब

जवाहरलाल नेहरू गैस राहत अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ मदन कल्याणी पर एक मरीज ने ऑपरेशन में आंख खराब करने का आरोप लगाया है। इंद्रा सहायता नगर बैरसिया रोड निवासी अशोक कुशवाह ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसने 12 साल पहले आंख का ऑपरेशन कराया था, तब से अब तक उसकी आंख की रोशनी नहीं आई है। ऑपरेशन के बाद वह भोपाल मेमोरियाल अस्पताल और अन्य निजी डॉक्टरों के पास भी आंख का इलाज कराने पहुंचा, लेकिन रोशन वापस नहीं लौटी।

## खबर संक्षेप



### वैभव प्रदेश सह संगठन महामंत्री पद पर नियुक्त

**भोपाल।** शासकीय ठेकेदार महासंघ ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में बैठक में महासंघ में चार नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। इनमें वैभव आरावकर को महासंघ का प्रदेश सह संगठन महामंत्री, अनुराग रावत को प्रदेश महामंत्री, पंकज सोनी को प्रदेश कोषाध्यक्ष और आशुतोष सिंह को भोपाल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर शासकीय ठेकेदार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत शुक्ला, प्रदेश संगठन महामंत्री मयंक सराठे, प्रदेश महामंत्री पुनीत भटनागर, मुकेश कुमार, अशोक आर्य, मिथुन, राहुल, शिवा, दीपक और सुनील प्रमुख थे।

### एनएसयूआई ने शर्मा को बनाया प्रदेश प्रवक्ता

**भोपाल।** नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने संगठन को और सशक्त करने तनय शर्मा को एनएसयूआई



मध्यप्रदेश का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह नियुक्ति एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे एवं नेशनल मीडिया चेयरमैन रवि पाण्डेय की सहमति से की गई है। इस आशय का नियुक्ति पत्र एनएसयूआई मध्यप्रदेश मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अंकित पांडे द्वारा जारी किया गया। तनय शर्मा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के छात्र हैं और छात्र हितों, शैक्षणिक मुद्दों एवं संगठनात्मक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### मोर्चा ने प्रदेश अध्यक्ष पांडे का किया अभिनंदन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश ब्राह्मण अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष अजय तिवारी एवं महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष ने मंगलवार को कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष, सवर्ण अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे का कर्मचारियों एवं ब्राह्मण समाज के लिए सार्थक संघर्ष करने के लिए 9 मसाला रेस्टोरेंट अरेरा हिल्स भोपाल में अभिनंदन किया। कार्यक्रम में वीणा धडेकर सेवानिवृत आईएएस इंजीनियर पवन तिवारी, इंजीनियर सुधीर नायक, पंडित राम नारायण आचार्य हरि शरण द्विवेदी, रामराज तिवारी, श्यामसुंदर शर्मा, सत्येंद्र पांडे, सुनील पाठक आदि अधिकारी कर्मचारी मातृशक्ति उपस्थित थे।

### मध्यप्रदेश में बना राज्य तिलहन मिशन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय खद्य तेल मिशन-तिहलन के अंतर्गत राज्य तिलहन मिशन का गठन किया गया है। इसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में सोलह अफसरों की तैनाती की गई है। यह मिशन मध्यप्रदेश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने और उसके प्रसंस्करण तकनीकी सहायता एजेंसियों के कामकाज और प्रगति की निगरानी, दक्षता बढ़ाने के लिए एसओपी तैयार करने का काम करेगा। राज्य तिलहन मिशन की बैठक का आयोजन कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में किया जाएगा। मिशन के उद्देश्यों का प्राप्त करने के लिए निहित समग्र नीति दिशा निर्देशों के भीतर राज्य में मिशन कार्यान्वयन की समग्र निगरानी करेगा। राज्य को सौंपे गए क्षेत्र उत्पादन और उत्पादकता लक्ष्यों और इसकी निगरानी के आधार पर तिलहन की खेती और उत्पादन के लिए राज्य तिलहन कार्य योजना को अंतिम रुप देने का काम भी यह मिशन करेगा। प्रस्तुत नियमित रिपोर्टों के साथ प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों पर नजर रखकर राज्य स्तर पर मिशन की प्रगति की निगरानी भी यह मिशन करेगा।

---

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल पुष्पगुच्छ भेंट कर दी शुभकामनाएं

# सीएम डॉ. मोहन ने कहा- भाजपा का भविष्य ऊर्जावान युवा और वैचारिक नेतृत्व के हाथों में पूरी तरह सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार ग्रहण करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की कमान नितिन नबीन को सौंपा जाना यह दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी अपने भविष्य को युवा, ऊर्जावान, दूरदर्शी और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध नेतृत्व के हाथों में सुरक्षित देख रही है।

यह निर्णय भाजपा के मजबूत संगठन, अनुशासन और विचारनिष्ठ राजनीति का प्रतीक है। नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा विचार, संगठन और जनसेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। उनके नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को नई गति मिलेगी। यह निर्णय केवल एक राजनीतिक पदस्थापना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के लिए भरोसे का प्रतीक है।

### प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेश भर में मनाया गया उत्सव



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन को पुष्पगुच्छ भेंट करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।



मिठाई खिलाते कंसाना, सारंग, सबनानी, बरुआ।

### प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेश भर में आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

भारतीय जनता पार्टी के नव-निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार ग्रहण के अवसर पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्साह और उल्लास के साथ आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर उत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, एंदल सिंह कंसाना, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ सहित जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी तरह प्रदेश के जिला कार्यालयों पर आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर उत्सव मनाया गया।

### नितिन नबीन भाजपा के उज्ज्वल, सशक्त और विजयी भविष्य के प्रतीक : खंडेलवाल

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए संगठन पर्व केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन की आत्मा है। संगठन पर्व के माध्यम से नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होना यह सिद्ध करता है कि भाजपा में दायित्व, वंशवाद, सिफारिश या संयोग से नहीं, बल्कि संगठन, समर्पण और सिद्ध क्षमता से तय होता है। नितिन नबीन का संगठनात्मक अनुभव इस दिशा में निर्णायक सिद्ध होगा। यह नेतृत्व न केवल संगठन को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देशवासियों के विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ बनाते हुए भाजपा को स्थिर नेतृत्व, मजबूत संगठन और विजयी भविष्य की ओर संगठित रूप से आगे बढ़ाएगा।*

---

## आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन निवेश, तकनीक और वैश्विक साझेदारी के जरिए मप्र के विकास एजेंडे को वैश्विक मंच पर करेंगे साझा

# एवरस्टोन समूह ने मध्यप्रदेश में विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और खाद्य प्रसंस्करण में निवेश की दिखाई रुचि



एवरस्टोन समूह के प्रेसिडेंट सिंन्हा से भेंट करते मंत्री शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 दावोस के दूसरे दिन विभिन्न उद्योगपतियों से चर्चाओं का दौर जारी रहा। इस कड़ी में मंगलवार को मप्र स्टेट लाउंज में मप्र के अधिकारियों ने एवरस्टोन समूह के प्रेसिडेंट एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के साथ बैठक कर राज्य में निवेश एवं औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने मप्र में ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इकोसिस्टम में अपनी सशक्त उपस्थिति को रेखांकित किया।

इंदौर, उज्जैन और भोपाल के आसपास विकसित हो रहे ईवी और ऑटोमोबाइल क्लस्टर्स के साथ वस्त्र एवं परिधान उद्योग में राज्य की स्थापित क्षमताओं तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत आधार की जानकारी साझा की गई। चर्चा के दौरान नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव मनीष सिंह और प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने उद्योगपतियों के साथ सोलर पैनल, बैटरी, इंगट्स और वेफर्स सहित उपकरण एवं कंपोनेंट विनिर्माण में उपलब्ध निवेश अवसरों पर भी विचार किया गया।

### सिन्हा ने समूह के पोर्टफोलियो और निवेश की जानकारी दी

राज्य शासन ने निवेशकों के अनुकूल भूमि अधिग्रहण ढांचे की जानकारी देते हुए भोपाल और होशंगाबाद के समीप क्षेत्रों को विनिर्माण आधारित निवेश के लिए उपयुक्त बताया और राज्य में बढ़ती आंतरिक मांग को रेखांकित किया। प्रेसिडेंट एवरस्टोन समूह सिन्हा ने समूह के पोर्टफोलियो और निवेश प्राथमिकताओं से अवगत कराते हुए स्केलेबल प्लेटफॉर्म, दीर्घकालिक इंफ्रास्ट्रक्चर और विनिर्माण क्षेत्रों में रुचि साझा की। बैठक में दोनों पक्षों ने खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा एवं संबंधित क्षेत्रों में संभावित सहयोग और निवेश के लिए आगे भी विस्तृत चर्चा जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। यह संवाद मध्यप्रदेश की विनिर्माण आधारित विकास रणनीति और सतत आर्थिक प्रगति की दिशा में वैश्विक निवेशकों के साथ मजबूत साझेदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## दावोस में मध्यप्रदेश के लिए वैश्विक साझेदारी का आज निर्णायक दिन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को दावोस प्रवास के दौरान वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के वैश्विक मंच पर प्रदेश की निवेश, नीति और उपलब्ध निवेश अवसरों को साझा करेंगे। साथ ही औद्योगिक निवेश, उन्नत तकनीक, पर्यटन, स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और रक्षा उत्पादन जैसे प्राथमिक क्षेत्रों में राज्य की तैयारियों, नीतिगत स्पष्टता और दीर्घकालिक विकास के विजन की विस्तार से जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण सेक्टर्स में अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ एमओयू होंगे। मुख्यमंत्री नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े उच्च स्तरीय संवादों में सहभागिता करेंगे, जिनमें यूटिलिटी-स्केल ऊर्जा संक्रमण, निवेश जोखिम न्यूनीकरण और उप-राष्ट्रीय सरकारों की भूमिका पर केंद्रित सत्र शामिल हैं। इन संवादों के माध्यम से राज्य में ग्रीन एनर्जी परियोजनाओं, निजी निवेश को प्रोत्साहन और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मप्र मॉडल को वैश्विक निवेशकों और नीति-निर्माताओं के समक्ष रखा जाएगा।

### मप्र की उभरती संभावनाओं को वैश्विक मंच पर किया जाएगा प्रस्तुत

पर्यटन क्षेत्र में भी मप्र की उभरती संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। 'री-इमैजिनिंग टूरिज्म एट स्केल' विषयक विशेष सत्र में संस्कृति, विरासत, नवाचार और कनेक्टिविटी के समन्वय से पर्यटन को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के सशक्त माध्यम के रूप में आगे बढ़ाने की रणनीति पर अंतर्राष्ट्रीय हॉस्पिटैलिटी, एविएशन, टूरिज्म फोरम और क्रिएटिव इंडस्ट्री से जुड़े वैश्विक प्रतिनिधियों के साथ संवाद होगा।

### वैश्विक उद्योग नेतृत्व के साथ वन-टू-वन बैठकें होंगी, बताई जाएगी मप्र की खूबियां

ऊर्जा, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, हेल्थकेयर, एफएमसीजी, एविएशन और उभरती तकनीकों से जुड़े वैश्विक उद्योग नेतृत्व के साथ लक्षित वन-टू-वन बैठकें होंगी। इन बैठकों का उद्देश्य मध्यप्रदेश में निवेश के ठोस अवसरों, दीर्घकालिक औद्योगिक सहयोग और रोजगार सृजन की संभावनाओं को आगे बढ़ाना है। इसके साथ ही 'इन्वेस्ट इन इंडियाः मध्यप्रदेश- ए स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट हब' सत्र के माध्यम से राज्य की औद्योगिक क्षमता, इंफ्रॉस्ट्रक्चर रेडीनेस और सेक्टर-फोकस्ड नीतियों को वैश्विक निवेशकों के समक्ष रखा जाएगा।

### उद्योग जगत के साथ राउंड टेबल चर्चाएं होंगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव औपचारिक सत्रों के साथ संवाद, उद्योग जगत के साथ राउंड टेबल चर्चाएं, नेटवर्किंग मीटिंग और वैश्विक राजनीतिक प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। समग्र रूप से दावोस का दौरा मध्यप्रदेश को निवेश, तकनीक और वैश्विक सहयोग के माध्यम से भविष्य की अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार करने की दिशा में निर्णायक पहल सिद्ध होगा।

### रोजगार सृजन के मिलेंगे नए अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दावोस दौरा मप्र को वैश्विक निवेश मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने, अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को सुदृढ़ करने और राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश एवं रोजगार सृजन के नए अवसर खोलने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

*साझा की राज्य की समर्पित लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात नीति*

## मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन निवेश पर मंत्री शुक्ला की क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के साथ चर्चा

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 के दूसरे दिन दावोस में मध्यप्रदेश स्टेट लाउंज में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के डिप्टी सीईओ एवं हेड ऑफ इन्वेस्टमेंट्स तुषार सिंहवी के साथ बैठक कर राज्य में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स, इनलैंड कंटेनर डिपो, वेयरहाउसिंग तथा एकीकृत सप्लाई चेन अवसंरचना में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान क्रेसेंट एंटरप्राइजेज ने भारत में अपने विस्तार की मजबूत मंशा व्यक्त करते हुए लॉजिस्टिक्स आधारित निवेश के लिए मध्यप्रदेश को एक रणनीतिक गंतव्य के रूप में परखने में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर मंत्री शुक्ला ने राज्य की समर्पित लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात नीति की जानकारी साझा की।



निवेशकों से चर्चा करते मंत्री शुक्ला।

### भूमि की पर्याप्त उपलब्धता, विद्युत एवं जल आपूर्ति तथा स्थिर श्रम वातावरण उपलब्ध

प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश, देश के केंद्र में स्थित होने से यहां प्राप्त भौगोलिक लाभ, राज्य के हवाई अड्डों के माध्यम से लागत प्रभावी कार्गो हैंडलिंग और खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स (एपीआई सहित), वस्त्र एवं परिधान और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण जैसे क्षेत्रों में मजबूत औद्योगिक आधार मौजूद हैं। साथ ही भूमि की पर्याप्त उपलब्धता, विश्वसनीय विद्युत एवं जल आपूर्ति तथा स्थिर श्रम वातावरण मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन परियोजनाओं के लिए उच्च दक्षता वाला निवेश गंतव्य बनाता है।

*प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने श्रीलंका के कृष्णन बालेंद्र के साथ मीटिंग कर किया आमंत्रित*

## श्रीलंकाई उद्योग समूह जॉन कील्स के साथ निवेश अवसरों पर मंथन

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** वर्ल्ड इकोनॉमिक दावोस यात्रा के दूसरे दिन प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार मनीष सिंह ने श्रीलंका के प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी के चेयरमैन कृष्णन बालेंद्र के साथ मीटिंग की। उन्होंने राज्य में निवेश एवं सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य (हॉस्पिटैलिटी), खाद्य प्रसंस्करण एवं पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मध्यप्रदेश में उपलब्ध अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया। राज्य सरकार द्वारा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए लागू नीतियों एवं प्रोत्साहनों की जानकारी भी प्रतिनिधिमंडल के साथ साझा की गई। जॉन कील्स समूह ने भारतीय कंपनियों के साथ अपने मौजूदा व्यावसायिक जुड़ाव तथा भारत में विभिन्न टाई-अप्स के माध्यम से अपने व्यापार की जानकारी दी। प्रमुख सचिव सिंह ने निवेश के लिए आमंत्रित किया।

## 81 गांवों में 370 से अधिक होमस्टे विकसित किए

मप्र पर्यटन के क्षेत्र में नए आत्मविश्वास, नई ऊर्जा और दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। प्रदेश, प्रकृति की अनुपम सुंदरता, समृद्ध ऐतिहासिक विरासत, गहन आध्यात्मिक आस्था और विविध वन्य जीवों का अद्भुत संगम है। इन्हीं विशेषताओं और निवेश संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए मुख्यमंत्री व उनकी टीम दावोस पहुंची है। उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 6.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन हो चुका है। इसके साथ ही खजुराहो, सांची, ओरछा, महेश्वर, अमरकंटक और चित्रकूट जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल देश-विदेश के पर्यटकों के प्रमुख आकर्षण केंद्र बने हुए हैं। ग्रामीण पर्यटन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के 81 गांवों में 370 से अधिक होमस्टे विकसित किए गए हैं, जिन्हें 1000 तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष आय और रोजगार उपलब्ध करा रही है।

---

### जनता के विश्वास की रक्षा करना हमारा सर्वोच्च दायित्वः तोमर

# विधायकों और लोकतंत्र मजबूत बनाने वाले तत्वों का संरक्षण करे विधायिका: विस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनता के विश्वास की रक्षा करना हमारा सर्वोच्च दायित्व है। यह विश्वास ही हमारी शक्ति है और यही हमारी जिम्मेदारी भी। विधायिका के सदस्यों का आचरण, सदन के भीतर और बाहर दोनों ही स्थानों पर, लोकतंत्र की साख से जुड़ा होता है। आज यह आवश्यक है कि हम केवल सिद्धांतों पर चर्चा न करें, बल्कि व्यवहार में भी जवाबदेही को और सुदृढ़ करने के उपायों पर विचार करें।

जब एक जनप्रतिनिधि जनता के हित की बात करता है तो लोकतंत्र मजबूत होता है। हमें सोचना होगा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने वाले तत्वों का विधायिका कैसे पालन करे और पालन



विस अध्यक्ष तोमर संबोधित करते हुए।

करवाए। हमारी शक्ति विधायकों सहित लोकतंत्र को मजबूत बनाने वाले तत्वों के संरक्षण में लगनी चाहिए। यह बात मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने लखनऊ में आयोजित 86वें पीठासीन अधिकारी सम्मलेन में कही। 'जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही' विषय पर बोलते हुए मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने विधायिका के दायित्वों, उनकी चुनौतियों और समाधान पर विचार रखे। नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा ने अपने गठन से लेकर आज तक लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। सदन की कार्यवाही को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने के लिए समय-समय पर अनेक नवाचार किए गए हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा ने यह भी सिद्ध किया है कि जवाबदेही केवल कानून बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय के प्रति संवेदनशीलता भी इसका अनिवार्य हिस्सा है।

### युकां जिला अध्यक्ष खत्री को पुलिस ने लिया हिरासत में

# मंत्री शाह के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, युकां ने पोती नेमप्लेट पर कालिख

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ टिप्पणी करने वाले मंत्री विजय शाह पर सुप्रीम की टिप्पणी के बाद प्रदेश कांग्रेस मंगलवार को सड़क पर उतर आई। एक तरफ कांग्रेस महासचिव अमित शर्मा के नेतृत्व में पार्टी के प्रदेश कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया तो दूसरी ओर युकां जिला अध्यक्ष अमित खत्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंत्री के बंगले के सामने प्रदर्शन कर उनकी नेमप्लेट पर कालिख पोत दी।

बाद में श्यामला हिल्स थाने की पुलिस ने खत्री को गिरफ्तार भी कर लिया। कांग्रेस ने कहा है कि मंत्री के इस्तीफा न होने तक चरणबतद्ध आंदोलन जारी रहेगा।

### शाह को खुला संरक्षण दे रही प्रदेश सरकारः शर्मा

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव अमित शर्मा ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक और शर्मनाक है कि जिस मंत्री पर सुप्रीम कोर्ट ने केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं, उसे भाजपा सरकार खुला संरक्षण दे रही है। यह न केवल संविधान का अपमान है, बल्कि देश की जनता की भावनाओं के साथ सीधा खिलवाड़ है।



नेमप्लेट पर पोती कालिख।

### मंत्री शाह का मुंह काला करेगी युकांः खत्री

*मंत्री शाह के बंगले के सामने प्रदर्शन करने वाले युकां जिलाध्यक्ष खत्री ने कहा कि विजय शाह ने सोफिया कुरैशी का अपमान किया। मंत्री को प्रदेश सरकार बचाने में लगी हुई है। अगर मंत्री ने पद से इस्तीफ़ा नहीं दिया तो युवा कांग्रेस उनका मुंह काला करेगी।*

## खबर संक्षेप

### सीडीपी ने लैंक्सेस 'ए' लिस्ट में शामिल किया

**मुंबई।** क्लाइमेट प्रोटेक्शन पहल सीडीपी ने स्पेशियलिटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस को एक बार फिर पर्यावरण सुरक्षा के लिए 'ए' लिस्ट में शामिल किया है। लैंक्सेस ने लगातार सांतवी बार यह उपलब्धि हासिल की है। "ए" रेटिंग के साथ यह कंपनी दुनिया की 22,100 से अधिक कंपनियों में शीर्ष 4 प्रतिशत में आती है। सीडीपी ने लैंक्सेस की बिज़नेस रणनीति, लक्ष्य निर्धारण, उत्सर्जन में कमी, क्लाइमेट-फ्रेंडली उत्पाद, गवर्नेंस और वैल्यू चेन क्षेत्रों में विशेष रूप से सकारात्मक रेटिंग दी है।

### हैना जोसेफ का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** मदुरै स्थित न्यूरोसाइंसेज़ और ट्रॉमा पर केंद्रित मल्टी-स्पेशियलिटी टर्शियरी केयर अस्पताल हैना जोसेफ हॉस्पिटल लिमिटेड अपना आईपीओ 22 जनवरी 2026 को खोलने जा रही है। कंपनी इस आईपीओ के माध्यम से 42.00 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखती है, जो 60,00,000 इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू के जरिए होगा। हैना जोसेफ हॉस्पिटल लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मोसेसजोसेफ अरुणकुमार ने कहा कि इश्यू गुरुवार 22 जनवरी 2026 को खुलेगा और मंगलवार, 27 जनवरी 2026 को बंद होगा।

### अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल में 80 फीसदी की छूट

**बेंगलुरु।** अमेजन बाजार ग्राहकों के लिए फैशन, इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज सहित कई कैटेगरी में शानदार बचत के मौके लेकर आया है, जहां उत्पादों की कीमतें 99 रुपए से शुरू हो रही हैं। अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 के दौरान ग्राहक चुनिंदा टॉप प्रोडक्ट्स पर 80 फीसदी तक की छूट और 500 रुपए तक का कैशबैक पा सकते हैं। इसके अलावा 99 रुपए से शुरू होने वाले आइटम्स पर और अमेजन बाजार की पहली खरीदारी पर ग्राहकों को 50 रुपये तक का कैशबैक भी मिलेगा।

# गोविंद गोयल ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान, व्यापारियों का मिला जनसमर्थन

## उन्नति पैनल ने मंदिर में मत्था टेककर किया चुनाव अभियान प्रारंभ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भोपाल के चुनाव की सरगर्मी दूसरे चरण में बढ़ गई है। मंगलवार को चेंबर के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार गोविंद गोयल ने उन्नति पैनल के समस्त उम्मीदवारों के साथ पीरगेट स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर में मत्था टेक कर चुनावी रण में जनसंपर्क अभियान का बिगुल फूंका।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद गोयल के नेतृत्व में उन्नति पैनल के तमाम उम्मीदवारों ने चुनाव अभियान की शुरुआत कर सिंधी कॉलोनी शाहजहानाबाद, भवानी चौक मालीपुरा, इमामी गेट, कोहेफिजा और सिंधी मार्केट के चेंबर के व्यापारिक सदस्यों से भेंट की।

### जनसंपर्क अभियान में समस्त उन्नति पैनल के उम्मीदवार रहे मौजूद

इस अवसर पर अमित गोयल अरविंद जैन सुपारी, विनोद जैन एमपीटी ,संजीव जैन गेहूं , सुनील जैनाविन , प्रदीप सेवानी , हेमंत अग्रवाल , अमित कुमार बिंदल,अभिषेक जैन, आदित्य महेश सिंघई, अखिलेश मित्तल, अनिल मिश्रा, अमित जैन, सीएस भारत गुप्ता, मनोज कुमार साहू, राजीव साहू डब्बू ,सुलभ मित्तल सोनू भाभा सहित समस्त उम्मीदवार मौजूद रहे।


जनसंपर्क

### गोयल ने मतदाताओं से की चेंबर के मुद्दों के साथ व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा

*इस दरमियान गोविंद गोयल को व्यापारियों का अपार स्नेह और जनसमर्थन प्राप्त हुआ। इस दौरान गोयल ने मतदाताओं से चेंबर के मुद्दों के साथ-साथ व्यापारियों की तमाम समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि समस्यों का निराकरण करने के साथ ही भोपाल चेंबर को प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ और प्रतिष्ठित संस्था बनाएंगे।*

### पुराने शहर में पार्किंग और अतिक्रमण की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित : गोयल

*गोयल ने मतदाताओं से कहा कि वह बीसीसीआई भोपाल को मध्य प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ चेंबर इकाई के रूप में बनाने के लिए संकल्पित हैं। पुराने शहर में जो पार्किंग की और अतिक्रमण की समस्याओं का सामना व्यापारी भाइयों को करना पड़ता है उससे निजात दिलाना ही अब हमारा संकल्प रहेगा। इतना ही नहीं व्यापारियों के लिए चेंबर सदैव खुला रहेगा, जिन व्यापारी बंधुओं का पंजीयन अभी चेंबर में नहीं हो पाया है उन सब का पंजीयन करना पहली प्राथमिकता होगी।*

## कृषि उपज विपणन कर अपवंचन रोकने मंडी बोर्ड की कठोर प्रणाली सभी मंडियों में लागू

# अवैध परिवहन पर अब 5 गुना समझौता राशि नहीं बल्कि संपूर्ण माल होगा राजसात : पुरुषोत्तम

वाणिज्य प्रतिनिध ▶▶ भोपाल

मौजूदा समय में जो कृषि उपज विपणन की व्यवस्था है उसे और बेहतर बनाते हुए किसानों को बेहतर से बेहतर विपणन व्यवस्था और सेवाएं उपलब्ध कराने मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के आयुक्त सह प्रबंध संचालक की मूल मंशा है। कृषि उपज विपणन की व्यवस्था को लेकर उनका मूल आशय यह भी है कि मंडी शुल्क के रूप में जो टैक्सेशन व्यवस्था लागू है वह मंडी समिति को मिलें, क्योंकि इस राशि से मंडी का विकास होता है। किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है।


कुमार पुरुषोत्तम

### मंडी शुल्क चोरी की कई शिकायतें प्राप्त हुई

मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरूषोत्तम को कृषि उपज विपणन के मामले में कई कर चोरी की शिकायतें प्राप्त हुई। जिसके बाद उन्होंने कर चोरी के खिलाफ सख्त और कठोर कदम उठाएं हैं। गौरतलब है कि मौजूदा में कृषि उपज मंडियां में कर चोरी के मामले पकड़े जाने पर प्रशमन शुल्क 5 गुना राशि बतौर मंडी शुल्क का वसूला जा रहा हैं।

### सभी अधिकारियों और मंडी सचिवों को कठोर कार्रवाई करने के निर्देश

मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक ने इस व्यवस्था और कठोर बनाने हुए मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत यह निर्णय लिया और सभी आंचलिक संभागों के अधिकारी, मंडी सचिवों को निर्देश और आदेशित किया है कि कर चोरी के उजागर होने वाले और पकड़ने जाने पर संपूर्ण माल को राजसात किया जाए।

### विशेषकर मूंगफली पर देय मंडी शुल्क का हो रहा अपवंचन

कुछ व्यापारियों-परिवहनकर्ताओं द्वारा अधिसूचित कृषि उपज, विशेषकर मूंगफली पर देय मंडी शुल्क का अपवंचन किया जा रहा है। ऐसे मामलों में बिना मंडी शुल्क जमा किए कृषि उपज का परिवहन किया जा रहा है अथवा अनुज्ञापत्रों में कूटरचना कर फर्जी अनुज्ञापत्रों के माध्यम से मंडी शुल्क अपवंचन का प्रयास किया जा रहा है। ग्वालियर-चंबल संभाग से ऐसे मामलों की सूचना प्राप्त हुई है, जिनमें मूंगफली का परिवहन, बिना मंडी शुल्क भुगतान किए अथवा कूटरचित अनुज्ञापत्रों के माध्यम से किया गया है।

### ताकि किसानों को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो

कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि अब अगर कोई अवैध परिवहन करता पाया जाता है मंडी प्रशासन अब समझौता राशि ना लेकर माल को राजसात करेगा। साथ ही साथ आईटी का उपयोग करके व्यवस्था ऐसी बनाई जाएगी की कर अपवंचन शून्य है। कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक टैक्स प्राप्ति हो, जिससे उस राशि का उपयोग किसानों के हित में किया जाए और सरकार के मंशा के अनुरूप किसान भाईयों को बेहतर से बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

### मंडी प्रशासन की यह कठोर कार्रवाई

इस पूरे मामले पर मंडी बोर्ड एमडी कुमार पुरूषोत्तम ने कहा कि मंडी शुल्क की कर चोरी रोकने के लिए अवैध रूप से परिवहन और विपणन होने वाले कृषि उपज के खिलाफ मंडी प्रशासन की यह कठोर कार्रवाई है, खासकर मूंगफली। क्यों मूंगफली में 1 फीसदी मंडी शुल्क होने के साथ 5 फीसदी जीएसटी का करारोपण है।

### इस संबंध में निर्देश प्रसारित

परिवहन के दौरान अनुज्ञापत्र के क्यूआर कोड को स्कैन कर उसकी प्रामाणिकता की जांच की जाए। ऐसे किसी भी प्रकरण में, जिसमें अनुज्ञापत्र कूटरचित, फर्जी पाया जाए, अधिनियम की धारा 53 अंतर्गत अपराधों का प्रशमन नहीं किया जाए अपितु वैधानिक कार्यवाही की जाए।

## 14 महीने का सफर 30 दिन में पूरा

# सोना पहली बार 1.50 लाख के पार, चांदी 3.30 लाख के करीब

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की मांग के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी ने नए रिकॉर्ड स्तरों को छू लिया। बाजार के लिए सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा चांदी की चाल रही है। जिस चांदी को 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम से दो लाख रुपए तक पहुंचने में 14 महीने का वक्त लगा था, उसने दो लाख से तीन लाख रुपए का सफर महज एक महीने में ही तय कर लिया।

सोने चांदी के वायदा कारोबार ने मंगलवार को अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। सोने के वायदा भाव पहली बार 1.50 लाख रुपए पार कर गए, तो चांदी 3.30 लाख रुपए के करीब पहुंच। ग्लोबल मार्केट में सोना 4,700 डॉलर और चांदी 95 डॉलर पार कर चुकी है।

बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल, आनंद सोनी ने बताया कि नए अमेरिकी टैरिफ के डर के कारण सोने चांदी की सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ रही है। साथ ही चांदी की औद्योगिक मांग भी तेजी से बढ़ी है।




इससे चांदी सोने की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। सोने-चांदी का रेशियो 50 के करीब आ गया है। यह दिखाता है कि इतनी तेजी के बाद भी चांदी के भाव मजबूत रहने की संभावना है। हालांकि मुनाफावसूली से तेज गिरावट भी संभव है। गौरतलब है कि सोने के वायदा भाव मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क फरबरी कॉन्ट्रैक्ट 141 रुप की तेजी के साथ 1,45,775 रुपए के भाव पर खुला और 1,52,500 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,45,500 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। जबकि एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 3,776 रुपए की गिरावट के साथ 3,06,499 रुपए पर खुला। शाम तक चांदी ने 3,27,998 रुपए के भाव पर दिन का उच्च भाव को छुआ।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी के प्रो. अमितबोध उपाध्याय एस्पिरेंट कैटेगरी में सम्मानित



**भोपाल।** आईआईटी कानपुर में आयोजित स्वयं-एनपीटीईएल वर्कशॉप में एलएनसीटी समूह की सक्रिय भागीदारी की। आईआईटी कानपुर में आयोजित स्वयम-एनपीटीईएल वर्कशॉप में एलएनसीटी समूह की विभिन्न संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही। बीते दिनों आईआईटी कानपुर में स्पोक वर्कशॉप आयोजित किया गया, जिसमें एलएनसीटी एंड एसके स्पोक प्रो.(डा.) अमितबोध उपाध्याय को एस्पिरेंट केटेगरी में सम्मानित किया गया। इसी केटेगरी में एलएनसीटी को भी सम्मानित किया गया हैं, जेएनसीटी की स्पोक डॉ. अयोनिजा पाठरे को एक्टिव लोकल चैप्टर के लिए सम्मानित किया गया, एलएनसीटीई को भी इसी केटेगरी में सम्मानित किया गया हैं ।यह सम्मान प्रो ( डा.) सत्यकी राय, नेशनल कोऑर्डिनेटर एनपीटीईएल , प्रोफेसर अंनगना सेन गुप्ता, प्रोफेसर टी रविचंद्रन एवं शिक्षाविदों ने प्रदान किए। इस अवसर पर एलएनसीटी समूह के चेयरमैन जेएन चौकसे , वाईस चेयरपर्सन पूनम चौकसे एवं सचिव डॉ. अनुपम चौकसे सभी से अपना नॉलेज अपडेट करने के लिए ₹एनपीटीईएल एवं स्वयम₹ के कोर्स करने का आहवान किया है। इस अवसर पर अमितबोध उपाध्याय ने फीडबैक सेशन में सभी से अपने ज्ञान का उपयोग समाज और राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया और प्रधानमंत्री के आह्वान आत्म निर्भर भारत में भूमिका सुनिश्चित कर , समाज और राष्ट्र की समस्याओं के समाधान में शामिल होने पर जोर दिया।

### आईसीआईसीआई बैंक ने दानिश कुंज में नई शाखा खोली




**भोपाल।** आईसीआईसीआई बैंक ने राजधानी के दानिश कुंज में अपनी एक नई शाखा शुरू की है। शहर में यह बैंक की 35वीं शाखा है, जो एटीएम और कैश रीसाइक्लिंग मशीन से सुसज्जित है। एलएनसीटी ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष जय नारायण चौकसे ने इस शाखा का उद्घाटन किया। यह शाखा खातों और जमा योजनाओं की विस्तृत श्रृंखला पेश करती है, जिसमें बचत और चालू खाते, डीमैट और ट्रेडिंग खाते, फिक्स्ड और रिकरिंग डिपॉजिट शामिल हैं। इसके अलावा यहाँ एजुकेशन लोन, गोल्ड लोन, होम लोन, ऑटो लोन, प्रॉपर्टी पर लोन, पर्सनल लोन, बिजनेस लोन और विदेशी मुद्रा सेवाओं के साथ कार्ड सेवाएं भी उपलब्ध हैं। मध्य प्रदेश में आईसीआईसीआई बैंक की 330 से अधिक शाखाएं और 400 से अधिक एटीएम व सीआरएम मशीनें हैं।

### डीपी ज्वेलर्स की आज से उज्जैन ब्रांच में वर्ल्ड ऑफ डायमंड्स की प्रदर्शनी

**भोपाल।** डीपी ज्वैलर्स ने उज्जैन में 21 जनवरी से 1 फ़रवरी 2026 तक आयोजित होने वाली वर्ल्ड ऑफ डायमंड्स प्रदर्शनी की घोषणा की। इस वर्ष की प्रदर्शनी को नवीन और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है, जो शोरूम के भीतर की भव्यता को पूर्ण रूप से निखारता है। प्रदर्शनी में आने वाले ग्राहकों का स्वागत शोरूम के नवीन रूप से सुसज्जित अग्रभाग में किया जाएगा, जिसे समकालीन सौंदर्यबोध और सुरुचिपूर्ण बनावट के साथ तैयार किया गया है। प्रदर्शनी में ग्लोबल ट्रेंड्स से प्रेरित डायमंड ज्वेलरी का विस्तृत संग्रह है, जिसे आधुनिक इनोवेशन और पारंपरिक कलात्मकता के बीच संतुलन बनाने के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है। कलेक्शन में क्लासिक सॉलिटेयर, लेयर्ड डायमंड स्टाइल, ब्राइडल डिज़ाइन और दैनिक उपयोग की शोभा बढ़ाने वाले सुसंस्कृत एवं परिष्कृत आधुनिक डिज़ाइन शामिल हैं।

### स्टेरिस हेल्थकेयर ने भोपाल में स्थापित किया अत्याधुनिक वितरण केंद्र

**भोपाल।** फार्मास्युटिकल कंपनी स्टेरिस हेल्थकेयर ने मध्य प्रदेश में अपने ऑपरेशंस का विस्तार करते हुए भोपाल में एक अत्याधुनिक वितरण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। इस पहल से मध्य भारत में कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी और देशभर में नवीन और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ेगी।हाल ही में वार्षिक बिक्री में 100 करोड़ रुपये का रेवन्यू पार करने वाली स्टेरिस हेल्थकेयर, मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए तैयार है, जो उच्च गुणवत्ता वाले फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग वाला एक महत्वपूर्ण बाजार है। स्टेरिस हेल्थकेयर के डायरेक्टर और सीईओ जीवन कसारा ने कहाकि मध्य प्रदेश में अपने ऑपरेशंस का विस्तार करना, स्टेरिस हेल्थकेयर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मध्य प्रदेश की गतिशील विकास क्षमता इसे हमारी डिलीवरी कैपेबिलाइट्स को मजबूत करने और ग्राहकों को बेजोड़ दक्षता के साथ सेवा प्रदान करने के लिए आदर्श बनाती है। यह नया डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर मध्य प्रदेश में रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, वितरकों और फार्मेसियों के साथ गहरी साझेदारी संभव हो सकेगी।

STERIS

### फ्लिपकार्ट ने किया मार्केटप्लेस फ्रेमवर्क को मजबूत

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट अपने प्लेटफॉर्म पर निष्पक्षता, प्रामाणिकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अपने कंप्लायंस गवर्नेंस फ्रेमवर्क में लगातार निवेश कर रहा है। संगठन में ये सिस्टम स्थिर मानकों, आंतरिक कंट्रोल और ऑडिट-रेडी प्रक्रियाओं के साथ काम करते हैं। यह प्रोएक्टिव और विकसित दृष्टिकोण फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस की गवर्नेंस के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिस पर 1.4 मिलियन से अधिक सैलर्स की लाखों लिस्टिंग्स हैं। बेहतरीन टेक्नोलॉजी, संरचनाबद्ध मानवीय निगरानी और औपचारिक कंप्लायंस नीतियों की मदद से फ्लिपकार्ट एक विश्वसनीय, सुसंचालित वातावरण सुनिश्चित करता है, ताकि व्यवसाय लगातार विकास कर सकें और ग्राहकों को सुरक्षि और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त हो सकें। फ्लिपकार्ट एक मानक, रिस्क-आधारित ऑनबोर्डिंग एवं मॉनिटरिंग सिस्टम द्वारा सुरक्षा की पहली दीवार पेश करता है, जो अनुपालन न करने वाले और जाली सैलर्स को प्लेटफॉर्म पर प्रवेश करने और संचालन करने से रोकती है।

### क्रोमा की गणतंत्र दिवस सेल शुरू, आकर्षक ऑफर्स

**मुंबई।** क्रोमा ने अपनी बहुप्रतीक्षित गणतंत्र दिवस सेल की घोषणा की है। इस सेल में स्मार्टफोन, लैपटॉप, टेलीविजन, बड़े उपकरणों और ऑडियो उत्पादों पर शानदार डील्स और ऑफर्स उपलब्ध हैं। यह सेल अब सभी क्रोमा स्टोर्स पर लाइव है और 26 जनवरी तक जारी रहेगी। क्रोमा स्टोर्स पर खरीदारी करने वाले ग्राहक बैंक कैशबैक, एक्सचेंज बोनस, छात्रों के लिए विशेष मूल्य (स्पेशल स्टूडेंट प्राइज़िंग), और आसान ईएमआई विकल्पों का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, एचडीएफसी टाटा नेऊ कार्ड धारक चुनिंदा एप्पल उत्पादों पर 10 फीसदी तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं। गणतंत्र दिवस के ऑफर्स के दौरान 82,900 की कीमत वाला आई फोन 17 अब केवल 47,990 रुपए की कीमत में मिलेगा।

### मैट्रिमोनी डॉट कॉम ने लांच की विशेष जैन एलीट मैट्रिमोनी सेवा

**चेन्नई।** मैट्रिमोनी.कॉम की एक प्रीमियम मैचमेकिंग सेवा-एलीट मैट्रिमोनी ने आज जीतो यूथ विंग द्वारा चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय युवा सम्मेलन 2026 में जैन एलीट मैट्रिमोनी के लांच की घोषणा की। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 26 देशों के 3,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिससे यह वैश्विक स्तर पर युवा जैन पेशेवरों और बिज़नेस लीडरों का एक सबसे बड़ा सम्मेलन बन गया। एलीट मैट्रिमोनी की शुरुआत वर्ष 2008 में हुई थी, तभी से इसने भारत के सबसे प्रतिष्ठित परिवारों के लिए एक प्रीमियर मैचमेकिंग सेवा प्रदान करते हुए अपनी एक खास पहचान बनाई है।

गुणवत्ता को संस्कृति का हिस्सा बनाने की आवश्यकता

# सरकार छोटी-मझोली कंपनियों के लिए गुणवत्ता प्रमाणन शुल्क में छूट तीन साल और बढ़ाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार छोटे और मझोले उद्यमों को समर्थन देने के लिए गुणवत्ता प्रमाणन शुल्क में दी जाने वाली छूट की समय सीमा को मौजूदा मध्य 2026 से तीन साल आगे बढ़ाने जा रही है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत विनिर्माण में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के नजरिये को बढ़ावा दे रहा है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इस विस्तार के लिए एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसके तहत सूक्ष्म इकाइयों को शुल्क में 80 प्रतिशत, छोटे उद्यमों को 50 प्रतिशत और मध्यम आकार की कंपनियों को 20 प्रतिशत की छूट दी जाती है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव भरत खेड़ा ने पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक कार्यक्रम में कहा कि हाल में हमने एक प्रस्ताव पेश किया है और इसे जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावना है...। यह रियायत अगले तीन वर्षों के लिए उपलब्ध होगी।" खेड़ा ने कहा कि देश को अपने 'विकसित भारत' के विनिर्माण दृष्टिकोण को हकीकत में बदलने के लिए केवल अनुपालन पर जोर देने के बजाए गुणवत्ता को संस्कृति का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है।

# पीएनबी के तीसरी और 9वीं तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक, देश के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक, ने आज वित्त वर्ष 2026 की तीसरी और 9 वीं तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम घोषित किए। शुद्ध लाभ वर्ष-दर-वर्ष 13.1फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 5,100 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 4,508 करोड़ था।

अस्तियों पर रिटर्न वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 1.03 फीसदी से सुधरकर वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 1.06 फीसदी हो गया। परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष 13 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में .7,481 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 6,621 करोड़ था। सकल गैर-निष्पादित अस्तियां अनुपात दिसंबर 24 के 4.09 फीसदी से वर्ष-दर-वर्ष 90 आधार अंक सुधरकर दिसंबर 2025 में 3.19 फीसदी हो गया।

### मणिपाल हॉस्पिटल में रीढ़ की सफल सर्जरी

**कोलकाता।** मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप की इकाई मणिपाल हॉस्पिटल, मुकुंदपुर ने लगातार दो जटिल रीढ़ की हड्डी की सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की। इन सर्जरी के ज़रिए एक किशोरी और एक बुजुर्ग महिला की चलने-फिरने की क्षमता और जीवन की गुणवत्ता को फिर से बेहतर बनाया गया। यह इलाज डॉ.अनिंद्य बसु, सीनियर कंसल्टेंट एवं क्लिनिकल लीड स्पाइन सर्जरी, मणिपाल हॉस्पिटल मुकुंदपुर की देखरेख में किया गया।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय-1
पर्यावास भवन, भोपाल

**निविदा द्वारा चल संपत्ति की ई-नीलामी सूचना**

ऋण न चुकाने पर जब्त किये गये निम्न वाहन को जैसे है जहाँ है के आधार पर ऑन लाईन ई-नीलामी द्वारा विक्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति संबंधित शाखा द्वारा वित्त पोषित वाहन खरीदने हेतु प्रस्ताव के साथ निम्न वर्णित तालिका में वर्णित बयाना जमा राशि, जो कि नेफ्ट/आरटीजीएस के माध्यम से खाता सं. **209272434** केनरा बैंक, संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो, संलग्न होना चाहिए। बैंक, किसी एक या सभी प्रस्तावों को, बिना कोई कारण बताएं, निरस्त करने का अधिकार रखता हैं। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **29-01-2026** शाम 5.00 बजे तक हैं। विक्रय की जाने वाली संपत्ति का विवरण निम्नानुसार है।

| ऋणी का नाम | मॉडल/मेक/पंजीयन क्र./ इंजिन नं./चेसिस नं. | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| रायसेन रोड शाखा, भोपाल खाता सं. 209272434 IFSC Code: CNRB0005276 | | |
| ऋणी- श्री नरेन्द्र कुशवाहा | ATUL AUTO RICKSHAW MP04RA9753 / A8D1191806 MCG27P3DKE1810476 | ₹ 25000/- / ₹ 2500/- / ₹ 2000/- |

ई-नीलामी दिनांक 30-01-2026 को दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे तक

ईएमडी एवं केवायसी दस्तावेज जमा करने की अंतिम दिनांक: 29-01-2026 शाम 5.00 बजे तक

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय-1, वसूली विभाग, भोपाल ब्लाक नं. 3, पाँचवीं मंजिल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 फोन नं. **8871888343** या केनरा बैंक की वेबसाइट **https://baanknet.com** या सर्विस प्रदाता की वेबसाइट पर संपर्क करें।

दिनांक- 20-01-2026, स्थान-भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

**कार्यालय परिसमापक, सहकारी संस्थाऐं, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

क्रमांक/परिसमापन /2026/क्यू — नर्मदापुरम दिनांक 13.01.2026

**(म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 57 (ग) के अन्तर्गत)**

कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ जिला नर्मदापुरम के द्वारा निम्नलिखित सहकारी समितियों को मध्यप्रदेश सहकारी अधिनियम 1960 की धारा 69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अंतर्गत मुक्षे परिसमापक नियुक्त किया गया है।

| क्र. | संस्था का नाम | पंजीयन क्रमांक | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित पिपरियाकला | 2898 | 09.11.2006 |
| 2. | नर्मदा क्रय बिक्रय सहकारी समिति मर्यादित सिवनी मालवा | 2903 | 12.12.2006 |

अतः मध्यप्रदेश सहकारी अधिनियम 1960 के नियम-57 (ग) के अंतर्गत उक्त संस्था के समस्त दावेदारों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे संस्था के विरूद्ध अपने समस्त दावों को सूचना के प्रकाशन दिनांक से 02 माह के अदर मय प्रमाण के यदि हो तो मुझे लिखित रूप से कार्यालय उप पंजीयक सहकारिता जिला नर्मदापुरम में प्रस्तुत कर सकते है। त्रुटि की दशा में साहुकार गण किसी भी लाभ के बटवारें से वंचित होने के दायित्वाधीन होगें। यदि 02 माह की अवधि में किसी दावेदार कोई दावा प्रस्तुत नही किया तो बाद में उसका दावा (क्लेम) मान्य नही किया जावेगा एवं संस्था की लेखा पुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयमेव मुझे विधिवत प्रस्तुत किये समझे जायेगे।

(आर.बी. रघुवंशी)
परिसमापक
कार्यालय उप पंजीयक
सहकारी संस्थाऐं नर्मदापुरम

जी - 24659/25 — स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# भाजपा में अब 'युवा युग' की शुरुआत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नेतृत्व परिवर्तन केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक सोच का संकेत है, जिसमें भविष्य की राजनीति को ध्यान में रखते हुए युवाओं को निर्णायक भूमिका सौंपी जा रही है। 45 वर्षीय नितिन नबीन का भाजपा अध्यक्ष बनना इसी रणनीतिक दिशा की पुष्टि करता है। यह कदम न केवल पार्टी के भीतर पीढ़ीगत संतुलन को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भाजपा अब स्वयं को "नए भारत" की आकांक्षाओं के अनुरूप ढाल रही है और भविष्य की राजनीति को वर्तमान में आकार देना चाहती है। यह फैसला भाजपा की उस दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाता है, जिसमें संगठन को उम्र, ऊर्जा और विचार तीनों स्तरों पर नई धार देने का प्रयास किया जा रहा है। जनसंघ काल से ही भाजपा ने कार्यकर्ता आधारित संगठन का दावा किया है और यह नियुक्ति उसी परंपरा का विस्तार है। 46 वर्ष पुरानी पार्टी का अध्यक्ष यदि 45 वर्ष का हो, तो यह केवल संयोग नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का परिणाम है। इसे भाजपा में नए युग, या कहें 'युवा युग' यानी जेन जेड की औपचारिक शुरुआत माना जा सकता है। भाजपा का यह निर्णय कि संगठन में 70 फीसदी पद 60 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को और 30 फीसदी पद 60 वर्ष से अधिक आयु के अनुभवी कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे, एक संतुलित और व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत करता है। यह मॉडल भारतीय राजनीति में एक नई कार्य संस्कृति को जन्म दे सकता है। आंकड़े इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में 55 वर्ष से कम आयु के 20 मंत्री यानी 33 फीसदी संख्या होना, भाजपा शासित राज्यों में 9 मुख्यमंत्री 55 साल की उम्र से कम होना यानी 64 फीसदी मुख्यमंत्रियों का युवा होना और प्रदेश अध्यक्षों में लगभग 14 का 55 साल की उम्र से कम होना यानी 38 फीसदी युवा नेतृत्व यह दर्शाता है कि यह बदलाव केवल शीर्ष स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन की जड़ों तक पहुंच चुका है। यह भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देता है, जहां नेतृत्व परिवर्तन अक्सर मजबूरी में होता है, न कि रणनीति के तहत। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों पर फोकस भी इसी युवा रणनीति का हिस्सा है। ये दोनों राज्य राजनीतिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं। यहां युवा नेतृत्व न केवल संगठन को मजबूती दे सकता है, बल्कि स्थानीय मुद्दों, युवाओं की आकांक्षाओं और क्षेत्रीय अस्मिता को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि "अब 45 साल के नबीन मेरे बॉस होंगे" केवल औपचारिक बधाई नहीं, बल्कि पार्टी कैडर के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि नेतृत्व की कसौटी उम्र नहीं, बल्कि क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन है। मंगलवार को नितिन नबीन का कार्यभार संभालना इसी विश्वास को संस्थागत रूप देता है। 1951 में जनसंघ की स्थापना, 1980 में भाजपा का गठन और अब 46 वर्षों की यात्रा में पार्टी ने कई राजनीतिक दौर देखे हैं। आज का यह बदलाव उसी यात्रा का अगला पड़ाव है, जहां भाजपा खुद को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रही है। अंततः, भाजपा में यह 'युवा युग' केवल चेहरों का बदलाव नहीं है, बल्कि सोच, कार्यशैली और राजनीतिक संवाद में परिवर्तन का संकेत है। यदि युवा ऊर्जा को वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन के साथ जोड़ा गया, तो यह बदलाव न केवल भाजपा, बल्कि भारतीय राजनीति के लिए भी एक नया मानक स्थापित कर सकता है।



मिशन
गीता शुक्ला

# क्या बंगाल में भी परचम लहराएगी भाजपा

> बीजेपी ने गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी। पश्चिम बंगाल की सता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं।

बिहार के बाद महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम ने लोगों को फिर चौकाया है। बीजेपी के प्रति इतना जबर्दस्त समर्थन अब विरोधियों को भी यह कहने पर मजबूर कर रहा है कि भगवा पार्टी कमाल कर रही है। उसका संगठन अब इतना मजबूत हो चुका है कि कोई अन्य पार्टी उसके आसपास भी खड़ी नहीं हो पा रही है। जाहिर है कि बीजेपी में जिस प्रोफेशनल एक्सेलेन्स की बात अखिलेश यादव ने की है, उसे पार्टी में लाने का श्रेय किसी को जाता है तो वह गृह मंत्री अमित शाह हैं, और अब उन्हीं गृह मंत्री के हाथों में बीजेपी ने बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी।

बंगाल से जुड़े कई स्वतंत्र टिप्पणीकार यह कहने लगे हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 50 सीटों से भी नीचे चली जाएगी और आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी सीट भवानीपुर को भी बचाने में बड़े पापड़ बेलने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। दरअसल, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति से प्रदेश की 70 फीसदी जनता ऊब चुकी है और इस बार बदलाव की आवाज साफ सुनाई दे रही है। जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने 29 से 31 दिसंबर तक की कोलकाता की यात्रा की, स्थानीय लोगों और बीजेपी कार्यकर्त्ताओं में इसी तरह का जज्बात साफ दिखाई दिया था। यह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान की एक तरह से शुरुआत थी। अमित शाह ने अपने चीरपरिचित अंदाज में मैराथन संगठनात्मक बैठकें कीं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आरएसएस के पदाधिकारियों को भी जाग्रत कर दिया और लगे हाथ उन्होंने पश्चिम बंगाल में बीजेपी के लिए दो-तिहाई बहुमत की भविष्यवाणी भी कर दी।

अमित शाह जिस भी विधान सभा चुनाव की जिम्मेदारी लेते हैं, वहां सबसे पहले संगठन को कसने से ही शुरुआत करते हैं। विधायकों, सांसदों के साथ साथ नगर निगम पार्षदों तक के साथ लगातार बंद कमरे में बात करते हैं और कहीं भी किसी गफलत की गुंजाइश नहीं छोड़ते हैं। अपने वैचारिक मूल संगठन के बीच का उनका समन्वय जबर्दस्त होता है। फिर अपने प्रतिस्पर्धियों की कमजोरियों और मुद्दों को चिन्हित कर उनके काउन्टर नैरेटिव तैयार करवाते हैं और उस पर कार्पेट बॉम्बिंग शुरू कर देते हैं। पश्चिम बंगाल में भी अमित शाह ने ममता सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, चिट फंड घोटाला, नौकरी घोटाला, कोयला घोटाला और पशु तस्करी के मुद्दे चिन्हित कर लिए हैं और उसमें संलिप्त तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों के नाम भी उजागर कर दिए हैं। राज्य के कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने के कारण जेल जाने की घटनाएं लोगों के दिमाग में पहले से ही अंकित हैं। सबसे ऊपर बीजेपी जिस मुद्दे को लेकर चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त है, वह है बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा। ममता बनर्जी इस मुद्दे पर घिर चुकी हैं।

अमित शाह के इस आरोप का उनके पास जवाब नहीं है कि आखिर सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने



बीएसएफ़ को ज़मीन देने से क्यों इनकार किया। बीजेपी ने यह रिकार्ड पेश किया है कि असम और त्रिपुरा से घुसपैठ की घटनाएं लगभग बंद हो गई हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में अब भी जारी हैं। इस कारण बंगाल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। खड़गपुर से कोलकाता और बर्धमान से सिलीगुड़ी तक का पूरा इलाका डेमोग्राफिक रूप से बदल गया है। स्थानीय लोग ही बताते हैं कि ये सारे इलाके अब बांग्लादेशी निवासियों से भर गए हैं।

ये पश्चिम बंगाल के मूल निवासी नहीं हैं, लेकिन संसाधनों पर इनका कब्जा हो चुका है। वे बेहतर पैसे और अच्छी ज़िंदगी के लालच में आए थे, लेकिन बंगाल के राजनीतिज्ञों ने उनका यहीं बसेरा बना दिया। बंगाल की संस्कृति, जीवन शैली, परंपरा, आदि. सब कुछ बदल गया है। बीजेपी के इस वादे में बंगाली समुदाय को एक विश्वास दिखता है कि घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नेशनल ग्रिड बनना चाहिए और गृह मंत्री इसको चुनावी अभियान का हिस्सा बनाना चाहते हैं। देखा जाए तो बीजेपी की चुनावी राजनीति की कमान जब से अमित शाह संभाल रहे हैं, तब से लगातार पश्चिम बंगाल में भी पार्टी की स्थिति सुधर रही है। 2016 के विधान सभा चुनाव में बीजेपी को केवल 3 विधानसभा सीटों में ही जीत हासिल हुईं थी, लेकिन 2021 में 77 सीटों को जीतने में बीजेपी सफल रही। उसी तरह से 2014 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में बीजेपी को 17 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 39 प्रतिशत वोटों का सहारा मिला। पिछली हार से सबक लेते हुए भाजपा इस बार जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट गयी है। पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने के लिए नेताओं को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि पिछली बार बंगाली अस्मिता का मुद्दा उठाकर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को बाहरी पार्टी के तौर पर प्रचारित किया और चुनाव में इसका लाभ तृणमूल कांग्रेस को मिला। इस बार भाजपा बंगाली अस्मिता के मुद्दे पर सतर्क है। बिहार जीत से उत्साहित भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल को लेकर सटीक और सधी रणनीति अपना रही है। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्रियों का दौरा तेज होने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं। दूसरी तरफ, ममता बनर्जी के शासन काल में अपराध और अपराधियों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। खुद मुख्यमंत्री अराजकता की लाइन पार करती दिखाई देती हैं। वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा का भी अक्सर उल्लंघन करती दिखाई देती हैं। केंद्र के साथ बैठकों में भी कागज़ फेंकने, झल्लाने और घमंड दिखाने से बाज नहीं आतीं। बंगाल के लोगों को ममता की इस शासन संस्कृति से लज्जित होना पड़ता है।

पीएम मोदी लगातार धैर्य और सहिष्णुता से पेश आते रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में ईडी के अधिकारियों के साथ ममता का असंवैधानिक व्यवहार उनकी सरकार को बर्खास्त करने का कारण बन सकता था। फिर भी बीजेपी नेतृत्व इसकी मांग से बच रहा है। बीजेपी संभवतः यह मान रही है कि 2026 में बंगाल की सीएम ममता नहीं होंगी और टीएमसी के लिए खुद को बचाए रखना भी संभव नहीं होगा। माना जा रहा है कि मुस्लिम वोट के लिए हिंदुओं के साथ भेदभाव का यह दौर अब आगे नहीं चल सकता। अमित शाह ज़्यादातर मामलों में अपनी बात पर खरे उतरे हैं, अब देखना यह है कि बंगाल भी उनके लिए उनके वादे के साथ खड़ा होगा या नहीं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

ऋतुपर्ण दवे




# ग्रीनलैंड का सपना ट्रंप का बाल हठ या राज हठ

कभी ट्रम्प तानाशाह तो कभी तुनक मिजाज लगते हैं। शायद अमेरिकावासियों को भी अब ट्रम्प को समझ पाना मुश्किल हो रहा होगा। उन्हें चुनते वक्त भी ऐसा अंदाजा हरगिज नहीं रहा होगा। इतना तो समझ आ रहा है कि अपनी दूसरी पारी में ट्रम्प दुनिया में सबसे अलग करने की नीयत से हर वो काम करने पर आमादा हैं, जिससे उनकी चर्चा और धमक बनी रहे। लगता नहीं कि वो कभी अमेरिका के आदर्श राष्ट्र प्रमुखों में गिने जाएंगे! उनका दर्द जब-तब उनके बयानों से झलकता भी है। शांति के नोबल पुरस्कार की होड़ में मात खाने के बाद ट्रम्प एकाएक अशांतिपूर्ण हरकतों पर उतारू हो गए। उनकी टीस इसी बात से समझ आती है कि इस पुरस्कार के लिए खुद अपनी पैरवी करने वाले ट्रम्प ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को चिट्ठी लिख नोबेल नहीं मिलने की शिकायत तक कर दी। साथ ही यह भी लिखा कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल नहीं मिला, इसलिए उन्होंने अब शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर जबरन कब्जे की उनकी नीयत और कोशिशों की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने की खीझ भी स्पष्ट समझ आती है। रूस और चीन के खतरे की दुहाई देकर ट्रम्प नाटो सदस्य डेनमार्क के ग्रीनलैंड को हथियाने का जो दंभ भर रहे हैं, उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नाटो की एकता के साथ ही वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा माना जा रहा है। ट्रम्प की जिद कहें या दादागिरी, यह उनका दुनिया का तानाशाह बनने जैसा ही कदम कहलाएगा। देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरिका ही भुगतेगा, क्योंकि वैश्विक मंच पर दुनिया का दारोगा कहलाने वाले मजबूत देश की विश्वसनीयता कमेगी। ग्रीनलैंड की जिद पर दुनिया भर में शांति के पक्षधर लोगों की समझाइश का भी ट्रम्प पर कोई असर न पड़ना मामले को गंभीर बनाता है। ग्रीनलैंड में 1979 से स्व-शासन है। उसकी विदेश और रक्षा नीति नाटो संगठन का सदस्य देश डेनमार्क देखता है। ग्रीनलैंड डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त भाग है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क सरकारों ने भी हमेशा कहा है कि ग्रीनलैंड न कभी पहले बिकाऊ था, न आज है। नाटो देश भी कभी नहीं चाहेंगे कि कोई दादागिरी कर कब्जा कर ले।

खुद यूरोपीय देश फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन, डेनमार्क और इटली ने भी ट्रम्प के बयान की आलोचना की है। इतना ही नहीं, सामूहिक तौर पर जवाब देने की बात भी कह ट्रम्प को चेताया है। आठ यूरोपीय देशों डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड पर टैरिफ की धमकी को ये देश ट्रम्प का ब्लैकमेल, समझ से परे और अनुचित बता रहे हैं। ट्रम्प की हरकतों से यूरोप और अमेरिका के सुरक्षा सहयोग संगठन नाटो के भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह दिख रहा है। खुद 80 प्रतिशत अमेरिकी भी नहीं चाहते कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बने, क्योंकि इससे नाटो में दो फाड़ होगी, जिसका फायदा चीन और रूस जैसे अमेरिका विरोधियों को मिलेगा। ऐसा भी नहीं है कि यूरोपीय संघ यानी ईयू ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ का जवाब देने में पीछे है। ईयू 27 यूरोपीय देशों का राजनीतिक और आर्थिक संगठन है। इन देशों का रुख अमेरिका पर ट्रेड पाबंदियां लगाने का है, जिस पर वो गंभीरता से विचार कर रहे हैं। जबकि इनका लक्ष्य सदस्य देशों के बीच शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देना है। ऐसी स्थिति में नाटो देश भी अमेरिका की मुखालफत करेंगे। हालांकि, ईयू एक खास कानूनी हथियार के इस्तेमाल की सोच रहा है, जिसे 'ट्रेड बाजूका' कहते हैं। इसका मकसद उन देशों के खिलाफ कड़ा कदम उठाना है, जो यूरोपीय देशों पर जबरदस्ती आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। ईयू सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में भी हैं। जाहिर है इससे बहुपक्षीय तनाव बढ़ना ही है, जिसमें अमेरिका के विरोध में कई होंगे। इन सबके लिए जिम्मेदार ट्रम्प ही होंगे। ट्रम्प की मौजूदा सनक की वजह ग्रीनलैंड है जो सैन्य रणनीतिक लिहाज से बेहद खास है। जब ग्रीनलैंड अमेरिका का होगा तो निश्चित तौर पर वह रूस-चीन की बढ़त रोकने में मददगार होगा। इसीलिए ट्रम्प ग्रीनलैंड को अमेरिकी सुरक्षा का फ्रन्ट लाइन मानते हैं। दूसरी ओर ग्रीनलैंड में दुर्लभ खनिज, तेल, गैस और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार हैं। अब ट्रम्प की नीयत चाहे जो हो, वो उनका अंतर्मन ही जाने, लेकिन क्या नोबेल का शांति पुरस्कार मिलता तो भी ट्रम्प ऐसा करते? अब यह ट्रम्प का बाल हठ है या राज हठ, वही जानें फिलहाल ट्रम्प दुनिया में खुद को तमाशा जरूर बना रहे हैं। देखना है कि उनका खेल कब तक चलेगा?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
## दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।


# सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
## प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## माघ मेला



प्रयागराज। माघ मेले में लेसर शो हुआ। जिसमें भगवान विष्णु को श्रीरसागर में विश्राम की मुद्रा में दर्शाया गया।

## आज की पाती

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए।

*- अनिल पांडे, भिलाई*

## ट्रेंड

### नबीन को बधाई



नितिन नबीन संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि पर परिपक्व हैं और बिहार सरकार में कई बार मंत्री रहे हैं। संगठन के विभिन्न दायित्वों का उन्होंने एकनिष्ठता से निर्वहन किया है। ऐसे नौजवान, ऊर्जावान एवं प्रतिभावान अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के लिए बधाई।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कार्यकर्ताओं की मेहनत



आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है, तो इसकी वजह हमारा प्रेरणादायी नेतृत्व है, हमारी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत है। वो कार्यकर्ता, जो कठिन से कठिन परिस्थिति में भी भारत का ध्वज झुकने नहीं देता है।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### सत्र का घटता समय



देश में संसद व राज्य विधानमण्डलों के सत्र के घटते समय के साथ-साथ हर बार इनके भारी हंगामेदार एवं स्थगन आदि से इनकी जन उपयोगिता का घटता प्रभाव अक्सर गंभीर चिन्ता का विषय रहा है। इस पर सरकार और विपक्ष दोनों को अति-गंभीर होकर अमल भी ज़रूर करना चाहिये।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### पुलिसिया दुर्व्यवहार



प्रयागराज में माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार और उनका अन्न-जल त्यागकर धरने पर बैठना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर


# यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय गिराना शुरू



फलस्तीनियों को सहायता प्रदान करने वाले मानवीय समूहों पर प्रतिबंधों को कड़ा किए जाने के बीच इजराइल के कर्मचारियों ने पूर्वी यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय को बुलडोजर से गिराना शुरू किया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने 'एक्स' पर कहा कि इजराइली सेना ने संरा कार्यालय के कर्मचारियों के उपकरण जब्त कर लिए और उन्हें शेख जर्राह इलाके में स्थित इमारत से जबरन बाहर निकाल दिया। पोस्ट में कहा गया, यह न केवल यूएनआरडब्ल्यूए और उसके परिसर पर अभूतपूर्व हमला है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के विशेषाधिकारों का भी गंभीर उल्लंघन है।' इजराइल लंबे समय से यूएनआरडब्ल्यूए की आलोचना करता रहा है, क्योंकि उसका कहना है कि यह फलस्तीन समर्थक है। इजराइल ने समूह पर हमास से संबंध रखने का भी आरोप लगाया है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने पूरी तरह से नकार दिया है। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कार्रवाई उस नए कानून के तहत की गई है जिसके तहत आतंकवादी समूहों और हमास से संबंध रखने के आरोप में संगठन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## 26 से 29 जनवरी तक रविंद्र भवन और एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में मनाया जाएगा लोकरंग महोत्सव

# संत सिंगाजी नृत्य नाटिका के साथ गिद्दा, भांगड़ा बोरताल, डांडिया रास से संवरेगा 'लोकरंग महोत्सव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत की लोक-संस्कृति का जीवंत उत्सव 'लोकरंग', जहां परंपरा, रंग और रचनात्मकता एक साथ सांस लेते नजर आते हैं। मप्र के संदर्भ में लोकरंग महोत्सव जनजतीय जीवन, परम्परा और संस्कृति के वाहक की भूमिका निभाता है। भोपाल शहर में 26 से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले लोकरंग महोत्सव का आयोजन पहली बार शहर के दो प्रमुख स्थानों पर किया जाएगा। जहां एक ओर रविंद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर लोकरंग के अंतर्गत सांस्कृतिक झलकियां नजर आएंगी, तो वहीं जनजातीय संस्कृति और परम्परा के रुप में लोकरंग मेला शहर के एमव्हीएम ग्राउंड में आयोजित होगा। सैटेलाइट वेन्यू के रूप में शामिल एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में ही लोकरंग की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया जा रहा है।

**पहली बार एक साथ दो स्थानों पर शुरू होगा लोकरंग महोत्सव**


महोत्सव के लिए तैयार होता मंच।


एमवीएम ग्राउंड में तैयारी का एक दृश्य।


लोक नृत्य का अभ्यास करते हुए।

### इन जनजातीय प्रस्तुतियों से महक उठेगा मुक्ताकाश मंच

- 27 जनवरी-(मप्र के जनजातीय नृत्य) गोण्ड जनजातीय नृत्य- गुदुमबाजा, करमा-सैला- दिनेश भार्वे एवं साथी, डिण्डोरी
- भील जनजातीय नृत्य - मनीष सिसोदिया एवं साथी, धार
- 28 जनवरी, 2026-बैगा जनजातीय नृत्य - गणेश बैगा एवं साथी, बालाघाट
- लहंगी जनजातीय नृत्य- रामलखन आदिवासी एवं साथी, श्योपुर
- 29 जनवरी, 2026-कोरकू जनजातीय नृत्य- मंशाराम एवं साथी, हरदा
- भारिया जनजातीय नृत्य- शिवम डांडोलिया एवं साथी, छिंदवाड़ा

### 26 से 30 जनवरी तक होने वाली प्रस्तुतियां

- 26 जनवरी को लोकरंग का शुभारंभ, इसके साथ ही संत सिंगाजी के जीवन और अवदान केंद्रित नृत्य नाट्य 'खेती खेड़ो हरि नाम की' का मंचन। इस नाट्य प्रस्तुति का आलेख डॉ.श्रीराम परिहार, योगेश त्रिपाठी का है एवं निर्देशन चंद्रमाधव बारीक, भोपाल ने किया है।
- 27 जनवरी को हीराखान सिंह नृत्य नाट्य, जिसका निर्देशन नवीन सिंह श्याम, भोपाल ने किया। वहीं देशराग में वंदना भारद्वाज एवं साथी, दिल्ली द्वारा भोजपुरी, मैथिली लोक गायन की प्रस्तुति एवं साक्षी पटेरिया एवं साथी, मप्र द्वारा बुन्देली गायन की प्रस्तुति
- 28 जनवरी को रोशन लाल एवं साथी, चंबा द्वारा हिमाचली लोक गायन की प्रस्तुति एवं मणी माला सिंह एवं साथी, मप्र द्वारा बघेली लोक गायन की प्रस्तुति
- 29 जनवरी बॉबी सिद्धू एवं साथी, पंजाबी लोक एवं सूफी गायन की प्रस्तुति एवं पूर्णिमा चतुर्वेदी एवं साथी, भोपाल द्वारा निमाड़ी लोक गायन की प्रस्तुति

### अन्य राज्यों के लोक नृत्य

- 27 एवं 28, जनवरी-गिद्दा, भांगड़ा- जसबिंदर सिंह एवं साथी, पंजाब घूमर, पनिहारी डांस- मनोज जाले एवं साथी, हरियाणा
- 28 एवं 29 जनवरी-बोरताल, सत्रिया- नबजीत दास एवं साथी, असम डांडिया रास, गरबा- मीनलकुमारी उदयकुमार सेवक एवं साथी,गुजरात
- **श्रंगारी नृत्य**- अभीजीत दास एवं साथी, उड़ीसा
- **जघरणा, पहाड़ी**- मंदीप सिंह चीब एवं साथी, जम्मू-कश्मीर
- **27 से 29, जनवरी**-नृत्य दल सौंगी मुखौटा- प्रभाकर गवली एवं साथी, महाराष्ट्र
- **ढिमसा नृत्य** - वैष्णवी एवं साथी, आंध्रप्रदेश
- **सैला - करमा नृत्य**- हास्य कुमारी मरावी एवं साथी, मध्यप्रदेश
- **27 से 29, जनवरी**-नृत्य दल छोलिया नृत्य- चंदन सिंह बोरा एवं साथी, उत्तराखंड
- **भवई, घूमर, चरी**- जगदीश पंचारिया एवं साथी, राजस्थान


मयूर,चरखुला नृत्य, ढेड़ियि नृत्य
बच्चों के खेल दोपहर 02 बजे से 06 बजे

- **मलखंभ**- योगेश धर्मपाल मालवीय एवं साथी, उज्जैन -

कठपुतली / जियांट पपेट प्रदर्शन एवं कार्यशाला- अक्षय भाट, नई दिल्ली

- **नट**- ध्रुव सिंह एवं साथी, जयपुर, राजस्थान

### लोकरंग को विस्तार देते हुए दो वैन्यू का चुनाव



संग्रहाध्यक्ष, जनजातीय संग्रहालय अशोक मिश्रा ने बताया कि लोकरंग को विस्तार देते हुए इस बार यह महोत्सव दो स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। 26 जनवरी से 30 जनवरी से आयोजित इस लोक के इस पर्व में देश के 15 राज्यों के जनजातीय कलाकार शिरकत करेंगे। साथ ही सैटेलाइट वेन्यू के रूप में एमव्हीएम ग्राउंड पहली बार लोकरंग का हिस्सा होगा।

## लाल परेड ग्राउंड पर 'विकसित मप्र- 2047' संग नजर आएंगी लखपति दीदी

**गणतंत्र दिवस परेड 2026 के लिए मध्यप्रदेश में भव्य झांकियों की तैयारियां**

# कर्तव्य पथ पर जीवंत होगी लोकमाता देवी अहिल्या बाई की गौरव गाथा

मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस परेड के लिए गणतंत्र दिवस 2026 की तैयारियां जोरो शोरों पर हैं। इसके अंतर्गत जहां नई दिल्ली के 'कर्तव्य पथ' पर मप्र की सांस्कृतिक समृद्धि और नारी शक्ति का अनूठे संगम के रूप में पुण्य श्लोका लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर पर केंद्रित झांकी देखने को मिलेगी, तो वहीं लाल परेड ग्राउंड पर विकसित मप्र 2047 संग नजर आएगा रोबोटिक मैन्यूफेक्चर।

यह वर्ष लोकमाता की 300वीं जयंती का है, जिसे प्रदेश सरकार झांकी के माध्यम से पूरे विश्व के सामने गर्व के साथ प्रस्तुत कर रही है। मध्यप्रदेश की इस गौरवशाली विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान दिलाने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा पीपुल्स च्वॉइस अवार्ड के अंतर्गत ऑनलाइन वोटिंग का आयोजन किया जा रहा है।


नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के लिए मध्य प्रदेश की झांकी का मॉडल।

### देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा होगी प्रदर्शित

*अहिल्या बाई पर आधारित झांकी के अग्र भाग में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की वह चिर-परिचित वात्सल्यमयी प्रतिमा प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें वे हाथ में शिवलिंग धारण किए हुए है। झांकी के मध्य भाग में उन्हें अश्व पर सवार एक कुशल प्रशासक और वीरांगना के रूप में दिखाया जाएगा। झांकी के पिछले हिस्से में मां नर्मदा के तट पर स्थित ऐतिहासिक महेश्वर घाट, मंदिर और किले की भव्यता को उकेरा जाएगा। इसके साथ ही, लोकमाता द्वारा देश के विभिन्न कोनों में कराए गए मंदिरों के जीर्णोद्धार, जैसे वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, सोमनाथ और जगन्नाथपुरी आदि को भी पैनल के माध्यम से दर्शाया जाएगा। झांकी का एक विशेष आकर्षण विश्व प्रसिद्ध 'महेश्वरी साड़ी' का निर्माण करती महिलाएं रहेंगी।*

### 'एक बगिया मां के नाम' के साथ नजर आएगा रोबोटिक मैन्यूफेक्चर


रोबोटिक झांकी का मॉडल।

वहीं, प्रदेश स्तर पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए लाल परेड ग्राउंड एवं एमव्हीएम ग्राउंड पर भी झांकियों की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा अपनी अपनी झांकियों को तैयार किया जा रहा है। 26 जनवरी को लाल परेड ग्राउंड पर जहां एमएसएमई विभाग के द्वारा एलईडी स्क्रीन के डिस्प्ले के साथ रोबोटिक मैन्यूफेक्चर, मेगा इन्क्यूबेशन सेंटर के साथ यूनिकार्न के रूप में मप्र की विकास यात्रा का रोड मैप भी दर्शाया जा रहा है, जिसमें 2016 से 2047 तक मप्र के विकास के ग्राफ को दर्शाया जाएगा। वहीं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विकसित मप्र- 2047 की थीम पर झांकी बनाई जा रही है, जिसमें 'एक बगिया मां के नाम' संदेश के साथ साथ 'लखपति दीदी' को भी दर्शाया जाएगा।


'एक बगिया मां के नाम' की झांकी का मॉडल।

## महाभारत समागम का पांचवां दिन

# भारत भवन के मंचों पर 'जय', 'अभिमन्यु वध' और 'अंधायुग' का किया मंचन


अभिमन्यु वध की प्रस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में आयोजित महाभारत समागम के पांचवें दिन बहिरंग के मंच पर महाभारत की शाश्वत कथा को 21वीं सदी की संवेदना के साथ प्रस्तुत करती संगीत-नाट्य प्रस्तुति दर्शकों के लिए एक अनोखा और प्रभावशाली अनुभव लेकर आई। विश्वस्तरीय लाइटिंग, भव्य सेट, सुसज्जित परिधान, अत्याधुनिक साउंड और सशक्त लाइव गायन के साथ प्रस्तुति दृश्य और श्रव्य दोनों स्तरों पर प्रभाव छोड़ती है। द प्राइम टाइम थिएटर कंपनी, मुंबई द्वारा प्रस्तुत यह रॉक म्यूजिकल अंग्रेजी भाषा में मंचित किया गया, जिसका निर्देशन देश की प्रख्यात रंगनिर्देशक लिलेट दुबे ने किया है। इसके पहले पूर्वरंग मंच पर साधु चरण महतो द्वारा निर्देशित पुरूलिया छाऊ शैली में अभिमन्यु वध तथा अंतरंग सभागार में जॉय द्वारा निर्देशित नाट्य प्रस्तुति अंधायुग का मंचन किया गया।

**परंपरा और तकनीक का संगम जय में दिखा 21वीं सदी का महाभारत**

### रॉक म्यूजिकल के रूप में महाभारत की समकालीन प्रस्तुति

'जय' महाभारत की प्रमुख घटनाओं को युधिष्ठिर की दृष्टि से एक नाटकीय मोंटाज शैली में प्रस्तुत करता है। नाटक में सत्य, शक्ति और भाग्य जैसे प्रश्नों को दुर्योधन और कर्ण के विपरीत दृष्टिकोणों के माध्यम से उभारा गया है, वहीं श्रीकृष्ण का गीता उपदेश कथा का नैतिक और दार्शनिक केंद्र बनता है। यह प्रस्तुति दर्शकों को सोचने पर विवश करती है कि आज के समय में धर्म और निर्णयों का क्या अर्थ है।

### अभिमन्यु वध : वीरता और करुणा का प्रभावी चित्रण

पुरुलिया छाऊ नृत्य शैली में प्रस्तुत अभिमन्यु वध नृत्य-नाटिका ने दर्शकों को गहरे भावनात्मक स्तर पर प्रभावित किया। ऊजार्वान शारीरिक भंगिमाएं, पारंपरिक मुखौटे, लयबद्ध संगीत और नाटकीय युद्ध दृश्य अभिमन्यु के अद्भुत शौर्य को जीवंत करते हैं।

### अंधा युग : युद्धोत्तर पीड़ा और नैतिक संकट का सशक्त मंचन

धर्मवीर भारती द्वारा रचित अंधायुग नाट्य प्रस्तुति को ट्रेजर आर्ट एसोसिएशन, मणिपुर द्वारा प्रभावशाली रूप में मंचित किया गया। यह नाटक महाभारत युद्ध के बाद की नैतिक, मानसिक और मानवीय त्रासदी को उजागर करता है। साइको-फिजिकल शैली में प्रस्तुत इस नाटक में कम संवाद और शारीरिक अभिव्यक्ति के माध्यम से पात्रों का आंतरिक द्वंद्व सामने आता है।

भारत भवन में आयोजित महाभारत में प्रस्तुति देते कलाकार।



**कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा संगोष्ठी का आयोजन**

## वंदे मातरम गीत और बिरसा मुण्डा के संघर्ष ने स्वतंत्रता आंदोलन को दिया जनाधार


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते आदिवासी कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान बिरसा मुण्डा का जमीनी, जन-आधारित संघर्ष और वंदे मातरम के वैचारिक आध्यात्मिक स्वरों ने मिलकर भारत के स्वतंत्रता संग्राम को व्यापक जनाधार प्रदान किया था। आंदोलन को स्पष्ट दिशा और आत्मिक शक्ति देने के साथ ही भारत की विविधता में निहित शक्ति और एकता को प्रमाणित किया। यह कहना है मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का। जो कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय चेतना के दो स्वर विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। कलाव्योम फाउंडेशन के आलोक शर्मा ने बताया कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ तथा बिरसा मुंडा की 150वीं जन्मशताब्दी के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



### बिरसा के जीवन, चरित्र और दिनचर्या को अमल करना होगा

इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओ.पी. रावत ने कहा कि भगवान के स्तर पर पहुंच गए जनजातीय नेतृत्व और राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक गीत की 150वीं वर्ष गांठ का प्रसंग उनकी जीवनी, चरित्र और गतिविधियों को अपने जीवन, चरित्र और दिनचर्या में अमल करना होगा। कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन चिंतक विचारक डॉ. अमोघ गुप्ता ने किया। साथ ही जनजातीय लोक कलाकार गजेन्द्र आर्य ने भगवान बिरसा मुण्डा के व्यक्तित्व और कृतित्व का शौर्य गान किया।

## एमसीयू में वसंत पंचमी पर पहली बार काव्य कक्षा

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में 23 जनवरी, शुक्रवार को सुबह 11 बजे वसंत पंचमी के दिन देश के पांच प्रसिद्ध कवि एक काव्य कक्षा लेंगे, जिसका नाम होगा 'काव्य का पंचामृत'। इस कार्यक्रम में युवा पीढ़ी के सिद्ध कवि रामायणधर द्विवेदी के साथ होंगे लखनऊ के डॉ. सुरेशजी, गाजियाबाद के मासूम गाजियाबादी, ग्वालियर के राजेश शर्मा और जबलपुर के सूरज राय सूरज। इसके साथ ही महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती प्रसंग पर विनय उपाध्याय निराला का शब्द राग बताएंगे। मीडिया प्रभारी डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस दिन नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती भी है तो देश प्रेम इस कक्षा का मूल भाव होगा। एमसीयू परिसर में पहली बार मंचों के लोकप्रिय कवि एक साथ आ रहे हैं। वे बताएंगे कि जो बात एक हजार शब्दों के लेख-संपादकीय और दो घंटे के प्राइम टाइम शो भी नहीं कह सकते, वही बात प्रभावी ढंग से एक शायर या कवि कैसे अपनी दो पंक्तियों में गिने-चुने दस-बारह शब्दों में कह देता है।


संक्रांति सेलिब्रेशन में सिरकत करतीं महिलाएं।

## रॉयल राजपूताना क्लब का संक्रांति सेलिब्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रॉयल राजपूताना क्लब द्वारा हाल ही में संक्रांति सेलिब्रेशन का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। रॉयल राजपूताना क्लब की फाउंडर शिवराजे सिसोदिया ने बताया कि हमारा ग्रुप हर एक पर्व को बड़े ही शिद्दत से मनाता है इसी केअंतर्गत हमारे ग्रुप के द्वारा संक्रांति सेलिब्रेशन का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी क्लब के मेम्बर्स ने पतंगबाजी की और साथ ही लजीज व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया।

इस अवसर पर ग्रुप की अन्य सदस्यों में बबीता पवार, सापना सिंह, प्रिया सिंह, राज्यश्री सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

**प्रशासन अकादमी में अंग्रेजी फिल्म 'गिफ्टेड हैंड्सः द बेन कार्सन स्टोरी' का प्रदर्शन**

# प्रशिक्षु डॉक्टरों के लिए प्रेरणास्पद फिल्म प्रदर्शन, मेडिकल अधिकारियों पर गहरा प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चिकित्सा शिक्षा के साथ मानवीय संवेदनाओं और आत्म-अनुशासन के महत्व को रेखांकित करती प्रेरक अंग्रेजी फिल्म 'गिफ्टेड हैंड्सः द बेन कार्सन स्टोरी' का विशेष प्रदर्शन प्रशासन अकादमी के मिनी थिएटर में किया गया। 2009 की यह फिल्म एक सत्य-घटना पर आधारित बायोग्राफी फिल्म है, जो एक संघर्षपूर्ण बचपन से निकलकर जॉन्स हॉपकिन्स अस्पताल के विश्वप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन बनने तक डॉ. बेन कार्सन की प्रेरक यात्रा को दर्शाती है। यह प्रदर्शन विशेष रूप से प्रशिक्षु डॉक्टरों के लिए रखा गया था, जिससे उपस्थित मेडिकल ऑफिसर्स गहराई से प्रभावित हुए।

**2009 की घटना पर आधारित फिल्म है 'गिफ्टेड हैंड्सः द बेन कार्सन स्टोरी'**

**डॉ. बेन कार्सन की प्रेरक यात्रा को दर्शाती फिल्म, एक बच्चे की संघर्षपूर्ण सफलता की है कहानी**


फिल्म का एक दृश्य।

### बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने की सहभागिता

*सिने क्लासिक के सहयोग से आयोजित इस फिल्म प्रदर्शन में बड़ी संख्या में डॉक्टरों और चिकित्सा से जुड़े प्रतिभागियों ने सहभागिता की। 86 मिनट की इस जीवनीपरक फिल्म ने एक साधारण और संघर्षपूर्ण बचपन से निकलकर विश्वविख्यात न्यूरोसर्जन बनने तक डॉ. बेन कार्सन की यात्रा को संवेदनशील और प्रेरणादायी ढंग से प्रस्तुत किया।*



# सहायक कमांडेंट सिमरन कर्तव्य पथ पर सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का करेंगी नेतृत्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

26 जनवरी को जब कर्तव्य पथ पर देश की ताकत, अनुशासन और एकता की झलक दिखाई देगी, तब इतिहास के पन्नों में सीआरपीएफ की सहायक कमांडेंट सिमरन बाला का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा। सिमरन बाला वह पहली महिला अधिकार हैं, जो सीआईरपीएफ की पूरी पुरुष मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। बाला को 140 से अधिक पुरुष जवानों की टुकड़ी की कमान सौंपी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले की रहने वाली 26 वर्षीय बाला इस साल गणतंत्र दिवस पर एक नया इतिहास लिखेंगी। सिमरन पहली ऐसी महिला अधिकारी होंगी जो दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। वे अपने जिले की पहली महिला हैं जो अधिकारी रैंक में देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल का हिस्सा बनी हैं। यह कामयाबी उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे जम्मू-कश्मीर के लिए गर्व का विषय है।



## सिमरन गणतंत्र दिवस पर इतिहास रचेंगी

26 जनवरी को सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा नाम

यह परिवार के लिए ही नहीं जम्मू- कश्मीर के लिए भी गर्व

### महिला का देश देखेगा नेतृत्व



सिमरन सिर्फ एक अधिकारी नहीं, एक विचार हैं जो बताता है कि भारत बदल रहा है। गणतंत्र दिवस पर जब वह कदमताल करेंगी, तब हर बेटी के भीतर यह विश्वास और मजबूत होगा कि सुरक्षा बलों का नेतृत्व और कमान एक महिला कितने दमदार तरीके से निभा सकती हैं।

## दिखेगी ताकत और एकता की झलक

### सिमरन का परिचय

- वे जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले से ताल्लुक रखती हैं।
- सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण सामाजिक परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने बड़े सपने देखे।
- पढ़ाई में शुरू से ही मेहनती रहीं सिमरन ने राजनीति विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की।
- इसके बाद परीक्षा में सफलता हासिल कर सीआरपीएफ में सहायक कमांडेंट बनीं।

### इस तरह रही प्रशिक्षण और नेतृत्व क्षमता

सीआरपीएफ अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान सिमरन बाला ने अनुशासन, नेतृत्व कौशल, शारीरिक क्षमता और आत्मविश्वास में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने यह साबित किया कि नेतृत्व लिंग से नहीं, क्षमता से तय होता है।

### महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल

*सिमरन बाला की यह उपलब्धि उस सोच को तोड़ती है जिसमें सुरक्षा बलों को केवल पुरुषों का क्षेत्र माना जाता रहा है। उनका नेतृत्व यह संदेश देता है कि महिलाएं केवल भागीदारी नहीं, नेतृत्व भी कर सकती हैं। अवसर मिलने पर महिलाएं हर मोर्चे पर खुद को साबित कर सकती हैं। यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ता आसान करेगा।*

### पुरुष टुकड़ी को लीड करने वाली पहली महिला

आमतौर पर गणतंत्र दिवस की परेड में महिला अधिकारी महिला टुकड़ियों का ही नेतृत्व करती रही हैं लेकिन यह पहली बार है जब कोई महिला ऑफिसर पुरुषों के दस्ते को लीड करेगी। सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा आंतरिक सुरक्षा बल है जिसमें करीब सवा तीन लाख जवान शामिल हैं।

### नक्सल मोर्चे पर पहली तैनाती

सिमरन बाला को अप्रैल 2025 में सीआरपीएफ में शामिल किया गया था और उनकी काबिलियत को देखते हुए उनकी पहली पोस्टिंग छत्तीसगढ़ की खतरनाक 'बस्तरिया' बटालियन में की गई। यहां उन्होंने नक्सल विरोधी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करना सीखा।

## खबर संक्षेप

### असम में भड़की हिंसा एक की मौत

**कोकराझार।** असम के कोकराझार जिले में हिंसा के बाद आदिवासियों के बीच कथित तौर पर झड़पें हुईं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। त्वरित कार्रवाई बल तैनात किया गया है और इंटरनेट मोबाइल डेटा सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। वेशी चोरी के संदेह में सोमवार को भीड़ ने पांच लोग पर हमला किया था।



### बसताड़ा टोल प्लाजा पर बिना रुके कटेगा टैक्स

**चंडीगढ़।** नेशनल हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए बड़ी खबर है। अब हरियाणा के करनाल जिले में स्थित बसताड़ा टोल प्लाजा पर अब टोल टैक्स भरने के लिए वाहनों को रुकना नहीं पड़ेगा। यहां पर ऑटोमैटिक टोल कट जाएगा। बसताड़ा टोल प्लाजा पर मल्टी लेन फ्री फ्लो सिस्टम लगभग तैयार है।



### राहुल ने प्रीमियर लीग का किया शुभारंभ

**रायबरेली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अपने संसदीय क्षेत्र के 2 दिवसीय दौरे से पहले मंगलवार को रायबरेली में पोस्टर लगाए गए हैं। इनमें राहुल और सपा के प्रमुख अखिलेश यादव को 2027 और 2029 के लिए इंडिया के कप्तान के रूप में दर्शाया गया है। इस दौरान राहुल ने भाजपा पर हमला भी किया।



### 72 घंटे पहले रद्दीकरण पर मिलेगा 25% रिफंड

**नई दिल्ली।** 16 जनवरी से रेलवे ने नया नियम बनाया है। अब वंदे भारत में प्रस्थान समय से 72 घंटे से अधिक समय पहले कैंसिल किया जाता है तो 25 प्रतिशत राशि काटी जाएगी। 72 घंटे से लेकर 8 घंटे तक के अन्दर कैंसिल किया जाता है तो कैंसिलेशन चार्ज के तौर पर 50 फीसदी राशि काटेगी। 8 घंटे से कम समय में कैंसिल किया है तो रिफंड नहीं होगा।



## तमिलनाडु में विधानसभा का सत्र शुरू होने से पहले ही नाराजगी बढ़ी

# राष्ट्रगान का 'अपमान' का आरोप लगाकर राज्यपाल ने नहीं दिया उद्घाटन भाषण, लौटे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवी ने मंगलवार को विधानसभा का साल का पहला सत्र शुरू होने से पहले परंपरागत उद्घाटन भाषण नहीं दिया और गुस्से में कक्ष छोड़ दिया। इसका कारण राष्ट्रीय गान के प्रति सम्मान की कमी बताया। राज्यपाल ने कहा कि डीएमके सरकार द्वारा तैयार किए गए भाषण में कुछ असत्य और गलत तथ्य थे। उनके माइक को बार-बार बंद किया गया और उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। राज्यपाल ने कहा मैं बेहद निराश हूं। राष्ट्रीय गान का उचित सम्मान नहीं किया गया। मेरा भाषण बार-बार रोका गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। विधानसभा के अंदर स्थिति तनावपूर्ण हो गई और सभापति एम. अप्पावु ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे विधानसभा के नियमों और प्रथाओं का पालन करें। वहीं मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके मंत्रिपरिषद सदस्य इन हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे विधानसभा सत्र राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण बन गया है।

### डीएमके के भाषण के कुछ हिस्से को बताया गलत



सदन में राज्यपाल रवि

- राज्यपाल ने विधानसभा छोड़ने के कारण बताए
- राजभवन ने प्रेस रिलीज जारी कर राज्यपाल के कक्ष छोड़ने के कारण स्पष्ट किए।
- राज्यपाल का माइक बार-बार बंद किया गया और उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई।
- भाषण में भ्रामक दावे और असत्यापित बातें शामिल थीं।
- दलितों के खिलाफ अत्याचार और दलित महिलाओं के साथ यौन हिंसा के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है
- युवाओं में ड्रग्स का दुरुपयोग भी बढ़ रहा है, लेकिन इन गंभीर मुद्दों को भाषण में शामिल नहीं किया गया।

### *सीएम स्टालिन ने राज्यपाल पर लगाया शिष्टाचार के उल्लंघन का आरोप*

स्टालिन ने राज्यपाल पर आरोप लगाया कि उन्होंने परंपरा और शिष्टाचार का उल्लंघन करते हुए कक्ष छोड़ा। सरकार द्वारा तैयार किए गए भाषण में राज्यपाल को अपनी राय जोड़ने या अलग कुछ कहने की कोई जगह नहीं थी। राज्यपाल ने यह कदम जानबूझकर उठाया और इसका मतलब विधानसभा की अवमानना है। डीएमके का मानना है कि राज्यपाल की आवश्यकता नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई और एम करुणानिधि ने इस पद का सम्मान किया था।

### भाषण न पढ़ना स्वीकार नहीं होगा

मुख्यमंत्री ने सदन में एक प्रस्ताव पेश किया। इसमें कहा गया कि राज्यपाल का भाषण न पढ़ना स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल सरकार द्वारा तैयार किया गया टेक्स्ट जिसे स्पीकर एम अप्पावु ने तमिल में पढ़ा था, वही रिकॉर्ड में जाएगा। स्टालिन ने इसके लिए विधायकों को धन्यवाद भी दिया।

### बोले स्टालिन

### हम नियम में बदलाव की करेंगे कोशिश

मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस पर कहा कि उनकी पार्टी संविधान में बदलाव लाने की कोशिश करेगी। वे चाहते हैं कि साल की शुरुआत में विधानसभा में राज्यपाल के भाषण को जरूरी बनाने वाला नियम हट जाए। इसके लिए वे संसद में दूसरी पार्टियों का समर्थन लेंगे। यह बयान तब आया जब रवि ने सरकार का लिखा भाषण पढ़ने से मना कर दिया और सदन से चले गए। राज्यपाल ने भाषण में गलतियां होने की बात कही थी। स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल का हर साल ऐसा करना ठीक नहीं है। रवि ने 2021 के बाद चौथी बार ऐसा किया है। जब राज्यपाल बार-बार परंपरा तोड़ते हैं, तो इस नियम की जरूरत ही क्या है? डीएमके संसद में दूसरी पार्टियों की मदद से इस नियम को हटाने की कोशिश करेगी। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर भी लिखा कि राज्यपाल के भाषण को गैर-जरूरी बनाने के लिए संविधान में बदलाव होना चाहिए।



### विधायकों ने जमकर की नारेबाजी

सीएम ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 176 के तहत भाषण सरकार तैयार करती है और राज्यपाल को इसे पूरा पढ़ना चाहिए। उन्हें इसमें अपनी मर्जी से बदलाव करने या इसे छोड़ने का हक नहीं है। स्टालिन ने डीएमके संस्थापक अन्नादुरई की बात याद दिलाई कि बकरी को दाढ़ी की जरूरत नहीं होती, वैसे ही राज्य को राज्यपाल की जरूरत नहीं है। जब राज्यपाल सदन से जा रहे थे, तब सत्ताधारी पार्टी और उनके सहयोगी दलों के विधायकों ने जमकर नारेबाजी भी की।

## सबरीमाला सोना चोरी मामला

# तीन राज्यों में ईडी की छापेमारी अब तक 11 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ पतनमतिट्टा

केरल में सबरीमाला मंदिर से जुड़े बहुचर्चित सोना चोरी मामले में जांच एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। ईडी मनी लॉटरी से जुड़े फंड ट्रांजैक्शन की जांच के तहत 21 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। ये छापे केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के अलग-अलग ठिकानों पर मारे गए। केरल के विश्व प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर से जुड़ा सोना चोरी विवाद पहली बार 2019 में सामने आया, लेकिन जांच में पता चला कि इसकी जड़ें 1998–99 तक जाती हैं। 2019 में मंदिर की मरम्मत और गोल्ड प्लेटिंग के नाम पर भगवान अयप्पा मंदिर की मूर्तियों और संरचनाओं पर चढ़ा सोना बाहर भेजा गया था। 42.8 किलो सोने की प्लेटेड मूर्तियां मरम्मत के लिए चेन्नई की एक निजी फर्म को दी गईं, लेकिन जब ये मूर्तियां लौटीं, तो उनका वजन केवल 38.2 किलो पाया गया। करीब 4.5 किलो सोना गायब था। इस मामले में अब तक 11 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।



### 'घिसावट' बताकर दी गई सफाई, कागजों में खेल कर दिया

जब वजन कम निकलने पर सवाल उठे, तो इसे सामान्य घिसावट बताकर नजरअंदाज कर मामले पर लीपापोती करने की कोशिश की गई। इससे भी गंभीर बात यह थी कि मंदिर प्रबंधन संस्था त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने कागजों में सोने की प्लेटों को तांबे की प्लेट के रूप में दर्ज कर दिया। कोर्ट ने इसे गंभीर लापरवाही और संदिग्ध कार्रवाई माना। विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने पुरानी और नई तस्वीरों की तुलना की। इससे स्पष्ट हुआ कि मंदिर की मूर्तियों, दरवाजों, सीढ़ियों, नक्काशीदार हिस्सों से सोने की परतहटाई गई थी। हालांकि भगवान अयप्पा की मुख्य मूर्ति से सोना चोरी के सीधे सबूत नहीं मिले हैं।

### नियम तोड़कर मंदिर से बाहर भेजी गई मूर्तियां

जांच में सामने आया कि सोने की प्लेटिंग वाली मूर्तियों को मंदिर परिसर से बाहर ले जाने की अनुमति दी गई थी। मरम्मत मंदिर के अंदर के परिसर में ही होती है। कोर्ट ने इसे भी गलत बताया। उन्नीकृष्णन पोट्टी को 475 ग्राम अतिरिक्त सोना रखने की अनुमति दी गई थी।

### केमिकल प्रोसेस से निकाला गया सोना

जांच में पता चला कि चेन्नई की फर्म में केमिकल प्रोसेस के जरिए सोना निकाला गया और कम मात्रा में फिर से प्लेटिंग की गई। निकाला गया सोना बाद में कर्नाटक के बेल्लारी के एक ज्वेलर तक पहुंचा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन ने पदभार संभालते ही की नियुक्तियां

# विनोद तावड़े केरल विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रभारी बने

आशीष शेलार को तेलंगाना निगम चुनाव की कमान सौंपी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पदभार संभालते ही चुनाव प्रबंधन को लेकर कई नियुक्तियां की। विनोद तावड़े को केरल विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रभारी और चंडीगढ़ मेयर चुनाव का पर्यवेक्षक बनाया गया है। साथ ही, राम माधव को ग्रेटर बेंगलुरु और आशीष शेलार को तेलंगाना निगम चुनाव की कमान सौंपी गई है। पार्टी ने आगामी विधानसभा और नगर निगम चुनावों के लिए अपने भरोसेमंद और अनुभवी रणनीतिकारों को जिम्मेदारी सौंपी हैं। केरल विधानसभा चुनाव हेतु राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को केरल का चुनाव प्रभारी और केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को सह-चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।



विनोद तावड़े



राम माधव

### ग्रेटर बेंगलुरु निगम की जिम्मेदारी राम माधव को

ग्रेटर बेंगलुरु निगम चुनाव हेतु पार्टी ने यहाँ दिग्गज नेता राम माधव को जिम्मेदारी दी है, उन्हें चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनके साथ सतीश पूनिया और संजय उपाध्याय सह-चुनाव प्रभारी होंगे। तेलंगाना नगर निगम चुनाव के लिए महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार को यहाँ की कमान सौंपी गई है। राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष अशोक परनामी और सांसद रेखा शर्मा को सह-चुनाव प्रभारी बनाया गया है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव हेतु विनोद तावड़े को इस चुनाव के लिए विशेष तौर पर चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## मेला प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को जारी किया नोटिस

# आप शंकराचार्य होने का प्रमाण दें, शिविर के बाहर नोटिस चस्पा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

मेला प्राधिकरण ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस जारी किया है। 24 घंटे में जवाब मांगा है कि साबित करें की आप ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य हैं। सुप्रीम कोर्ट के रोक के बाद भी आपने अपने नाम के आगे शंकराचार्य लगाया है, जो कि गलत है। मौनी अमावस्या पर स्नान को लेकर मेला प्रशासन और शंकराचार्य में काफी विवाद हो गया था। इसके बाद अविमुक्तेश्वरानंद को बिना स्नान किए ही शिविर में लौटा दिया गया था। आरोप है पुलिस ने उनके शिष्यों को पीटा और बाल पकड़कर घसीटा। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि वह भी मेला प्रशासन को नोटिस जारी करेंगे।

### शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेक नहीं हुआः सुप्रीम कोर्ट का दिया हवाला



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि किसी भी धर्माचार्य का ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेक नहीं हुआ है। इसके बावजूद शिविर के बोर्ड पर खुद को शंकराचार्य प्रदर्शित करना इस आदेश की अवहेलना है। अभी कोई पदाधिकारी नहीं है जो नोटिस रिसीव कर सके। इसके बाद नोटिस को शिविर के बाहर चस्पा किया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने शंकराचार्य लिखने पर नहीं लगाई रोक : वकील

अविमुक्तेश्वरानंद धरने पर बैठे हैं। शंकराचार्य लिखने के जवाब में उनके अधिवक्ता सामने आ गए हैं। अविमुक्तेश्वरानंद के अधिवक्ता पीएन मिश्र ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पट्टाभिषेक पर रोक लगाई है। ज्योतिषपीठ का शंकराचार्य लिखने पर रोक नहीं है। अविमुक्तेश्वरानंद स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य हैं। उनके गुरु ने उनके नाम रजिटर्ड वसीयत की है। इसी के आधार पर वह शंकराचार्य लिख रहे हैं।

### मैं पक्ष में हूं न विपक्ष में स्वामी निश्चलानंद

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शंकराचार्य के रूप में पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का मौन समर्थन मिलने का दावा किया था। स्वामी निश्चलानंद ने उस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा, मैं इस मामले में कुछ बोलना नहीं चाहता। मैं किसी के पक्ष में हूं न विपक्ष में।

## असम की बागुरुम्बा ध्वू नृत्य को प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसे दिलाई वैश्विक पहचान

# इस डिजिटल युग में लोक संस्कृति की ऐतिहासिक छलांग लगाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

असम की पारंपरिक जनजातीय पहचान से जुड़ा 'बागुरुम्बा ध्वू नृत्य' आज वैश्विक मंच पर पूरी धमक के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुका है। इस सांस्कृतिक पुनर्जागरण के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वह पहल है, जिसने स्थानीय लोकनृत्य को डिजिटल माध्यमों के जरिए अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये इस नृत्य को जैसे ही साझा किया नेटीजन ने हाथों हाथ लिया। नृत्य के बारे में जानने-समझने ऑनलाइन ट्रैफिक की बाढ़ आ गई।

असम की पारंपरिक जनजातीय पहचान

यहां का नृत्य वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना चुका



प्रधानमंत्री मोदी

### पीएम के सोशल मीडिया से 200 मिलियन से अधिक व्यूज

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बागुरुम्बा ध्वू नृत्य से जुड़े वीडियो साझा किए जाने के बाद यह नृत्य अचानक वैश्विक दर्शकों के केंद्र में आ गया। पीएम मोदी के सोशल मीडिया हैंडल्स पर ही इस नृत्य को 200 मिलियन (20 करोड़) से अधिक बार देखा जा चुका है, जो किसी भी पारंपरिक लोकनृत्य के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि मानी जा रही है।

### 'ग्लोबल फॉर लोकल'

संस्कृति विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी की 'वोकल फॉर लोकल' सोच ने अब 'ग्लोबल फॉर लोकल' का रूप ले लिया है। लोक कला, जो पहले सीमित भौगोलिक दायरे में सिमटी थी, अब डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से वैश्विक दर्शकों तक पहुंच रही है।

### सांस्कृतिक कूटनीति का नया अध्याय

विशेषज्ञ इसे भारत की सॉफ्ट पावर और सांस्कृतिक कूटनीति का सशक्त उदाहरण मान रहे हैं। प्रधानमंत्री के माध्यम से जब कोई लोक कला वैश्विक मंच पर पहुंचती है, तो वह केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि भारत की विविधता और सांस्कृतिक आत्मा का संदेश देती है। बागुरुम्बा ध्वू नृत्य अब केवल एक क्षेत्रीय लोकनृत्य नहीं रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल पहल और सांस्कृतिक समर्थन ने इसे वैश्विक सांस्कृतिक पहचान में बदल दिया है।

### गूगल सर्च में 20 वर्षों का रिकॉर्ड

*डिजिटल आंकड़े इस बदलाव की कहानी खुद बयां करते हैं। गूगल पर 'बागुरुम्बा डांस' के लिए वैश्विक खोज रुचि पिछले 20 वर्षों में अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई है। यह संकेत है कि दुनिया भर के लोग अब असम की इस अनूठी सांस्कृतिक विरासत को जानने-समझने में दिलचस्पी ले रहे हैं।*

### पर्यटन और सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा

स्थानीय कलाकारों का कहना है कि बागुरुम्बा नृत्य को मिली यह पहचान उनके वर्षों के अभ्यास और परंपरा के संरक्षण का सम्मान है।

## नोएडा में इंजीनियर की मौत

# मामले में नामजद बिल्डर अभय कुमार अरेस्ट, बर्खास्त भी किया

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा के 150 सेक्टर में इंजीनियर की मौत मामले में पुलिस ने बड़ा कार्रवाई की है। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने नामजद बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। अभय कुमार नॉलेज पार्क इलाके में स्थित एक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट एमजेड विशटाउन का मालिक है। यह गिरफ्तारी इंजीनियर की मौत से जुड़े हालात की जांच के बाद हुई है, जिसमें बिल्डर कथित तौर पर शामिल था। इस दुखद घटना के बाद दो रियल एस्टेट डेवलपर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।



बिल्डर अभय



मृतक इंजीनियर

एसआईटी मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को एसआईटी की टीम घटना स्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने डेवलपर्स पर लापरवाही और दुर्घटना वाली जगह पर सुरक्षा उपायों की कमी का आरोप लगाया है। नोएडा अथॉरिटी ने एक जूनियर इंजीनियर को नौकरी से निकाल दिया है और इलाके में ज़िम्मेदार दूसरे अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

## ट्रंप ने नाटो चीफ को किया फोन

# सोशल मीडिया पर कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा बताया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को नाटो चीफ मार्क रूट से फोन पर बात की। बातचीत में ग्रीनलैंड के मुद्दे पर स्विट्जरलैंड के दावोस बैठक बुलाने का फैसला लिया गया। हालांकि उन्होंने बैठक की तारीख नहीं बताई। ट्रंप ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर एक मैप भी शेयर किया, जिसमें कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया।

*ट्रंप ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है*

ट्रंप ग्रीनलैंड का फ्यूचर स्विट्जरलैंड में तय करेंगे

नाटो चीफ रूट ने भी ग्रीनलैंड पर ट्रंप का किया समर्थन


ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया

### ट्रंप इंटरनेशनल गैंगस्टर ब्रिटिश संसद डेवी ने कहा



ब्रिटेन के लिबरल डेमोक्रेट नेता एड डेवी ने ब्रिटिश संसद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना की। उन्होंने ट्रंप को 'इंटरनेशनल गैंगस्टर' तक बता दिया। डेवी ने कहा कि ट्रंप एक 'इंटरनेशनल गैंगस्टर' और 'धौंस जमाने वाले नेता' की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

### नाटो चीफ का मैसेज सार्वजनिक किया

*ट्रंप ने नाटो चीफ मार्क रूट का एक पर्सनल मैसेज सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस मैसेज में ने ट्रंप से कहा कि मिस्टर प्रेसिडेंट, आज आपने सीरिया में जो हासिल किया है, वह अविश्वसनीय है। मैं दावोस में अपने मीडिया इंटरव्यू में सीरिया, गाजा और यूक्रेन में आपके काम को सामने रखूंगा।*



ट्रंप ने ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बताते हुए एक तस्वीर भी पोस्ट की

### धमकियों का सख्ती से करें सामना: न्यूजॉम



*टैरिफ धमकियों के खिलाफ कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजॉम ने यूरोपीय देशों से कहा है कि उन्हें ट्रंप की टैरिफ धमकियों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीनलैंड विवाद में ट्रंप के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है।*

### ग्रीनलैंड में मिलिट्री एयरक्राफ्ट भेजा

अमेरिका ने नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (नोराड) का एक सैन्य विमान ग्रीनलैंड भेजा है। यह विमान जल्द ही पिटुफिक स्पेस बेस पहुंचेगा। नोराड ने एक्स पर कहा कि यह तैनाती पहले से तय सैन्य गतिविधियों के तहत की जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी डेनमार्क और ग्रीनलैंड को दी गई है। वहीं, डेनमार्क ने भी ग्रीनलैंड में अतिरिक्त सैनिक तैनात किए हैं। सोमवार को कई विमान डेनमार्क के सैनिकों और सैन्य उपकरणों को लेकर ग्रीनलैंड पहुंचे।

### फ्रांस के राष्ट्रपति के निजी मैसेज लीक

ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों के साथ हुई बातचीत को शेयर किया है। मैक्रों ने सीरिया और ईरान के मसलों पर ट्रंप से सहमति जताई, लेकिन उन्होंने ट्रंप के ग्रीनलैंड वाले फैसले पर खुलकर सवाल उठाए। साथ ही मैंकों ने 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने से इंकार कर दिया। इससे नाराज होकर ट्रंप ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि मैं फ्रांस की वाइन और शैम्पेन पर 200 प्रतिशत टैक्स (टैरिफ) लगा दूंगा। फिर मैक्रों शामिल हो जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### मिशिगन में 100 वाहनों की भीषण दुर्घटना

**मिशिगन।** ग्रेट लेक्स से आई बर्फ के कारण सोमवार को मिशिगन में 100 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए।



सोमवार को हुए इस भीषण हादसे के चलते मिशिगन स्टेट पुलिस ने ग्रैंड रैपिड्स के दक्षिण-पश्चिम में हडसनविले के पास इंटरस्टेट 196 के दोनों तरफ के रास्ते बंद कर दिए, जबकि अधिकारी 30 से अधिक सेमीट्रेलर ट्रकों सहित सभी वाहनों को हटाने के लिए काम कर रहे थे। राज्य पुलिस ने बताया कि कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन किसी की मौत की खबर नहीं है।

### बुल्गारिया के राष्ट्रपति रादेव का इस्तीफा

**सोफिया।** बुल्गारिया के वामपंथी राष्ट्रपति रूमेन रादेव ने सोमवार को अपने पद से हटने की घोषणा की।



मंगलवार को उन्होंने संवैधानिक न्यायालय में औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा सौंपे दिया। संविधान के अनुसार वर्तमान उपराष्ट्रपति इलियाना योतोवा को सरकार के कार्यकाल के अंत तक पद संभालने के लिए संसद द्वारा शपथ लेनी होगी। रादेव का यह निर्णय इस सार्वजनिक उम्मीद के बीच आया है कि वह एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगे।

---

## दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी बोले

# भारत के स्वच्छ और हरित ऊर्जा क्षेत्र में करें निवेश, विश्व के लिए 'समाधान' करें तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने स्विटजरलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के दौरान दुनिया भर के निवेशकों से भारत के स्वच्छ और हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने की जोरदार अपील की है।

भारत ने सोलर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया है और बड़े स्तर पर इन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने की क्षमता दिखाई है। दावोस में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कनाडा की कंपनी ला काइस के अध्यक्ष और सीईओ चार्ल्स एमोंड और सीओओ सारा बुशार्ड के साथ बैठक की।

*प्रल्हाद जोशी ने कहा कि भारत ने सोलर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया है और बड़े स्तर पर इन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने की क्षमता दिखाई है*

**'पार्टनर विद इंडिया' पहल को बढ़ाने की अपील**

**बिजली ट्रांसमिशन व्यवस्था मजबूत करेंगे**



कनाडा की कंपनी ला काइस के अध्यक्ष और सीईओ चार्ल्स एमोंड से मुलाकात करते केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी

### ईयू अध्यक्ष का ऐलान हम भारत संग ऐतिहासिक समझौते के करीब




*विश्व आर्थिक मंच से ईयू अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन ने ऐलान किया कि ईयू भारत संग ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि वे अगले हफ्ते भारत जाएंगी। हम एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते के कगार पर हैं। कुछ इसे सभी समझौतों की जननी कहते हैं। ऐसा समझौता जो 2 अरब लोगों के लिए बाजार तैयार करेगा और ये वैश्विक जीडीपी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। संभावित व्यापार समझौता यूरोप को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक झटके यूरोप के लिए एक मौका हो सकते हैं।*

### भारत-ओमान के बीच ऊर्जा सहयोग पर चर्चा



प्रल्हाद जोशी ने ओमान के डिप्टी पीएम के आर्थिक मामलों के कार्यालय के आर्थिक सलाहकार डॉ. सईद मोहम्मद अहमद अल सकरी के साथ भी बैठक की। इस बैठक में भारत और ओमान के बीच नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि भारत ने सूखे और रेगिस्तानी इलाकों में भी सोलर, पवन, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है।

### निर्यात ढांचे में निवेश को देंगे बढ़ावा

दावोस में हुई चर्चाओं में सोलर मॉड्यूल, इलेक्ट्रोलाइजर और ग्रीन हाइड्रोजन के निर्माण और निर्यात में संयुक्त सहयोग पर भी ध्यान दिय गया। इसके साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा से चलने वाले हाइड्रोजन हब, एकीकृत ऊर्जा परियोजनाओं और बंदरगाह आधारित निर्यात ढांचे में निवेश को बढ़ावा देने की बात कही।

### बेल्जियम के डिप्टी पीएम से की मुलाकात



मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बेल्जियम के डिप्टी पीएम और विदेश मामलों, यूरोपीय मामलों और विकास सहयोग मंत्री प्रवोट मेक्सिम के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने भारत को एक भरोसेमंद और पूर्वानुमानित भागीदार के रूप में रेखांकित किया, और बेल्जियम में भारत के कुशल कार्यबल को शामिल करने के अवसरों पर प्रकाश डाला।

---

## चीनी रेस्टोरेंट पर आत्मघाती हमला

# आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासान ग्रुप ने ली 'जिम्मेदारी'


चीनी रेस्टोरेंट में धमाका

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में चीनी नागरिकों को निशाना बनाकर आत्मघाती हमला किया गया है। तालिबान प्रशासन के मुताबिक इस विस्फोट में कई लोग मारे गए मरने वालों में दो चीनी नागरिक भी शामिल हैं। इस धमाके की जिम्मेदारी आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासान (आईएसआईएस-के) ग्रुप ने ली है।

आतंकवादी समूह ने सोमवार देर रात अपनी समाचार एजेंसी आमाक पर जारी एक बयान में कहा कि एक आत्मघाती हमलावर शहर के एक रेस्तरां में घुस गया, जहां चीनी नागरिक अक्सर आते-जाते थे। वहां चल रही सभा के दौरान उसने विस्फोटक जैकेट में विस्फोट कर दिया। समूह ने दावा किया कि इस हमले में तालिबान गार्डों समेत 25 लोग मारे गए या घायल हुए। यह हमला अफगानिस्तान में चीनी हितों को निशाना बनाने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा था।

### वीवीआईपी है ये इलाका

*अफगान अधिकारियों ने सोमवार को हुए विस्फोट के कारण की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता मुफ्ती अब्दुल मतीन कानी ने मंगलवार को कहा कि वे अभी भी विस्फोट की जांच कर रहे हैं। अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि काबुल के बीचों-बीच स्थित एक बेहद सुरक्षित इलाके में एक होटल में धमाका हुआ। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने कहा कि यह धमाका शहर-ए-नव इलाके में एक होटल को निशाना बनाकर किया गया। यह इलाका व्यावसायिक माना जाता है, जहां बड़े ऑफिस, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और कई दूतावास मौजूद हैं। इसे काबुल के सबसे सुरक्षित इलाकों में से एक माना जाता है।*

### उइगुर मुसलमानों के उत्पीड़न से जोड़ा

आईएस समूह का दावा जारी किए गए पिछले दावों से मिलता-जुलता था, और आतंकवादियों के समर्थकों ने मंगलवार की सुबह इसे बड़े पैमाने पर साझा किया। इस दावे में अफगानिस्तान में चीनी नागरिकों के खिलाफ एक और धमकी शामिल थी, जिसमें हमले को चीन द्वारा उइगुर मुसलमानों के साथ किए जा रहे व्यवहार से जोड़ा गया था। 2021 में तालिबान के आक्रमण के बाद, जिसमें उन्होंने काबुल पर कब्जा कर लिया था।

---

## 154 देशों का किया जाएगा आकलन

# 'रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स' लॉन्च, जिम्मेदारी नैतिक शासन, नागरिक भलाई से होगा मूल्यांकन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत में पहली बार एक ऐसा वैश्विक स्तर का इंडेक्स लॉन्च किया गया है, जो किसी देश की प्रगति को केवल जीडीपी या आर्थिक आंकड़ों के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी जवाबदेही, नैतिक शासन, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और नागरिकों की भलाई के आधार पर मापेगा। इसका नाम 'जिम्मेदार राष्ट्र सूचकांक (रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स-आरएनआई)' है, जिसे देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। इस इंडेक्स के लिए आईआईएम मुंबई, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) और डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (डीएआईसी) ने वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन (डब्ल्यूआईएफ) के साथ मिलकर काम करने की घोषणा की है।



लॉन्चिंग के दौरान पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

### पारदर्शी ढंग से होगा आंकलन

रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स में दुनिया के 154 देशों का आकलन किया जाएगा। यह आकलन पारंपरिक आर्थिक आंकड़ों से अलग और ज्यादा पारदर्शी तरीके से किया जाएगा, जिससे बेहतर नीतियां बनाने, देशों के बीच सकारात्मक बातचीत और लोगों की जीवन गुणवत्ता सुधारने में मदद मिल सके। यह इंडेक्स यह समझने का जरिया है कि कोई देश अपने नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार कर रहा है।

---

## समुद्री निर्यात को मिलेगी रफ्तार

# 6 महाद्वीपों के 83 देशों के साथ भारत आज करने जा रहा राउंडटेबल बैठक


समुद्री मछली को पकड़े हुए मछुआरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मत्स्य विभाग 21 जनवरी को देश के समुद्री निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राउंडटेबल बैठक का आयोजन करेगा। इस बैठक में 83 से अधिक देशों के राजदूत और उच्चायुक्त भाग लेंगे। इस राउंडटेबल बैठक की अध्यक्षता मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और एस.पी. सिंह बघेल भी मौजूद रहेंगे।

भारत मछली और मत्स्य उत्पादों के निर्यात में दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश है। वर्ष 2024-25 में समुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात 16.98 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जिसका मूल्य 62,408 करोड़ रुपए (7.45 अरब डॉलर) रहा। यह भारत के कुल कृषि निर्यात में लगभग 18% का योगदान करता है।

---

## आईएनएस सुदर्शिनी लोकायन 26 के लिए रवाना



**कोच्चि।** फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी नौसेना कमान वाइस एडमिरल समीर सक्सेना ने 20 जनवरी, 2026 को कोच्चि के नौसैनिक बेस से आईएनएस सुदर्शिनी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक लंबी दूरी की नौकायन यात्रा – लोकायन 26 की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिण ने लोकायन 26 पट्टिका का अनावरण किया। दस महीने की इस तैनाती के दौरान, आईएनएस सुदर्शिनी लगभग 22,000 नॉटिकल मील की यात्रा करेगा, और 13 देशों के 18 बंदरगाहों का दौरा करेगा।

---

### मशहूर डिजाइनर वैलेंटिनो गारवानी का निधन

**रोम।** मशहूर इतालवी डिजाइनर वैलेंटिनो गारवानी का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने रोम स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली।



उनके निधन की दुखद खबर उनके फाउंडेशन ने दी। फाउंडेशन ने कहा कि उनका पार्थिव शरीर बुधवार और गुरुवार को रोम स्थित संस्था के मुख्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। अंतिम संस्कार शुक्रवार को रोम के पियाजा डेला रिपब्लिका में स्थित बेसिलिका सांता मारिया डेगली एंजेली ई डेई मार्टिरी में होगा।

---

## एस4 कैपिटल के ईसी और डब्ल्यूपीपी के फाउंडर मार्टिन सोरेल बोले

# 'इंडिया इज ऑन फायर', भारत की आर्थिक गति बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े विज्ञापन और मार्केटिंग समूह डब्ल्यूपीपी के संस्थापक और एस4 कैपिटल के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन दिग्गज ब्रिटिश व्यवसायी सर मार्टिन सोरेल का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि दावोस तेजी से अमेरिका की तरफ झुक रहा है, भारत एक ऐसे फोरम में सबसे बड़े रणनीतिक विजेता के तौर पर उभर रहा है, जिसे अब अमेरिकी दखल ने आकार दिया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल कंपनियां भारत की तरफ अपना रुख कर रही हैं। टैरिफ के साये के बावजूद, सोरेल ने कहा कि भारत की आर्थिक गति बरकरार है।


सर मार्टिन सोरेल

### पीएम मोदी ने 'ब्रांड इंडिया' की अच्छी इमेज बनाई, ग्लोबल कंपनियों के लिए भारत अच्छा ऑप्शन

### भारत इस साल और अगले साल भी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

*सर मार्टिन सोरेल ने वर्ल्ड बैंक के अनुमानों का हवाला दिया, जिसमें भारत को न सिर्फ पिछले साल, बल्कि इस साल और अगले साल भी सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था करार दिया गया है। उन्होंने कहा कि सात, छह और शायद उन्हें यह संख्या और बढ़ानी पड़े। भारत आग लगा रहा है। सोरेल ने कहा कि ग्लोबल कैपिटल के लिए एशिया में भारत चीन का सबसे भरोसेमंद आप्शन बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर आपका चीन में बड़ा निवेश है और आप चीन पर ज्यादा निर्भर होने को लेकर चिंतित हैं, तो भारत अगला सबसे अच्छा आप्शन है, भले ही टैरिफ का दबाव और भू-राजनीतिक मजबूरियां बढ़ रही हों।*

### दावोस में भारत का आत्मविश्वास दिख रहा, उसकी मौजूदगी बढ़ रही

सोरेल ने कहा कि दावोस में भी भारत का बढ़ता आत्मविश्वास दिख रहा है। भारतीय एंटरप्रेन्योर इस फोरम में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। दावोस में उनकी मौजूदगी हमेशा से बड़ी रही है, लेकिन अब यह और भी बड़ी हो गई है। सोरेल ने भारत की ग्लोबल इमेज को बेहतर बनाने का श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी को दिया है। उन्होंने कहा कि भारत बहुत मजबूत स्थिति में है। पीएम मोदी ने ब्रांड इंडिया के लिए बहुत अच्छा काम किया है, खासकर देश को प्रतिस्पर्धी पावर सेंटर्स के बीच संतुलन बनाने के लिए तैयार किया है।

---

## स्पेन के विदेश मंत्री दो दिवसीय भारत दौरे पर

# आज राष्ट्रपति मुर्मू और जयशंकर से करेंगे भेंट, कई मुद्दों पर करेंगे चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस मंगलवार को भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। वे बुधवार को हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर से मिलेंगे। इसके बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। पिछले साल, 13 नवंबर को, भारत और स्पेन ने विदेश कार्यालय परामर्श का 8वां दौर आयोजित किया था, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की गई थी। बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय (एमईए) में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और स्पेन के विदेश और वैश्विक मामलों के राज्य सचिव डिएगो मार्टिनेज बेलियो ने की थी। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया था।


जोस अल्बेरस

संस्कृति, पर्यटन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्ष के संदर्भ में बातचीत हुई। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई सहित आपसी चिंता के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।



# श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।

लाइफ Style

# समीरा

## संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'द राजा साब' और 'धुरंधर' में नजर आए हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर 2' और 'राजा शिवाजी' का हिस्सा होंगे।



हॉलीवुड मसाला




# पीचनो संग नजर आए नूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के 85 साल के दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी 53 साल छोटी एक्स-गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह फिर से साथ आ गए हैं? यह सवाल इसलिए कि लॉस एंजिल्स में दोनों को एकसाथ डिनर पर देखा गया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन, फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।



# मुंबई में परफॉर्म करेंगे लिंकिन समेत 40 आर्टिस्ट

**मुंबई।** लोलापालूजा इंडिया 2026 में 24 से 25 जनवरी को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में वापसी कर रहा है। जिसमें चार स्टेजों पर 40 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अब तक की सबसे बड़ी परफॉर्मेंस होगी। लोलापालूजा इंडिया 2026 मुंबई में फिर से आ रहा है, जिसमें लिंकिन पार्क, प्लेबॉय कार्टि और 40 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। यह संगीत महोत्सव अपने चौथे साल में महालक्ष्मी रेसकोर्स पर होगा। मुंबई दो दिनों के लिए दुनिया भर के संगीत का केंद्र बन जाएगा। कार्यक्रम 24 जनवरी (शनिवार) और 25 जनवरी (रविवार) को होगा। चार मंचों पर 40 से ज्यादा विदेशी और भारतीय कलाकार 20 घंटे से अधिक लाइव संगीत देंगे। इस साल की सबसे बड़ी बात है रॉक बैंड लिंकिन पार्क का भारत में पहली बार आना। वे दूसरे दिन मुख्य शो करेंगे। यह उनका भारत में पहला प्रदर्शन होगा।




# कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज


**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था।



# फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 47 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। दर्शकों से लेकर कई सेलेब्स तक ने 'धुरंधर'की जमकर तारीफ की है। हालांकि, फिल्म की पॉलिटिक्स को लेकर एक बहस चलती रही। अब निर्देशक करण जौहर ने फिल्म की जमकर तारीफ करने के बाद, फिल्म की पॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी है। करण ने ये माना कि फिल्म को लेकर जनता की राय बंटी हुई है और दर्शकों का एक वर्ग इसके राजनीतिक रुख से सहमत नहीं है। हालांकि, निर्माता ने माना कि उन्हें फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। सच कहूं तो मुझे फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। करण ने कहा कि सिनेमा के छात्र के रूप में उन्हें रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बहुत पसंद आई थी।

टीवी मसाला



# दिव्या गणेश ने जीती 'बिग बॉस तमिल सीजन-9' की ट्रॉफी

**मुंबई।** कई दिनों तक टीवी और सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को लेकर चले हाई-वोल्टेज ड्रामा, टॉफ टास्क और इमोशनल मूमेंट के बाद, विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए गए इस 9वें सीजन का ऑफिशियल एंड हो चुका है। इस सीजन की विनर एक्ट्रेस दिव्या गणेश रहीं। ये एक ऐसा सीजन था, जिसने दर्शकों को तीन महीने से अधिक समय तक शो से बांधे रखा। बीते साल 5 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस 9वें सीजन में 20 कंटेस्टेंट ने पार्टिसिपेट किया, जिनमें से चार और कंटेस्टेंट बाद में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप घर में आए थे। इस सीजन में जैसे-जैसे हफ्ते बितते गए, वैसे-वैसे ग्रुप बदलते गए और ये गेम और भी ज्यादा इंटेंस होता चला गया। वहीं, सीजन के अंत में इस गेम में मात्र चार फाइनलिस्ट को चुना गया, जिसमें दिव्या गणेश, सबरीनाथन, विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर का नाम था। बिग बॉस तमिल सीजन 9' के सभी कंटेस्टेंट को पछाड़कर ग्रैंड फिनाले में एक्ट्रेस दिव्या गणेश ने ट्रॉफी को अपने हाथों से लिफ्ट किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ इस सीजन की विनिंग मनी 50 लाख रुपए को भी अपने नाम किया। विनिंग मनी के साथ उन्हें एक बिल्कुल नई मारुति सुजुकी विक्टोरिया कार गिफ्ट की गई। वहीं, सबरीनाथन 9वें सीजन के रनर अप रहीं, जबकि विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर दूसरे और तीसरे नंबर पर रनरअप रहे।'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को एक्टर विजय सेतुपति ने दूसरी बार होस्ट किया, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन को भी शानदार तरीके से शुरू किया था। उनसे पहले, 2017 में शुरू हुए इस शो को सुपरस्टार कमल हासन द्वारा 7 सीजन होस्ट किए गए।

## नागिन और तुलसी में जबरदस्त टक्कर

**नई दिल्ली।** पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा। इसकी टीआरपी 2.3 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में तुलसी के कैरेक्टर की विरानी परिवार में वापसी हुई। सीरियल 'नागिन 7' इन दिनों दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल ने पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। कुछ हफ्तों में ही इस सीरियल ने अपने लिए टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। इस साल के पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' सीरियल तीसरे नंबर पर रहा। इस बार इसे 2.1 की रेटिंग मिली है। यह 'नागिन 7' से पीछे रहा। जबकि पिछले साल की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा'सीरियल ने हमेशा ही पहले और दूसरे नंबर पर अपने लिए जगह बनाई थी।



# धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधर: द रिवेंज'

**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकरों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।

# रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली, फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है। अस्सी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया कि 20 फरवरी को थिएटर्स में क्या देखने को मिलेगा। पोस्ट शेयर करने वालों ने लिखा है कि इससे जुड़ी और डिटेल्स बाद में शेयर की जाएगी। 20 फरवरी को सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने एक शहर में रिलीज हो रही है। वहीं 13 फरवरी को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो रिलीज हो रही है।




## 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन को मिली गुमनाम मौत

# अमिताभ संग बनी हिट जोड़ी, 2 फिल्मों में बयां हुई प्यार की कहानी

*नई दिल्ली। सिर्फ 18 साल का फिल्मी कॅरियर और 70 फिल्में करके भी परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल किया। फिर अचानक वह बॉलीवुड से गायब हो गईं। एक दिन इस चर्चित एक्ट्रेस की मौत की खबर ने फैंस और बॉलीवुड को हिलाकर रख दिया। दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली।*

### नवाब परिवार से था ताल्लुक

परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुई। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई।

### बिग बी संग की कई हिट फिल्में

1973 में फिल्म 'चरित्र'से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।



### लव लाइफ को लेकर भी रही खूब चर्चा

परवीन बॉबी बडे पर्दे पर बोल्ड रोल करने के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने एक बोल्ड एक्ट्रेस की इमेज से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपनी लव लाइफ को भी एक्ट्रेस ने कभी छुपाया नहीं। पहले वह एक्टर डैनी डेन्जोंगपा के साथ रिलेशनशिप में रहीं। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ तो वह कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। आगे चलकर इनकी राहें भी जुदा हो गईं। फिर महेश भट्ट और परवीन बॉबी का अफेयर भी कुछ वक्त तक रहा। इस रिश्ते के दौरान ही महेश भट्ट को पता चला कि परवीन बॉबी सिजोफ्रेनिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो चुकी हैं। महेश भट्ट ने मेडिकल हेल्प के जरिए परवीन बॉबी की मदद करने की कोशिश की। लेकिन, इस बीमारी ने परवीन बॉबी का जीवन मुश्किल कर दिया। वह उन चीजों को देखतीं या महसूस करती थीं, जो सच में नहीं होती थीं। उन्हें लगता था कि हर कोई उन्हें मारना चाहता है।

### जिंदगी पर बनीं ये दो फिल्में

परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर ही अभिनय नहीं किया, उनकी जिंदगी के एक अहम पहलू पर फिल्में तक बनीं। डायरेक्टर महेश भट्ट ने 1982 में फिल्म 'अर्थ'लिखी और डायरेक्ट की। यह फिल्म कथित तौर पर परवीन बॉबी के साथ उनके रिश्ते पर एक सेमी-ऑटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। अर्थ में स्मिता पाटिल का किरदार कविता, परवीन बॉबी से इंस्पायर था। इसके अलावा महेश भट्ट बैनर तले एक फिल्म 'वो लम्हें' बनीं, इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया था, यह फिल्म भी परवीन बॉबी के आखिरी वर्षों की जिंदगी से इंस्पायर बताई जाती है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### क्या था मौत का कारण?

परवीन बॉबी अकेली रहा करती थीं, उम्र भी 50 साल हो चुकी थीं, बॉलीवुड की लाइमलाइट से वह दूर थीं। इसी बीच 22 जनवरी 2005 वह अपने घर में मृत मिलीं। जांच के बाद पता चला कि उनकी मौत 20 जनवरी 2005 को हुई थी। ऑटोप्सी में सामने आया था कि मौत से पहले कई दिनों उन्होंने कुछ नहीं खाया था, साथ ही उन्हें डायबिटिज की भी समस्या थी। पुलिस ने परवीन बॉबी की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या शक से इंकार किया। ऑटोप्सी रिपोर्ट्स में उनकी मौत का कारण ऑर्गन फेलियर ही बताया गया।

# वनडे की हार का बदला लेने उतरेगा भारत, सूर्यकुमार के प्रदर्शन पर फोकस

## नागपुर में आज शाम 7 बजे से भारत और न्यूजीलैंड के बीच भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नागपुर

पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार 21 जनवरी से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से फॉर्म में वापसी करने के लिए बेताब होंगे, जिसमें भारत की नजर वनडे श्रृंखला में मिली हार का बदला चुकता करके अगले महीने घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने पर होगी।

सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी, जिसके बाद भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसकी जीत का प्रतिशत 72 प्रतिशत से अधिक रहा है। इससे कप्तान के बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन पर ज्यादा गौर नहीं किया गया लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले दो वर्षों में भारतीय टी20 टीम स्वचालित मोड पर रही है, जिसमें उसे इक्का-दुक्का हार का ही सामना करना पड़ा।

### भारत ने जीते 25 में से 18 मैच

लेकिन जब टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की बात आती है तो सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत एक अलग ही टीम साबित हुई है, जिसने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। इसका श्रेय काफी हद तक अभिषेक शर्मा की तूफानी शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी को जाता है। न्यूजीलैंड ने 2024 टी20 विश्व कप के बाद खेले गए 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 13 में जीत हासिल की है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे, कप्तान मिचेल सैंटनर, तेज गेंदबाज जैकब डफी, बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की मौजूदगी में न्यूजीलैंड मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम साबित हो सकती है।



### सूर्यकुमार ने 19 मैचों में बनाए केवल 218 रन

इस पृष्ठभूमि में केवल सूर्यकुमार ही ऐसे हैं, जिनकी खराब फॉर्म मजबूत टीम की कमजोर कड़ी साबित हुआ है। उन्होंने पिछले 19 मैचों में एक भी अर्धशतक लगाए बिना केवल 218 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123 से अधिक रहा है। तिलक वर्मा को खेलने का अधिक समय देने के लिए उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में खुद को तीसरे नंबर के बजाय चौथे नंबर पर खिसका दिया। सूर्यकुमार अच्छी तरह से जानते हैं कि उनके खराब प्रदर्शन का ड्रेसिंग रूम में असर पड़ सकता है और उन्हें अब हर हाल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### तिलक की जगह श्रेयस को मौका

किसी भी अन्य टीम में श्रेयस अय्यर जैसे काबिल खिलाड़ी को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में स्वतः ही जगह मिल जाती, क्योंकि उन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी को आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया है और एक बार जीत हासिल की है। भारतीय टीम में स्पिनरों के खिलाफ खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक अय्यर को तिलक वर्मा के चोटिल होने के कारण टीम में जगह मिली है।

### टी20 श्रृंखला में पंड्या-बुमराह की वापसी

टी20 श्रृंखला में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी वापसी होगी, जिन्हें वनडे श्रृंखला में विश्राम दिया गया था। पंड्या अपने कौशल से टी20 टीम में संतुलन लाते हैं और उनकी मौजूदगी का मतलब है कि टीम प्रबंधन एक अतिरिक्त विशेषज्ञ खिलाड़ी को खिलाने का जोखिम उठा सकता है। वरुण चक्रवर्ती टीम के तुरुप का इक्का होंगे, जिनके खिलाफ न्यूजीलैंड ने ज्यादा मैच नहीं खेले हैं।

### टीमें इस प्रकार

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी, क्रिस्टियन क्लार्क।

## खबर संक्षेप




### तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे प्रज्ञानानंदा

**स्टावेंजर।** भारतीय स्टार आर प्रज्ञानानंदा ने पुष्टि की कि वह तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे। नयी पीढ़ी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में शामिल प्रज्ञानानंदा ने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है । उन्होंने कहा,' नॉर्वे शतरंज में वापसी को बेकरार हूं। मुझे 2024 में वहां खेलने में काफी मजा आया। बेहद रोमांचक प्रारुप।' नॉर्वे शतरंज के सीओओ बेनेडिक्टे रेस्ट्रे एस ने कहा,' प्रज्ञानानंदा ने 2024 में यहां शानदार प्रदर्शन किया। उनका फिर स्वागत करना बेहतरीन होगा।' प्रज्ञानानंदा ने सबसे पहले 2022 में नॉर्वे शतरंज में भाग लेकर टूर्नामेंट जीता था। इसके बाद 2024 में मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल प्रारुप में पहली बार हराया। इसी साल वह शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

### बीसीसीआई ने किया आईपीएल के लिए जेमिनी से करार

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले गूगल के एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी के साथ 270 करोड़ रुपए का प्रायोजन करार किया है। जेमिनी की प्रतिद्वंद्वी कंपनी चैट




जीपीटी महिला प्रीमियर लीग के प्रायोजकों में से एक है। बीसीसीआई के अधिकारी ने बताया,'यह करार तीन साल के लिए है और आईपीएल की वैश्विक अपील की बानगी देता है।' बीसीसीआई को पिछले साल जर्सी के लिए नया प्रायोजक तलाशना पड़ा जब भारत सरकार ने ड्रीम 11 जैसे वास्तविक धन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया। बाद में अपोलो टायर 579 करोड़ रुपए के करार के बाद जर्सी का नया प्रायोजक बना।

### यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया




**नोएडा।** यूपी डोमिनेटर्स ने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के एक मुकाबले में शानदार वापसी का बेहतरीन नजारा पेश करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हरा दिया। पुरुषों के 86 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के वफाइपुर हादी बख्तियार ने मिखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। इसके बाद महिलाओं के 76 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली की अनास्तासिया अल्पीवा ने ओजो डामोला हन्ना पर 11-2 से जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के 74 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में भी दिल्ली का पलड़ा भारी रहा। अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने अभिमन्यु मांडवाल को 3-0 से हराकर दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिला दी। यूपी को आखिरकार तपस्या गहलावत ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में कार्ला गोंजालेज पर 8-2 से हराकर वापसी दिलाई।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: सिनर ने एरिना को हराया, खिताबी हैट्रिक के लिए अभियान की शुरुआत

# सिनर और कीज ने दिखाई चैंपियन वाली झलक, दूसरे राउंड में शानदार एंट्री


एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और मैडिसन कीज ने अपने खिताब बचाने के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। सिनर ने रॉड लेवर एरिना पर सिर्फ तीन गेम गंवाए और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय बिताकर खिताबी हैट्रिक पूरा करने के अपने अभियान की शुरुआत की। विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर जब 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, तभी ह्यूगो गैस्टन ने अचानक एक अज्ञात चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। सिनर ने कहा, 'मैंने देखा कि वह दूसरे सेट में बहुत तेज गति से सर्व नहीं कर रहा था लेकिन मैं इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहता था।' सिनर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार तीन बार चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।



### कीज ने ओलेक्सांद्रा को हराया

नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा को 7-6 (6), 6-1 से हराया। अपने 50वें ग्रैंड स्लैम मैच में खेल रही कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला टाईब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही ओलिन्यकोवा ने टाईब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट प्वाइंट के मौकों को भुनाने में असफल रही। कीज ने कहा, 'मैच की शुरुआत में थोड़ी नर्वस हो गई थी। मैं जितनी नर्वस थी उसे देखते हुए वापसी करना और जीत हासिल करना शानदार रहा।' कीज ने ओलिन्यकोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया।




### दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हारी

इस बीच महिला वर्ग में सुबह के सत्र में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टजेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 (1) से और चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट को 6-4, 6-4 से हराया। पूर्व अमेरकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस भी पहले दौर में कैरोलिना प्लिस्कोवा से 7-6 (7), 6-2 से हार गई। वर्ष 2017 में अमेरिकी ओपन जीतने वाली स्टीफंस ने इस साल क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी।


### शेल्टन ने किया दूसरे दौर में प्रवेश

बाएं हाथ से खेलने वाले खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के यूगो हंबर्ट को 6-3, 7-6 (2), 7-6 (5) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन पिछले साल में टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन के चौथे सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंच



गए। बेल्जियम के खिलाड़ी ने कथित तौर पर ऐंठन और चक्कर आने के कारण मैच बीच में ही छोड़ दिया। उस समय मुसेट्टी 4-6, 7-6 (3), 7-5, 3-2 से आगे चल रहे थे। आगे बढ़ने वाले अन्य खिलाड़ियों में एलियट स्पिजिरी भी शामिल हैं, जिन्होंने 19 वर्षीय ब्राजीलियाई खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका को 6-4, 2-6, 6-1, 6-2 से हराया। करेन खाचानोव और सेबेस्टियन बाएज भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं।

## अच्छी चुनौती के बाद हारी पूनाचा-इसारो की जोड़ी, टूर्नामेंट से बाहर



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार प्रुच्य इसारो ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर में बाहर हो गए। पूनाचा और इसारो की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी ने पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार की स्पेनिश जोड़ी के सामने अच्छी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे और 51 मिनट में 6-7(3) 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों जोड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था, लेकिन पूनाचा और इसारो तीन में से केवल एक ब्रेक प्वाइंट के मौके को ही भुना पाए और मैच में दो बार अपनी सर्विस गंवा बैठे। युगल स्पर्धा में भारत की उम्मीदें अभी भी बरकरार हैं। युकी भांबरी स्वीडन के अपने साथी आंद्रे गोरान्सन के साथ चुनौती पेश करेंगे। उन्हें 10वीं वरीयता दी गई है और उनका पहला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले स्थानीय खिलाड़ियों जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट (पूर्व विश्व नंबर एक लेटन हेविट के बेटे) से होगा। सुमित नागल की रैंकिंग में 2025 के सत्र में काफी गिरावट के कारण पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं है।

## सानिया ने किया महिला खिलाड़ियों के लिए 'द नेक्स्ट सेट' लॉन्च

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सानिया मिर्जा ने 'द नेक्स्ट सेट' नामक एक पहल की घोषणा की, जिसका उद्देश्य टेनिस सहित भारत की अग्रणी और उभरती महिला खिलाड़ियों को सलाह और समर्थन देना है। सानिया ने खेल जगत को वापस कुछ देने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है, जिसमें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत मुख्य रूप से एक समर्पित सहायता प्रणाली तक सहजता से पहुंच बनाना होगा, जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट आदि शामिल होंगे, जो पूरे सत्र में खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट में यात्रा कर सकते हैं ताकि पूरे सत्र में निरंतर तैयारी और समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम के तहत सानिया की अकादमी में उनके नेतृत्व में विशेष टेनिस शिविर और कोचिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में प्रदर्शन के तकनीकी, रणनीतिक, शारीरिक और मानसिक पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा। सानिया ने कहा, 'द नेक्स्ट सेट' मेरे लिए बेहद व्यक्तिगत है।



### ब्रैसवेल की चोट बढ़ाएगी कीवी टीम की टेंशन, क्लार्क रहेंगे स्क्वॉड का हिस्सा

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल का भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में खेलना इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बाएं पैर की पिंडली में लगी मामूली चोट से उबर पाते हैं या नहीं। न्यूजीलैंड ने होल्कर स्टेडियम में भारत को 41 रन से हराकर वनडे श्रृंखला 2-1 से जीती थी लेकिन फील्डिंग के दौरान पिंडली में हल्की चोट लगने के कारण ब्रैसवेल गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, 'माइकल टीम के साथ नागपुर गए हैं लेकिन टी20 श्रृंखला से पहले कम समय बचा है, इसलिए हमें उनकी फिटनेस पर जल्द ही गौर करना होगा।' वाल्टर ने यह भी पुष्टि की कि तेज गेंदबाज क्रिस्टियन क्लार्क टीम के साथ बने रहेंगे। उन्होंने कहा, 'हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस श्रृंखला के पहले तीन मैचों के लिए हमारे पास पर्याप्त तेज गेंदबाजी विकल्प हों और क्रिस्टियन के लिए भारत के अपने पहले दौरे पर टीम के साथ थोड़ा और समय बिताने का यह एक शानदार अवसर है। वाल्टर ने कहा, 'ब्रैसवेल का उपचार जारी रहेगा और उनकी फिटनेस पर निगाह रखी जाएगी।

## डब्ल्यूपीएल में वैष्णवी की सरप्राइज एंट्री, डेब्यू मैच में मचाई थी सनसनी

### चोटिल कमलिनी की जगह मुंबई की टीम में मिला मौका



एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय स्पिनर वैष्णवी शर्मा को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शेष मैचों के लिए चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी की जगह मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल किया गया। सत्रह वर्षीय कमलिनी ने डब्ल्यूपीएल के इस सत्र में पांच मैचों में से चार में पारी की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने 97.40 के स्ट्राइक रेट से केवल 75 रन बनाए। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपए में मुंबई इंडियंस में शामिल होंगी।' वैष्णवी 2025 में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थीं। उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से अच्छा प्रभाव डाला और पांच विकेट लिए।

## अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराया जादरान-रसूली की रिकॉर्ड साझेदारी

**दुबई।** इब्राहिम जादरान और दरवेश रसूली के बीच तीसरे विकेट की रिकॉर्ड साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने तीन मैच की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 38 रन से हराया। जादरान ने 56 गेंदों पर नाबाद 87 रन और रसूली ने 59 गेंदों पर 84 रन बनाए। इन दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की तरफ से तीसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी है। इससे अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में वेस्टइंडीज नौ विकेट पर 143 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से क्विंटिन सैम्पसन (30) और गुडाकेश मोती (28) ने कुछ योगदान दिया लेकिन यह लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। अफगानिस्तान की तरफ से कप्तान राशिद खान ने 19 रन देकर दो और मुजीब उर रहमान 29 रन देकर दो विकेट लिए। यह श्रृंखला अगले महीने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है, जिसके लिए वेस्टइंडीज ने अभी तक अपनी टीम को अंतिम रूप नहीं दिया है।



## जोबर्ग सुपर किंग्स की पार्ल रॉयल्स पर आसान जीत, प्लेऑफ में एंट्री



**पार्ल।** ल्यूस डु प्लोय के तूफानी अर्धशतक और प्रेनेलन सुब्रायन के तीन विकेट की बदौलत जोबर्ग सुपर किंग्स ने पार्ल रॉयल्स पर 44 रन की आसान जीत के साथ एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बना ली। डु प्लोय ने 27 गेंदों में 54 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी से सुपर किंग्स ने पांच विकेट पर 166 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में रॉयल्स की टीम दबाव में बिखर गई तथा लहुआंड्रे प्रिटोरियस के 25 गेंदों में 32 रन और डैन लॉरेंस के 45 रन के बावजूद 18.1 ओवरों में मात्र 122 रन पर ऑल आउट हो गई। सुपर किंग्स की तरफ से दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर सुब्रायन ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि नंद्रे बर्गर (29 रन देकर दो) और इमरान ताहिर (17 रन देकर दो) ने उनका अच्छा साथ दिया। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने ग्रुप चरण के बाद 28 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया और उसकी टीम बुधवार को पहले क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर काबिज प्रिटोरिया कैपिटल्स (24 अंक) से भिड़ेगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली रॉयल्स की टीम गुरुवार को सेंचुरियन में होने वाले एलिमिनेटर में फिर से सुपर किंग्स से भिड़ेगी।




# खिलाड़ियों की सुविधाएं सर्वोच्च प्राथमिकता, हर स्तर पर सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं रखें

## खिलाड़ियों का पंजीयन डैशबोर्ड आधारित डिजिटल प्रणाली के माध्यम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को तात्या टोपे स्टेडियम स्थित मेजर ध्यानचंद हॉल में खेलो एमपी यूथ गेम्स की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

बैठक में अवगत कराया गया कि ब्लॉक एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रदेशभर में सफलतापूर्वक एवं सुचारू रूप से संपन्न हो चुकी हैं। अधिकारियों ने बताया कि खिलाड़ियों का पंजीयन डैशबोर्ड आधारित डिजिटल प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। बैठक में संचालक राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**मंत्री सारंग ने की खेलो एमपी यूथ गेम्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की समीक्षा**



टीटी नगर स्टेडियम के मे. ध्यानचंद हॉल में खेलो एमपी यूथ गेम्स के शुभारंभ कार्यक्रम की खेल विभाग के अफसरों के साथ तैयारियों की समीक्षा करते मंत्री सारंग।

### आवागमन, आवास, भोजन की हो समुचित व्यवस्था

मंत्री सारंग ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि खिलाड़ियों के आवागमन, आवास, भोजन एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रतियोगिता स्थलों तक खिलाड़ियों की सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध पहुँच सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यह सुनिश्चित करें कि खिलाड़ी पूरी तरह निश्चिंत और उत्साहपूर्ण वातावरण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

### जिला खेल अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय

मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि जिला खेल अधिकारियों के साथ निरंतर एवं प्रभावी समन्वय बनाए रखा जाए, ताकि जमीनी स्तर पर सभी व्यवस्थाएँ समय पर, सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि सूचना का आदान–प्रदान स्पष्ट, त्वरित और समन्वित होना चाहिए, जिससे किसी भी स्तर पर व्यवस्थागत कमी न रहे।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा

*बैठक में भोपाल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के शुभारंभ कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि शुभारंभ कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, अनुशासित और गरिमामय हों। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अतिथियों एवं दर्शकों के लिए स्पष्ट मार्गदर्शन, सुरक्षा एवं सुविधा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही कार्यक्रम का व्यापक एवं प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि समारोह की हर व्यवस्था उच्च स्तर की होनी चाहिए।*

## ब्लॉक स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में शतरंज और रस्साकशी का आयोजन

# शतरंज में दिशांत और कनिष्का ने जीती बाजी

### रस्साकशी में फंदा की टीम ने जीता मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संचालनालय, खेल और युवा कल्याण विभाग, म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार खेलो एमपी यूथ गेम्स, 2025 के अंतर्गत खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपने कौशल का भरपूर प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को जिला स्तरीय शतरंज खेल का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम एवं रस्साकशी खेल का आयोजन अंकुर खेल मैदान में किया गया।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में शतरंज खेलते प्रतिभागी बच्चे।



इन खिलाड़ियों ने जीता मुकाबला।

जिला स्तरीय शतरंज एवं रस्साकशी खेल में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसके तहत शतरंज बालक वर्ग में प्रथम स्थान दिशांत पाटक ने पाया। वहीं आयांश सिंह राठौर ने द्वितीय और दीपतांश कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं रस्साकशी में फल्दा, भोपाल की टीम ने मुकाबला जीता। इधर, बालिका वर्ग के शतरंज में प्रथम स्थान कनिष्का चौधरी ने, दूसरा स्थान अनायरा राठौर और तीसरा स्थान पीहू जैन ने प्राप्त किया। वहीं रस्स्साकशी में फंदा भोपाल की टीम ने मुकाबला जीत लिया।



अंकुर खेल मैदान में रस्साकशी का आयोजन किया गया।

## एमपीसीए की एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी के मुकाबले कल से

# सीनियर बॉयज बीडीसीए क्रिकेट की टीम घोषित प्रारब्ध होंगे कप्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी मल्टी डे (चार दिवसीय )मैच के लिए भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शांति कुमार जैन ने पहले मैच के लिए सीनियर बॉयज टीम की घोषणा की। टीम का पहला मैच 22 से 25 जनवरी को उज्जैन में उज्जैन के विरुद्ध होगा।

टीम का कप्तान - प्रारब्ध मिश्रा और उप कप्तान- पृथ्वीराज सिंह तोमर को बनाया गया है। वहीं टीम के कोच भुवन शुक्ला होंगे और मैनेजर कुलदीप सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम इस प्रकार हैः प्रारब्ध मिश्रा (कप्तान), पृथ्वीराज सिंह तोमर (उपकप्तान), विकास शर्मा (विकेटकीपर), गौरांग जाधवानी (विकेट कीपर), अरहम अकील, कनिष्क दुबे, अभिराज खरे, राहुल बाथम, तनिष्क यादव, सार्थक सोनी, पवन निर्वानी,ऋतिक टाडा, प्रखर शर्मा,अंकित दांगी, प्रंकेश राय । भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने खिलाड़ियों को किट वितरित करते हुए टीम को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बीडीसीए के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।



Prarabdha V Mishra

# इंदौर डिवीज़न ने ली भोपाल पर 86 रन की बढ़त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर - 18 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मल्टी डे जबलपुर के ए म पी सी ए क्रिकेट मैदान पर (चार दिवसीय) इंदौर डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य मैच खेले जा रहे हैं। मैच के दूसरे दिन इंदौर डिवीजन ने सोमवार के स्कोर 4/70 रन से आगे खेलते हुए 116.4 ओवर में 248 रन बनाए, जिसमें सार्थक वर्मा 128 रन पर नाबाद रहे और सुदीप वर्मा ने 47 रन बनाए । भोपाल डिवीजन से रुद्र प्रताप सिंह तोमर और दिव्यांश बंडोलिया ने 4-4 विकेट लिए । इस तरह इंदौर ने 86 रनों की बढ़त प्राप्त की। भोपाल डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी की शुरुआत करते हुए दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 3 ओवर में 1 विकेट पर 5 रन बना लिए हैं। कल तीसरे दिन का मैच खेला जाएगा।

**हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर - 18 बॉयज इंटर डिवीज़नल मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट**

# टीटी नगर स्टेडियम निर्माण के लिए पेड़ों की अवैध कटाई पर एनजीटी बेंच ने मांगा जवाब




**भोपाल।** राजधानी स्थित टीटी नगर स्टेडियम के निमार्ण के समय अवैध रूप से काटे गए 500 से अधिक पेड़ों के मामले पर मंगलवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में सुनवाई हुई। इस मामले में याचिकाकर्ता नितिन सक्सेना की याचिका पर सुनवाई करते हुए बेंच ने सरकार की ओर से प्रस्तुत जबाव पर असंतोष जताया है।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हरप्रीत सिंह गुप्ता ने बताया कि सरकार की ओर से इस मामले में जो जबाव प्रस्तुत किया गया है, उसमें स्पष्ट है पेड़ों की कटाई के लिए संबंधित सक्षम अधिकारी से अनुमति नहीं ली गई है। अब इस मामले में अगली सुनवाई के लिए दो हफ्ते का समय बेंच ने दिया है।

## उज्जवल योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा

# नायशा और 9 साल की नयोनिका का नायाब प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरताज अकादमी द्वारा अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी इंदौर में आयोजित 17वीं योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा में सरताज अकादमी के खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अकादमी की नायशा पुरोहित 15और 17वर्ष बालिका एकल के क्वार्टर फाइनल एवं 15वर्ष बालिका युगल के सेमीफाइनल तक खेली।

वहीं, नन्ही खिलाड़ी नयोनिका नरवले 9 वर्ष बालिका वर्ग में उपविजेता रही। इसके साथ ही अकादमी के शिवांश शर्मा 17 वर्ष बालक एकल और 15 वर्ष बालक युगल के सेमीफाइनल एवं 15वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल तक खेले। वहीं शिवांश सुनेरे 17वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल और 17वर्ष बालक युगल के सेमीफाइनल तक खेले।अथर्व चौधरी 13वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल तक खेले। अकादमी के एमडीऔर प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा ने बताया कि नायशा पुरोहित 15 वर्ष बालिका युगल में महू की जया यादव के साथ पहली बार खेली। जया और नायशा 15वर्ष बालिका युगल के सेमीफाइनल में दूसरे क्रम की अद्वितिया शर्मा और गिरिजा जाधव से तीन गेमों में 11-2,20-22,11-21 से पराजित हुई।

नायशा 15वर्ष बालिका एकल क्वार्टर फाइनल में धार की लविका डोदिया से तीन गेमों में 21-18, 8-21, 12-21 से हारी, नायशा 17 वर्ष बालिका एकल के क्वार्टर फाइनल में उसी के विद्यालय की ओमिशा मेहता से 15-21,11-21 से पराजित हुई, नायशा को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।




विजेताओं के साथ कोच यशलहा।

### 9 वर्ष बालिका के फाइनल में खंडवा की किआरा जीती

9वर्ष (कोपल) बालिका के फाइनल में नयोनिका नरवले , खंडवा की किआरा दासगुप्ता से 16-21,4-21 से पराजित हुई। 13वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में सरताज अकादमी के अथर्व चौधरी, स्पर्धा में उपविजेता रहे अर्णव गौर से हारे। 15वर्ष बालक एकल क्वार्टर फाइनल में शिवांश शर्मा, त्रिशिर पाटीदार से 11-21,23-25 से पराजित हुए, शर्मा 17वर्ष बालक एकल सेमीफाइनल में स्पर्धा उपविजेता रहे आर्जव मरघदे से हारे, शिवांश सुनेरे 17 वर्ष बालक एकल क्वार्टर फाइनल में भव्य चढोकर से 7-21,10-21से पराजित हुए।

## भोपाल

### बिना हेलमेट पहने लोगों पर पुलिस ने एक लाख 35 हजार का जुर्माना वसूला

**भोपाल।** यातायात पुलिस की ओर से चला जा रहे चेकिंग अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस यातायता के चारों जोन क्षेत्र में 21 स्थानों पर एसीपी के पर्यवेक्षण में दो-पहिया वाहन चालक हेलमेट एवं अन्य धाराओं चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान यातायात पुलिस ने कई लोगों को समझाइश देकर छोड़ दिया। तो वहीं गंभीर लापरवाही वाले 188 लोगों के चालान बनाए गए। जिससे 135,100 समन शुल्क जमा कराया गया, इनमें 101 हेलमेट, 20 नम्बर प्लेट एवं 67 अन्य धाराओं में बनाए गए।

**यातायात पुलिस ने 21 जगह 101 वाहन चालक पर बिना हेलमेट पहनने पर कार्रवाई की**

# रिकवरी में अब छठे स्थान पर मप्रः 634 करोड़ रुपए की साइबर ठगी, पुलिस 22% ही करा सकी फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में वर्ष 2025 के दौरान साइबर ठगी के मामलों में राशि फ्रीज टाप फाइव से बाहर है। खासबात यह है कि यह स्थान भी साइबर ठगी की कुल राशि का महज 22 प्रतिशत फ्रीज करवा सकी है।

इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि प्रदेश की पुलिस ठगी की कुल राशि का महज 7.4 प्रतिशत की पीड़ितों को वापस दिलवा सकी। इसके बाद भी राशि रिकवर करवाने में हमारा देश के राज्यों में छठवां स्थान है। प्रदेश में पिछले साल करीब 634 करोड़ रुपए की साइबर ठगी हुई है। यह वह आंकड़ा है जो पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। प्रदेश की साइबर पुलिस इन मामलों में केवल 137 करोड़ रुपए की राशि ही फ्रीज करा सकी, जबकि 47 करोड़ रुपए की राशि पीड़ितों को वापस लौटाई जा सकी है। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच यह आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। वर्ष 2025 में प्रदेश में कुल 4 हजार 800 साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हुई। साइबर अपराधों में अक्सर देखा जाता है कि अपराध दूसरे राज्यों से संचालित किए जाते हैं। इससे जांच में अधिक समय और संसाधन खर्च होते हैं। अधिकारियों के अनुसार, अब राज्यों के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत है, ताकि बिना लंबी यात्राओं के जरूरी जानकारी मिल सके और पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सके।



### क्राइम के बाद गोल्डन ऑवर सबसे अहम

साइबर ठगी के बाद के पहले दो घंटे सबसे महत्वपूर्ण होते हैं. यदि पीड़ित तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करता है, तो राशि को अपराधी के खाते तक पहुंचने से पहले ही फ्रीज किया जा सकता है. अब शुरू हुई ई-जीरो एफआईआर सिस्टम के तहत आईपी लॉग, ट्रांजैक्शन आईडी जैसे डिजिटल सबूत तुरंत और कानूनी रूप से सुरक्षित हो जाते हैं, जिससे राशि की रिकवरी की संभावना बढ़ने की है।

### 4 हजार से ज्यादा केस, 47 करोड़ वापस दिलाए

राज्य साइबर पुलिस के अधिकारियों की मानी जाए तो कई मामलों में पीड़ितों की जीवनभर की जमा पूंजी कुछ ही मिनटों में साफ हो जाती है, क्योंकि वे समय पर न तो पुलिस को सूचना देते हैं और न ही बैंक को। एफआईआर दर्ज न होने के कारण ठगी की राशि की रिकवरी बेहद कम रह जाती है। हालांकि 47 करोड़ की राशि वापस दिलाने के बाद, रिकवरी के मामले में प्रदेश देश में छठे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पहले यह रैंक 22वीं थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930